राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 टीवी सबसे बड़ा स्कूल है, लोग इसे...

योगी सरकार में जल संरक्षण बना ... 12

गाजियाबाद, बुधवार 29 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 142, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12


## न्यूज डायरी

### राष्ट्रमंडल खेल 2026 : प्रधानमंत्री ने कांस्य पदक विजेता बिंद्यारानी देवी सोरोखाइबम को दी बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 की महिलाओं की 58 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय भारोत्तोलक बिंद्यारानी देवी सोरोखाइबम





को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने उनकी उपलब्धि को भारतीय खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि यह सफलता उनके अथक परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिंद्यारानी देवी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की ऐसी उपलब्धियां देश के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सामाजिक माध्यम एक्स पर जारी अपने संदेश में लिखा कि भारोत्तोलन में भारत ने एक और पदक अपने नाम किया है। उन्होंने महिलाओं की 58 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बिंद्यारानी देवी सोरोखाइबम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता कठोर मेहनत और अटूट संकल्प का प्रतिफल है। प्रधानमंत्री ने बिंद्यारानी देवी को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वह आने वाले वर्षों में भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत के लिए और अधिक गौरव अर्जित करेंगी।

### प्रधानमंत्री ने असम के सांसदों के साथ की बाढ़ की स्थिति की समीक्षा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के सांसदों से मुलाकात कर राज्य के विभिन्न हिस्सों में आई बाढ़ की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों तथा प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के उपायों पर चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ समन्वय बनाकर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राहत एवं पुनर्वास



कार्यों में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके। बैठक के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक माध्यम एक्स पर भी अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने लिखा कि उन्होंने असम के सांसदों से राज्य के विभिन्न भागों में वर्तमान बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की है। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने बाढ़ प्रभावित सभी लोगों की सुरक्षा, कुशलता और शीघ्र सामान्य स्थिति बहाल होने की कामना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार इस चुनौतीपूर्ण समय में असम के लोगों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

# बाबा बफानी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के साथ बड़ा हादसा, गांदरबल में मकान पर गिरी बस, 30 श्रद्धालु घायल

**गांदरबल (आरएनएस)।** बाबा बफानी के दर्शन कर खुशी-खुशी घर लौट रहे श्रद्धालुओं की यात्रा मंगलवार को उस समय भयानक हादसे में बदल गई, जब गांदरबल के गुंड इलाके में उनकी बस एक जानलेवा मोड़ पर अनियंत्रित हो गई। 39 यात्रियों से भरी यह बस सड़क से फिसलते हुए सीधे नीचे बने एक मकान पर जा गिरी, जिससे मौके पर भारी चीख-पुकार मच गई। इस दुर्घटना में करीब 30 श्रद्धालु घायल हो गए हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना के बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन को घायलों के बेहतर इलाज के सख्त निर्देश दिए हैं।

**खतरनाक रास्ते पर फिसला पहिया और मच गई चीख-पुकार**

हादसे की मुख्य वजह पहाड़ी रास्ते का खतरनाक होना और बस का बेकाबू होना बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बस जैसे ही गनीवान के पास एक संकरे रास्ते से गुजर रही थी, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क से नीचे फिसलकर सीधे एक रिहायशी मकान पर जा गिरी।



दुर्घटना की तेज आवाज सुनते ही स्थानीय लोग सबसे पहले मदद के लिए दौड़े। इसके तुरंत बाद पुलिस, आईटीबीपी , सीआरपीएफ और भारतीय सेना की संयुक्त टीमों ने तेजी से राहत और बचाव अभियान चलाते हुए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

**उपराज्यपाल ने ली पल-पल की जानकारी, बेहतर इलाज के निर्देश**

अमरनाथ तीर्थयात्रियों के साथ हुए इस दर्दनाक हादसे के बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तुरंत स्थिति का संज्ञान लिया। उन्होंने गांदरबल के डिप्टी कमिश्नर और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से बात करके हालात की पल-पल की जानकारी ली। उपराज्यपाल ने बताया कि बाबा बफानी के दर्शन करके लौट रहे सभी घायलों का एसकेआईएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है।

> ● घटना के बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन को घायलों के बेहतर इलाज के सख्त निर्देश दिए हैं



उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जारी की गई पांच किताबों में से एक स्मारिका पुस्तक उन्हें भेंट की।

# रक्षा मंत्री ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए दो ऐतिहासिक नीतिगत सुधारों की घोषणा की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के अधिकारियों और कर्मियों के हित में दो महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों का अनावरण किया है। इन सुधारों का उद्देश्य अधिकारियों की भर्ती और सेवा शर्तों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करना तथा ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता होने वाले कर्मियों के परिवारों को अनुग्रह राशि एवं अन्य लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाना है।

> **महिला अधिकारियों को मिलेगा समान अवसर, ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता कर्मियों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की प्रक्रिया होगी सरल**

नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन-2 में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि तथा रक्षा मंत्रालय और तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**तटरक्षक बल की उपलब्धियों की सराहना**

इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने पिछले पांच दशकों में भारतीय तटरक्षक बल द्वारा समुद्री सुरक्षा, खोज एवं बचाव अभियानों, तटीय निगरानी तथा मानवीय सहायता



के क्षेत्र में निभाई गई उत्कृष्ट भूमिका की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये दूरदर्शी नीतिगत सुधार बल के मनोबल, कार्यक्षमता और परिचालन क्षमता को और अधिक मजबूत करेंगे, विशेषकर ऐसे समय में जब भारतीय तटरक्षक बल वर्ष 2027 में अपनी स्वर्ण जयंती मनाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भारतीय तटरक्षक बल को आधुनिक, सक्षम और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार समुद्री सुरक्षा बल के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**भर्ती और पदोन्नति में लागू होगा लैंगिक समानता का सिद्धांत**

रक्षा मंत्री द्वारा घोषित पहली नीति भारतीय तटरक्षक बल में अधिकारियों की भर्ती और सेवा शर्तों को पूरी तरह लैंगिक समानता के सिद्धांत पर आधारित बनाती है। इसके तहत महिला अभ्यर्थियों को पुरुष अधिकारियों के समान अल्पकालिक सेवा नियुक्ति (एसएसए) और स्थायी नियुक्ति (पीए) दोनों में अवसर प्रदान किए जाएंगे।

वहीं, अल्पकालिक सेवा नियुक्ति का विकल्प अब पुरुष अभ्यर्थियों के लिए भी उपलब्ध होगा। नई व्यवस्था के अनुसार महिला अधिकारियों को प्रशिक्षण से लेकर पदोन्नति तक समान अवसर मिलेंगे। वर्तमान में कार्यरत महिला स्थायी नियुक्ति अधिकारियों को पात्रता पूरी करने पर उच्च पदों पर पदोन्नति के लिए विचार किया जाएगा। इसके अलावा अल्पकालिक सेवा नियुक्ति पर कार्यरत महिला अधिकारियों को निर्धारित शर्तें पूरी करने पर अपनी सेवा को स्थायी नियुक्ति में परिवर्तित करने का विकल्प भी मिलेगा।

# प्रकृति संरक्षण ही मानवता के कल्याण का आधार : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रकृति के संरक्षण और उसके प्रति सम्मान को मानवता के कल्याण का मूल आधार बताते हुए भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के मूल्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन परंपराएं हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीने तथा धर्मसम्मत आचरण अपनाने की प्रेरणा देती हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में एक संस्कृत सुभाषित साझा करते हुए प्रकृति, ऋतुओं, समय और धर्म के साथ संतुलित जीवन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति और जीवन के बीच गहरे संबंध को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

> ● **संस्कृत सुभाषित साझा कर प्राकृतिक संतुलन, धर्म और भारतीय परंपरा के महत्व को किया रेखांकित**

प्रधानमंत्री द्वारा साझा किया गया संस्कृत सुभाषित इस प्रकार है–

लोकपालाश्च ते सर्वे वासवप्रमुखास्तथा।
ऋतवः षट् च ते सर्वे मासाः संवत्सराः क्षपाः॥
दिनानि च मुहूर्ताश्च स्वस्ति कुर्वन्तु ते सदा।
श्रुतिः स्मृतिश्च धर्मश्च पातु त्वां पुत्र सर्वतः॥

इस सुभाषित का भावार्थ है कि प्रकृति और धर्म के अनुरूप जीवन जीना ही सुख, शांति, सुरक्षा और समृद्धि का आधार है। दिशाओं के रक्षक देवता, इंद्र सहित सभी देवगण, छहों ऋतुएं, सभी मास, वर्ष, रात्रियां, दिन और शुभ मुहूर्त सदैव मानव जीवन में मंगल और कल्याण का संचार करें। साथ ही वेद, स्मृतियां और धर्म प्रत्येक व्यक्ति की हर परिस्थिति में रक्षा करें।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सामाजिक माध्यम एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि



प्रकृति के संरक्षण और सम्मान में ही मानवता का कल्याण निहित है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा भी हमें इसी धर्मसम्मत आचरण का अनुसरण करने और प्राकृतिक जगत के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

प्रधानमंत्री का यह संदेश पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सम्मान और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान माना जा रहा है। उन्होंने यह संकेत भी दिया कि सतत विकास और मानव कल्याण का मार्ग प्रकृति के संरक्षण तथा उसके साथ सामंजस्य स्थापित करने में ही निहित है।

# टिकट कैंसिल करने पर कितनी होती है रेलवे की कमाई ? रेल मंत्री ने संसद में खोला बड़ा राज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे टिकट कैंसिल होने और बिना रद्द कराए गए वेटिंग टिकटों के जब्त किराए से हर साल भारी कमाई करता है, लेकिन इसका कोई अलग से जोन-वार रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में एक सवाल का लिखित जवाब देते हुए यह अहम जानकारी साझा की है। इसके साथ ही उन्होंने सामान्य ट्रेनों के मुकाबले वंदे भारत स्लीपर और अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनों के लिए टिकट कैंसिलेशन और रिफंड के बिल्कुल अलग नियमों की भी विस्तृत जानकारी दी।

**संसद में सांसद के सवाल पर रेल मंत्री का खुलासा**

कांग्रेस सांसद चंद्रकांत हंडोरे ने राज्यसभा में पिछले तीन सालों के दौरान टिकट कैंसिलेशन शुल्क और वेटिंग टिकटों से रेलवे को जोन-वार हुई आय का ब्योरा मांगा



था। उन्होंने कैंसिलेशन शुल्क के जरिए रेलवे द्वारा भारी राशि जुटाने पर चिंता भी जताई थी। इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे इस आय का जोन के हिसाब से अलग ब्योरा मेंटेन नहीं करता है।

उन्होंने सदन को बताया कि सामान्य ट्रेनों और नई प्रीमियम ट्रेनों के रिफंड नियमों में बड़ा अंतर है, जिसे यात्रियों के लिए जानना बेहद जरूरी है।

**सामान्य ट्रेनों में टिकट रद्द करने पर कटता है इतना चार्ज**

सामान्य ट्रेनों के नियमों के मुताबिक, अगर कोई कंफर्म टिकट ट्रेन रवाना होने से 48 घंटे पहले कैंसिल कराया जाता है, तो क्लास के हिसाब से तय राशि काटी जाती है। इसमें फर्स्ट एसी के लिए 240 रुपये, सेकेंड एसी के लिए 200 रुपये, थर्ड एसी के लिए 180 रुपये, स्लीपर के लिए 120 रुपये और रिजर्व्ड सेकेंड क्लास के लिए 60 रुपये का शुल्क लागू होता है। वहीं, ट्रेन छूटने से 48 घंटे से लेकर 12 घंटे पहले तक टिकट रद्द करने पर किराए का 25 प्रतिशत और 12 घंटे से 4 घंटे पहले तक कैंसिल कराने पर 50 प्रतिशत हिस्सा काट लिया जाता है।


**लगाई रोक** | **धरने पर बैठे छात्रों में दौडी जीत की लहर**


# अब नहीं टूटेंगे जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवन, रामपुर डीएम के आदेश पर कमिश्नर ने लगाई रोक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा )।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा बतौर आरडीए उपाध्यक्ष नक्शा पास न होने के कारण जौहर विश्वविद्यालय के 40 भवनों में से 38 भवनों को तोडने के आदेश पर मुरादाबाद मंडल कमिश्नर ने रोक लगा दी है जिससे विश्वविद्यालय के गेट पर जिलाधिकारी के ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ धरना पर बैठे छात्रों में खुशी की लहर दौडी है ! राजनीति गलियारों में भी कमिश्नर के फैसले को न्यायिक बताते हुए धरने पर बैठे छात्रों की जीत बताई जा रही है !

पता चला है कि आरडीए उपाध्यक्ष के आदेश के खिलाफ पूर्व मंत्री आजम खां की बहन और यूनिवर्सिटी की ट्रस्टी निखत अफलाक खान ने मुरादाबाद कमिश्नर के यहां अपील दायर की थी जिस पर सुनवाई करते हुए कमिश्नर ने











आजम खां की पत्नी पूर्व सांसद तंजीन फातिमा, सपा सांसद इकरा हसन,सपा सांसद रुचि वीरा, उ0प्र0 कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय

रामपुर विकास प्राधिकरण के यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है !कमिश्नर द्वारा दिए रोक आदेश के बाद पूर्व विधायक संजय कपूर सहित काफी संख्या में कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय यूनिवर्सिटी गेट पर धरने पर बैठे छात्रों के बीच पहुंचे और छात्रों को लड्डू खिलाए तथा धरना समाप्त करने की अपील करते हुए विश्वास दिलाया कि यूनिवर्सिटी की एक ईंट भी हिलने नहीं देंगे, कांग्रेस छात्रों के साथ चट्टान की तरह खडी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर लडाई लडेगी ! इससे पहले धरने पर बैठे छात्रों के बीच जाकर मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा का कहना रहा था कि यूनिवर्सिटी शिक्षा का मंदिर है,इसे गिराने का आदेश गलत है ! वहीं कैराना सांसद इकरा ने भी छात्रों को भरोसा दिलाया था कि यूनिवर्सिटी गिरने नहीं देंगे जरुरत पडी तो ईंट की जगह अपना सिर लगा देंगे ! पूर्व मंत्री आजम खां की पत्नी व पूर्व सांसद तंजीन फातिमा का कहना रहा कि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए वे आखिरी सांस तक कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से लडाई लडेंगी ! उक्त पर एक सिनियर आर्किटेक्ट का कहना है कि बेसक बडी से बडी अदालत में क्यों न चले जाएं लेकिन यूनिवर्सिटी के भवनों का नक्शा पास कराने के लिए रामपुर विकास प्राधिकरण के पास ही जाना पडेगा ! जिम्मेदार लोगों का मानना है कि फिलहाल यूनिवर्सिटी के 38 भवनों पर छाया संकट टल गया है, देखेंगे कि भविष्य में ऊंट किस करवट बैठेगा अर्थात यूनिवर्सिटी की स्थिति रहेगी क्या ?

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# 2027 मिशन की तैयारी में जुटी कांग्रेस, बूथ से ग्राम स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठन विस्तार और छात्र हितों के मुद्दों पर हुई चर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपी सिंह चौहान )।** मंगलवार को नगर अध्यक्ष सिराज अहमद के आवास पर कांग्रेस कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों, संगठन विस्तार तथा बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी रहे, जबकि विधानसभा प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष (कोऑर्डिनेटर) ज्ञानेंद्र सिंह राघव भी मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते हुए ठाकुर राकेश भाटी ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ, ग्राम, न्याय पंचायत और मंडल स्तर पर संगठन को सक्रिय किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से शीघ्र ही ग्राम अध्यक्षों एवं न्याय पंचायत स्तर पर मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव-2027 में पार्टी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतर सके। बैठक में छात्र हितों से जुड़े मुद्दों का भी



उल्लेख किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी ने दावा किया कि नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सड़क से संसद तक किए गए आंदोलन और संघर्ष के दबाव के कारण केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों के अधिकारों और न्याय के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश प्रभारी राजेंद्र गौतम, राष्ट्रीय सचिव एवं सह-प्रभारी प्रदीप नरवाल तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशन में संगठन को गांव-गांव तक सशक्त बनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सिराज अहमद ने की तथा संचालन ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने किया। इस अवसर पर सभासद एवं जिला सचिव हिम्मत सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनवर चौहान, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, पंचायती राज राजीव गांधी विभाग के पूर्व जिलाध्यक्ष,ब्लॉक अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह राघव, जिला सचिव राजेंद्र शर्मा सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# काईट विश्वविद्यालय ने नए छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कैंपस संस्कृति से कराया परिचित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित काईट मानद विश्वविद्यालय की 'इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी' और 'जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल' ने सभी एकेडमिक कोर्स के फर्स्ट-ईयर स्टूडेंट्स और नए शामिल हुए फैकल्टी व स्टाफ के लिए इंडक्शन प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रमों की एक व्यापक सीरीज आयोजित की।

इस पहल का मकसद यूनिवर्सिटी कम्युनिटी के नए सदस्यों को एक सुरक्षित, समावेशी, सम्मानजनक और जेंडर-सेंसिटिव कैंपस बनाने के संस्थान के संकल्प से परिचित कराना था। अवेयरनेस सेशन में हिस्सा लेने वालों को 'इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी' और 'जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल' की भूमिकाओं और ज़िम्मेदारियों के बारे में बताया गया। साथ ही, 'प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट' एक्ट के प्रावधानों को असरदार ढंग से लागू करने और जेंडर इक्वालिटी, गरिमा और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया गया। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक 'एफ' गौरव गुप्ता ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा पर एक विशेष सत्र आयोजित किया।

# मेरठ मंडलायुक्त व डीआईजी ने मस्तराम गंगा घाट का किया निरीक्षण, कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अनूपशहर।** कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मेरठ मंडल के आयुक्त श्री भानु चन्द्र गोस्वामी एवं डीआईजी मेरठ रेंज श्री कलानिधि नैथानी ने जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह के साथ अनूपशहर स्थित मस्तराम गंगा घाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कांवड़ियों द्वारा गंगाजल भरने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने और लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# पुलिस की कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ प्राचीन माँ शीतला मंदिर का मेला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** थाना अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव सेदगढ़ी स्थित प्राचीन माँ शीतला मंदिर पर आयोजित पारंपरिक मेला इस वर्ष भी पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो गया। आषाढ़ माह के प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले इस ऐतिहासिक मेले में क्षेत्र सहित आसपास के जनपदों से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माँ शीतला के दर्शन-पूजन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अहमदगढ़ पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। मंदिर परिसर और मेले के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरे आयोजन के दौरान कहीं भी अव्यवस्था



की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। मेले में जलेबी, टिक्की, समोसे, चाऊमीन, बच्चों के खिलौने तथा महिलाओं के श्रृंगार की दुकानों पर दिनभर भारी भीड़ रही। बच्चों ने झूलों का भरपूर आनंद लिया, जबकि महिलाओं ने घरेलू उपयोग एवं श्रृंगार की वस्तुओं की खरीदारी की। पूरे मेले में श्रद्धा, उल्लास और उत्सव का माहौल देखने को मिला। वर्तमान ग्राम प्रधान के पति बिट्टू कुमार ने बताया कि गांव सेदगढ़ी स्थित प्राचीन माँ शीतला मंदिर पर प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह के सभी मंगलवार को भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी आषाढ़ माह के पांचों मंगलवार को परंपरागत रूप से मेले का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार कई श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया।

थाना प्रभारी निरीक्षक विसंबर दयाल गंगवार ने बताया कि मेले को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल पूरे समय सतर्क रहा, जिसके चलते मेला बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुआ। उन्होंने मंदिर समिति, ग्रामवासियों, श्रद्धालुओं तथा व्यवस्था में सहयोग करने वाले सभी पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग की सराहना की।

# तेज बारिश से गरीब का घर हुआ जलमग्न, अंतिम संस्कार के लिए सड़क पर रखी गई कांटि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला भीम नगर खेड़ा में तेज बारिश के चलते एक



गरीब परिवार का घर पानी से लबालब हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक रूपकिशोर उम्र करीब 60 वर्ष पुत्र श्रीराम एक ही कमरे में अपना जीवन-यापन करता था। बारिश के कारण घर में इतना पानी भर गया कि अंदर न बैठने की जगह बची और न ही खड़े होने की। परिजनों के अनुसार, तेज बारिश के बीच गरीब व्यक्ति की मौत हो गई। घर में पानी भरा होने के कारण मृतक के अंतिम संस्कार के लिए कांटि (अर्थी) बांधने तक की जगह नहीं बची। मजबूरी में शिकारपुर-खुर्जा मार्ग पर सड़क किनारे कांटि रखकर अंतिम संस्कार की तैयारी की गई। घटना ने क्षेत्र में गरीब परिवारों के लिए जलभराव और बारिश से उत्पन्न समस्याओं की गंभीर स्थिति को उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जलनिकासी की उचित व्यवस्था कराने और प्रभावित परिवारों की मदद करने की मांग की है।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का आयुक्त व डीआईजी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन

**श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश**

पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में मेरठ मंडल के आयुक्त श्री भानु चंद्र गोस्वामी एवं मेरठ रेंज के डीआईजी श्री कलानिधि नैथानी ने जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष तथा एसएसपी श्री दिनेश कुमार सिंह के साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सराय पुलिस चौकी से नहर पटरी कांवड़ मार्ग होते हुए आहार स्थित प्राचीन अंबकेश्वर महादेव मंदिर तक जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



इसके बाद अधिकारियों ने अंबकेश्वर महादेव मंदिर का भी निरीक्षण किया और जलाभिषेक के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए आवागमन के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास मार्ग बनाए जाएं, जिससे भीड़ का सुचारु प्रबंधन सुनिश्चित हो सके।

आयुक्त एवं डीआईजी ने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरे मार्ग एवं मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर, पेयजल, मोबाइल शौचालय, वाहन पार्किंग स्थल तथा अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं समय से उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए।

उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# पुलिस चौकी के सामने भिड़े मायके व सुसराल पक्ष के लोग, जमकर मारपीट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मामला थाने पहुंचा रिपोर्ट दर्ज नहीं**

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** औरंगाबाद में कस्बा पुलिस चौकी के सामने पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में लड़की भेजने, ना भेजने के विवाद में मायके और ससुराल पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए। जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को अलग-अलग किया। मामला थाने पहुंचा। पुलिस के अनुसार किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी अंत में मायके वाले अपनी बेटी को लेकर अपने घर वापस लौट गए। औरंगाबाद कस्बे में सोमवार को कस्बा पुलिस चौकी के सामने दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। बताया जाता है कि मुजफ्फरनगर निवासी एक युवती का विवाह औरंगाबाद कस्बे निवासी गौरव पुत्र कैलाश वर्मा के साथ हुआ था। दंपती के दो लड़के हैं। रविवार को मुजफ्फरनगर से लड़की के मायके पक्ष के लगभग आधा दर्जन लोग अपनी लड़की को लेने आए थे। दोनों पक्षों में लड़की को भेजने ना भेजने के संबंध में विवाद चला आ रहा था। लड़की वालों का कहना था कि हमारी बेटी को तंग किया जाता है उसके साथ मारपीट की जाती है और बच्चों को उसके साथ नहीं रहने दिया जाता है। जबकि सुसराल पक्ष ने तमाम आरोपों को नकारते हुए लड़की पक्ष पर तमाम आरोप लगाते हुए लड़की को भेजने से इंकार कर दिया। मामला पुलिस चौकी पहुंचा। लेकिन पुलिस चौकी के सामने ही दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। मारपीट की वीडियो वायरल हो गई। दोनों पक्ष थाने पहुंचे। जहां से



बिना मामला दर्ज कराये दोनों पक्ष वापस लौट गए। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामला आपसी पारिवारिक वैवाहिक संबंधों से संबंधित था। किसी भी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। अतः मामला दर्ज नहीं हो सका है। लड़की वाले लड़की को लेकर चले गए थे।

# ईशनपुर के डॉ. राम सिंह बने भारत सरकार में ग्रुप 'ए' वैज्ञानिक, विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम ईशनपुर निवासी युवा वैज्ञानिक डॉ. राम सिंह का भारत सरकार के अधीन तमिलनाडु स्थित प्रतिष्ठित संस्थान में ग्रुप 'ए' राजपत्रित अधिकारी (वैज्ञानिक/सहायक प्रोफेसर) के पद पर चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर ग्राम ईशनपुर में आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्रीय विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।



विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक बनने का सफर युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि डॉ. राम सिंह ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जिससे पूरे डिबाई क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

डॉ. राम सिंह ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोमैग्नेटिज्म, मुंबई से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने इसरो में पोस्ट-डॉक्टोरल शोध किया। साथ ही दक्षिण कोरिया में रिसर्च साइंटिस्ट तथा पुसान नेशनल यूनिवर्सिटी में शोधकर्ता के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। वर्तमान में उनका चयन भारत सरकार के अधीन तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) में वैज्ञानिक (Scientist/ Assistant Professor) के पद पर हुआ है।

समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि डॉ. राम सिंह की सफलता ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक उदाहरण है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर यह सिद्ध कर दिया कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर नरोरा चेयरमैन प्रतिनिधि किताब सिंह, डिबाई ब्लॉक प्रमुख पति अनार सिंह, मंडल महामंत्री होशियारी सिंह, मंडल महामंत्री रज्जन लोधी, ग्राम प्रधान मंगल सिंह, प्रेम सिंह, महिपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, राहुल लोधी, के.पी. सिंह, सुरेंद्र प्रधान, प्यारेलाल वर्मा,राजवीर सिंह (प्रधान), नत्थू सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

**बरसात** चार-पांच दिनों से क्षेत्र में पड रही उमस भरी गर्मी से स्थानीय बाशिंदों को मिली राहत

# बरसात से मौसम हुआ सुहावना, पालिका के सफाई दावों की खुली पोल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** कई दिनों से चल रही उमस भरी गर्मी के बीच मंगलवार को मानसून के प्रभावी होते ही मौसम ने करवट बदली। नगर में हुई

**बारिश से नगर में कई जगहो पर हुआ जल भराव, लोगों को उठानी पड़ी परेशानियां**

झमाझम बारिश के कारण कई जगहों पर जल भराव हो गया। बारिश के चलते जहां लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की वही मानसून को लेकर नगर पालिका की तैयारी और सफाई दावों की भी पोल खोलकर सामने आ गई। जल भराव.के बीच से होकर गुजरने में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विगत कई दिनों से पड रही भीषण गर्मी से मंगलवार को लोगों को राहत मिल गई। दोपहर के समय झमाझम बारिश हुई तो करीब डेढ़ 2 घंटे तक





लगातार चलती रही। रुक रुक कर हल्की और कभी झमाझम बारिश होती रही जिससे तापमान में गिरावट आई और भीषण गर्मी से राहत मिली बरसात के बाद हल्की हवाएं चलती रही और शाम तक गर्मी के तेवर ढीले पड़े रहे। बारिश से भयंकर गर्मी से राहत जरूर थी लेकिन नगर पालिका के सफाई दावों की भी पोल खोल कर रख दी। बरसात से किसानों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। हालांकि विभिन्न मार्गों पर जल भराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# जहांगीराबाद -खालौर में "मन की बात" कार्यक्रम सुननेके बाद मेधावी छात्रा पायल चौधरी का विधायक ने किया सम्मान, भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम खालौर में विधायक संजय शर्मा ने बूथ संख्या 317 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रसिद्ध रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें संस्करण को पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं के साथ सुना।

कार्यक्रम के उपरांत विधायक संजय शर्मा ग्राम निवासी नीरज चौधरी के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने उनकी पुत्री एवं मेधावी छात्रा पायल चौधरी को उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धि पर सम्मानित किया। पायल चौधरी ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की बी. कॉम परीक्षा में द्वितीय स्थान तथा आरडीपीडी गर्ल्स कॉलेज, जहांगीराबाद में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विधायक संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम नवाचार, जनभागीदारी,



महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, युवा शक्ति और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर समाज को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में जनसहभागिता की भावना को और अधिक मजबूत बनाता है।

मेधावी छात्रा पायल चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए विधायक ने कहा कि "बेटियां समाज का गौरव हैं। उनकी सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। बेटी पढ़ेगी, बेटी बढ़ेगी, तभी सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण होगा।"

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामपाल सूर्यवंशी, डॉ. मोहित कपासिया, जिला पंचायत सदस्य रेनू सिंह, राहुल प्रधान, कृष्णपाल प्रधान, ओमवीर सिंह, मनोज, कालीचरण, सतवीर लोधी, नवाब सिंह, मोहनपाल प्रधान, विजय कपासिया, राजकुमार सहित विभिन्न गांवों के प्रधान, बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोदीनगर, बागपत रोड स्थित मायोसिस इंटरनेशनल स्कूल में कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** युवान कराटे स्कूल गाजियाबाद के 07 खिलाड़ियों ने जीते मेडल 'युवान कराटे स्कूल के अध्यक्ष कृष्णा रावत एवं महासचिव राधा चौधरी ने बताया की युवान कराटे स्कूल के 07 खिलाड़ियों ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता में मेडल निकाले ' जिसमें गोल्ड मेडल युवान रावत, श्रेष्ठ प्रताप सिंह, प्राही तोमर, वंश राजपूत मिश्का सचदेवा हैं 'और सिल्वर मेडल विजेता लक्ष त्यागी, लक्षित कुमार हैं, सभी विजेता खिलाड़ियों का स्कूल के पदाधिकारी महेश सोनी, डॉक्टर अंकुर गर्ग, राकेश त्रिपाठी अजय त्यागी एवं डॉ नितिन मोरल ने शुभकामनाएं दिए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।




# एमआईईटी ने एनसीआर एलुमनाई चैप्टर का किया शुभारंभ, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** साहिबाबाद मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) ने पूर्व छात्रों और संस्थान के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में

**पूर्व छात्रों को संस्थान से जोड़ने और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए सशक्त मंच बनेगा एलुमनाई चैप्टर : गौरव अग्रवाल**

एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एमआईईटी एलुमनाई एनसीआर चैप्टर का भव्य शुभारंभ कंट्री इन एंड सुइट्स बाय रैडिसन, साहिबाबाद में किया। कार्यक्रम में विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए और वर्षों बाद एक मंच पर मिलकर पुरानी यादें ताजा करने के साथ संस्थान के विकास में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, मैनेजमेंट सदस्य ऊषा अग्रवाल एवं बरखा अग्रवाल, प्लेसमेंट डायरेक्टर आकांक्षा अग्रवाल तथा निदेशक प्रो. (डॉ.) संजय सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर संस्थान की छात्र सांस्कृतिक समितियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। साथ ही मनोरंजक खेलों एवं इंटरैक्टिव गतिविधियों में पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एमआईईटी एलुमनाई एनसीआर चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन रहा। सर्वसम्मति से विनीत गुप्ता को अध्यक्ष, डॉ. प्यारे मोहन को सचिव तथा मयंक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने संस्थान और पूर्व छात्रों के बीच संवाद को और सशक्त बनाने,



प्रोफेशनल नेटवर्किंग को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों के लिए मेंटरशिप कार्यक्रम संचालित करने तथा संस्थान के विकास में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया।इस दौरान एमआईईटी एलुमनाई एनसीआर चैप्टर के आधिकारिक लोगो का भी अनावरण किया गया। इसके पश्चात आयोजित एलुमनाई परिचय सत्र, नेटवर्किंग गतिविधियां, पूर्व छात्रों की रैंप वॉक एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल ने पूर्व छात्रों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवगठित एनसीआर एलुमनाई चैप्टर संस्थान और पूर्व छात्रों के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि यह मंच विद्यार्थियों को अनुभवी पूर्व छात्रों के मार्गदर्शन, उद्योग जगत से बेहतर जुड़ाव तथा करियर विकास के नए अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम में डीन (एकेडमिक्स) डॉ. संजीव सिंह, एलुमनाई हेड वरुण कौशिक, प्रो. (डॉ.) प्रदीप पंत, मोहन प्रसाद, मनोज अग्रवाल, देबोप्रिया सहित संस्थान के अनेक शिक्षक, अधिकारी एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

# गुरु ही साधक को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं: सतपाल महाराज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** गंग नहर स्थित सतलोक आश्रम के श्री हंस इंटर कॉलेज प्रांगण में गुरु पूजा महोत्सव के प्रथम दिवस पर मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुविख्यात समाजसेवी एवं आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब कोई साधक समय के सद्गुरु की शरण में आकर आत्मज्ञान प्राप्त करता है और गुरु की आज्ञा के अनुसार साधना करता है, तब सद्गुरु उसके जीवन के अज्ञानरूपी अंधकार का नाश कर उसे आत्मप्रकाश का साक्षात्कार कराते हैं।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गुरु का सर्वोच्च स्थान है। हमारे शास्त्रों में तत्वदर्शी महापुरुषों की वंदना एवं उनकी शरण में जाकर ज्ञान प्राप्त करने का उल्लेख मिलता है। ऐसे सद्गुरु के मार्गदर्शन में की गई



साधना ही मानव जीवन का वास्तविक कल्याण करती है। सतपाल महाराज ने कहा कि भगवान शिव ने भी हरि भजन को ही सत्य बताया है तथा संसार को स्वप्नवत कहा है। जिस प्रकार स्वप्न समाप्त होते ही उसमें दिखाई देने वाला सब कुछ विलीन हो जाता है, उसी प्रकार यह संसार भी क्षणभंगुर है। इसलिए मनुष्य को ऐसे ज्ञान का अनुसरण करना चाहिए जो उसे परम सत्य से जोड़ दे। उन्होंने कहा कि समाज में सद्भावना का विस्तार परिवार, गांव, नगर, जिला, प्रदेश, देश और अंततः पूरे विश्व तक होना चाहिए। हमारे ऋषि-मुनियों ने जाति, वर्ण, गोत्र और क्षेत्रवाद जैसी संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर समस्त मानवता के कल्याण का संदेश दिया है। पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सतपाल महाराज ने कहा कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा 18 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि समस्त जीव-जगत एवं मानवता के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेने का आह्वान किया।

# वार्ड 58 की गली नंबर 13 में टूटी सड़क और नालियों से लोगों में आक्रोश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम के वार्ड नंबर 58 स्थित शिवपुरी विजय नगर की गली नंबर 13 में जर्जर सड़क और टूटी नालियों की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। बरसात के मौसम में नालियों का गंदा पानी और सीवर का पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।





स्थानीय निवासियों का कहना है कि टूटी नालियों में कई बार बुजुर्ग और बच्चे गिरकर चोटिल हो चुके हैं। उनका सवाल है कि क्या नगर निगम किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। लोगों का कहना है कि वे नियमित रूप से हाउस टैक्स का भुगतान करते हैं, फिर भी उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार, स्थानीय पार्षद से शिकायत करने पर जवाब मिलता है कि इस कार्य के लिए अभी बजट स्वीकृत नहीं हुआ है। वहीं, आसपास की कई गलियों में इंटरलॉकिंग (आईसीसी) सड़कें बन चुकी हैं, जबकि गली नंबर 13 लंबे समय से बदहाल है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन और पार्षद से तत्काल सड़क एवं नालियों के निर्माण की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

यदि चाहें, मैं इसे और अधिक प्रभावशाली खोजी समाचार शैली में भी तैयार कर सकता हूँ।

# गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में बंदरों का आतंक, आरडब्ल्यूए मौन मुद्रा में, निवासियों का घरों में से निकलने में डर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बंदर बेखौफ होकर टावरों के कॉरिडोर, सीढ़ियों, बालकनी और घरों के बाहर तक पहुंच रहे हैं, जिससे सोसायटी में रहने वाले लोगों में भय का माहौल है। कई निवासी घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है, क्योंकि किसी भी समय बंदरों के काटने या हमला करने की आशंका बनी हुई है।

सोसायटीवासियों का कहना है कि बंदरों का झुंड अक्सर टावरों में घुस आता है और लंबे समय तक परिसर में डेरा जमाए रहता है। बंदर छतों पर रखे गमलों को नीचे गिरा देते हैं





तथा बालकनियों में रखा सामान बिखेरकर गंदगी फैला देते हैं। इससे न केवल संपत्ति का नुकसान हो रहा है, बल्कि नीचे से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। कई परिवार अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजने से भी बच रहे हैं।

निवासी दिनेश सिंह ने कहा कि सोसायटी में बंदरों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद आरडब्ल्यूए मौन मुद्रा में बैठी हुई है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

निवासियों ने जिला प्रशासन, वन विभाग और नगर निगम से मांग की है कि सोसायटी में तत्काल बंदरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही आरडब्ल्यूए से भी अपेक्षा की है कि वह संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए, ताकि सोसायटीवासियों को भयमुक्त वातावरण मिल सके और किसी संभावित हादसे से बचा जा सके।

# डॉक्टरों ने मरीजों की बेहतर सेहत के लिए कदम उठाए, अच्छे नतीजे दिखे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद।** एक स्वस्थ भारत बनाने में डॉक्टरों ने हमेशा बेमिसाल भूमिका निभाई है। जन-स्वास्थ्य, कल्याण और जागरूकता के लिए डॉक्टरों की समर्पित कोशिशों और अहम योगदान को देखते हुए, मेडिकल क्षेत्र में काम करने वाले डॉक्टरों और हेल्थ एक्सपर्ट्स के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया गया। भारत में डॉक्टर्स डे के मौके पर, सभी डॉक्टरों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए, कार्डियोलॉजिस्ट और कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. सचिन गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर अपने ज्ञान, समर्पण और सेवा की भावना से एक स्वस्थ समाज बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। वे न केवल बीमारियों का इलाज करते हैं, बल्कि लोगों को बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करते हैं। बीमारियों के इलाज के अलावा, स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, बचाव वाले स्वास्थ्य उपायों को बढ़ावा देने और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने में उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आज की दुनिया में, स्वास्थ्य सेवा केवल दवाओं तक ही सीमित नहीं है; संतुलित जीवनशैली, नियमित व्यायाम और योग अच्छे स्वास्थ्य के अहम स्तंभ बन गए हैं। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करता है, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देता है। यही कारण है कि मेडिकल एक्सपर्ट्स अक्सर लोगों को योग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर, पूरे देश में स्वास्थ्य और योग के महत्व पर जोर दिया गया। एक्सपर्ट्स ने इस बात पर जोर दिया कि रोजमर्रा की ज़िंदगी में योग को शामिल करके, कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से बच सकता है और बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान जीवन जी सकता है। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए, एक विशेष योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एक अनुभवी योग एक्सपर्ट को बुलाया गया, जिन्होंने वहां मौजूद मरीजों और उनके परिवारों को विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम (सांस लेने के व्यायाम) और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**आयोजन** | कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरूआत उत्साहपूर्ण टीम ओरिएंटेशन से हुई

# जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने जिम कॉर्बेट में आयोजित किया पाँच दिवसीय आउटबाउंड ट्रेनिंग प्रोग्राम, विद्यार्थियों ने सीखे नेतृत्व और टीमवर्क के गुर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा/दिल्ली-एनसीआर।** जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ग्रेटर नोएडा ने अपने नवप्रवेशित पीजीडीएम बैच 2026-28 के विद्यार्थियों के लिए उत्तराखंड स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में पाँच दिवसीय आउटबाउंड ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

इस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, प्रभावी संचार, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान कौशल तथा कॉर्पोरेट व्यवहार की व्यावहारिक समझ विकसित करना था।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरूआत उत्साहपूर्ण टीम ओरिएंटेशन से हुई, जिसमें विभिन्न टीम-बिल्डिंग गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने आपसी समन्वय, नेतृत्व और सहयोग की भावना को मजबूत किया। दूसरे दिन विद्यार्थियों ने उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल का भ्रमण किया और प्राकृतिक वातावरण के बीच सीखने एवं समूह सहभागिता का अनूठा अनुभव प्राप्त किया।

तीसरे दिन देश के प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट विशेषज्ञों द्वारा प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में उद्योग जगत की वर्तमान आवश्यकताओं, नेतृत्व कौशल, करियर विकास, व्यक्तित्व निर्माण तथा पेशेवर उत्कृष्टता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर श्री सोनू शर्मा ने अपने प्रेरक विचारों से विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास और सफलता के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रसिद्ध स्टैंड-अप कॉमेडियन विवेक समतानी ने अपने हास्य, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन से जुड़े प्रेरणादायक संदेशों से विद्यार्थियों का भरपूर मनोरंजन किया। दिन का समापन रंगारंग डीजे नाइट के साथ हुआ, जिसने विद्यार्थियों के बीच आपसी सौहार्द और मित्रता को और अधिक प्रगाढ़ बनाया।

चौथे दिन विद्यार्थियों ने रोमांचकारी जंगल सफारी का आनंद लिया तथा विभिन्न आउटबाउंड गतिविधियों में भाग लेकर नेतृत्व, टीमवर्क, रणनीतिक सोच, प्रभावी संचार, समय प्रबंधन और समस्या समाधान जैसी महत्वपूर्ण प्रबंधकीय दक्षताओं का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थी नई ऊर्जा, व्यापक दृष्टिकोण, सशक्त नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, मजबूत मित्रता और जीवनभर याद रहने वाले अनुभवों के साथ वापस लौटे। यह पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास एवं उन्हें कॉर्पोरेट जगत की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ।













इस अवसर पर जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री स्वदेश कुमार सिंह ने कहा,

"जीआईएमएस में हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें व्यवहारिक अनुभवों के माध्यम से उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना भी है। आउटबाउंड ट्रेनिंग, कॉर्पोरेट इंटरैक्शन और अनुभवात्मक शिक्षण विद्यार्थियों में नेतृत्व, आत्मविश्वास, अनुशासन, टीमवर्क तथा निर्णय क्षमता का विकास करते हैं।

हमें विश्वास है कि ऐसे कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों को भविष्य का सफल, जिम्मेदार और वैश्विक दृष्टिकोण वाला प्रबंधन पेशेवर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।"

जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ग्रेटर नोएडा विद्यार्थियों के समग्र विकास और उद्योगोन्मुख शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सशक्त करते हुए ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, ताकि विद्यार्थी ज्ञान, कौशल और नेतृत्व के साथ भविष्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें।

# लोहा मंडी में राज्य कर के अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में मंडल कार्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश के राज्य कर विभाग गाजियाबाद के डिप्टी कमिश्नर और असिस्टेंट कमिश्नर तथा अन्य स्टाफ ने पधार कर गाजियाबाद के लोहा व्यापारियों के साथ एक बैठक और संवाद कार्यक्रम किया । जिसमें व्यापारियों ने दिन प्रतिदिन विभाग के संबंध में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की और है।डिप्टी कमिश्नर जयप्रकाश मौर्य ने उपस्थित सभी व्यापारियों से अधिक से अधिक पंजीयन करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की यह अब नीति है कि 24 घंटे के अंदर आपको पंजीकरण प्रदान किया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर ने यह भी अवगत कराया कि पिछले तीन माह में लोहा मंडी क्षेत्र की ओर से कर संग्रह में लगभग 15% की वृद्धि हुई है। उपस्थित व्यापारियों ने कर संग्रह की वृद्धि पर खुशी जताते हुए आश्वस्त किया कि सरलीकरण होगा तो कर




सबसे अधिक समस्या सचल दल विभाग के बारे में बताई गईं। आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड पर यदि कोई माल की बिक्री की जाती है और बिल बनाया जाता है तो रास्ते में गाड़ी रोक कर परेशान किया जाता है । इसी तरह व्यापारियों ने राज्य कर विभाग द्वारा धारा 122 के अंतर्गत जारी किए जा रहे नोटिस के संबंध में भी निवेदन किया कि यह अनावश्यक है इनको निरस्त किया जाए । क्रेता द्वारा यदि किसी भी कारण से माल को वापस किया जाता है तो उसे संबंध में क्रेडिट नोट जारी करने पर कर निर्धारण के समय परेशानी का सामना करना पड़ता संग्रह में और बढ़ोतरी होगी।आज की बैठक और संवाद कार्यक्रम में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की ओर से अतुल कुमार जैन, अंबरीश जैन ,मोहनलाल अग्रवाल,सुधीर जैन, महेश गुप्ता,अविनाश चंद्र,संजय मित्तल, कपिल जैन और अमित अग्रवाल इत्यादि उपस्थित रहे, जीएसटी विभाग की ओर से जयप्रकाश अग्रवाल और आशुतोष गोस्वामी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. अतुल कुमार जैन ने पधारे हुए अधिकारियों और सभी पदाधिकारीयों ,व्यापारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आसमान से टपके दो घंटे के पानी ने अपना रंग दिखाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में मंगलवार को आसमान से टपके दो घंटे के पानी ने अपना रंग दिखा दिया। हाल यह था कि सावन से दो दिन पहले ही झमाझम बरसी बरसात ने अपना रंग दिखा दिया औंर समूचे अलीगढ़ शहर की गलियां और

**सड़कों से लेकर गली मोहल्लों में पानी ही पानी, घंटों लगे जाम फसे वाहन**

गालियां पानी से लबालब हो गई। दो घंटे की बारिस से कहीं छत टपकी ताे कहीं कहीं आंगन में पानी भर गया। लेकिन लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत कर सांस ली।

पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान थे और सभी को तेज बारिश का इंतजार था। मंगलवार को सावन शुरू होने से दो दिन पहले ही मौसम ने करवट ले ली। झमाझम बारिश ने पूरे अलीगढ़ शहर को भिगो दिया। कुछ ही देर की तेज वर्षा से प्रमुख मार्ग रामघाट रोड़ क्वार्सी चौराहे से लेकर टीकाराम स्कूल से मीनाक्षी ऑवर ब्रिज के नीचे और बैकुठ नगर गुरूद्वारा रोड से रेलवे स्टेशन मधुपुरा चौराहे से श्यामनगर से सेंटर प्वाइंट चौराहा, मैरिस रोड से केला नगर चौराहा, गूलर रोड़, शिवपुरी, रघुवीरपुरी, सराय हकीम, रसलगंज और भाजपा विधायक अनिल पाराशर और एमएलसी मानवेन्द्रप्रताप सिंह के सुरेन्द्र नगर इलाके भी जलभराव से सड़के पानी से लबालब हो गयीं और निचले इलाके जलमग्न हो गए। जगह-जगह जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना




पड़ा। वहीं, इस बारिश ने खेतों में नई उम्मीद जगा दी।

अलीगढ़ रामघाट रोड पर बारिश का नजारा बारिश में दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हुई, जबकि कई स्थानों पर यातायात भी प्रभावित रहा। मौसम सुहावना होने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, लेकिन जलभराव ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल दी। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने बारिश का स्वागत किया। किसानों का कहना है कि समय पर हुई वर्षा से फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी, सिंचाई का खर्च घटेगा और उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद बढ़ी है। सावन की दस्तक से पहले हुई इस बारिश ने शहर में जहां परेशानी बढ़ाई, वहीं गांवों में खुशहाली की उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

# एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए प्राणायाम सत्र आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-6 के



तत्वावधान में स्वयंसेवकों के लिए प्राणायाम सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. पूनम रानी के मार्गदर्शन में तथा एनएसएस इकाई-6 की कार्यक्रम अधिकारी भावना राज के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर भावना राज ने स्वयंसेवकों को नियमित प्राणायाम के महत्व से अवगत कराते हुए स्वस्थ शरीर, शांत मन और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित प्राणायाम तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक है। सत्र में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# सुदर्शन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आशीष गुप्ता कोल के भांजे ने NEET में 99.55 पर्सेंटाइल के साथ कनिष्क वार्ष्णेय ने रचा सफलता का नया कीर्तिमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सुदर्शन वेलफेयर सोसाइटी के सम्मानित संरक्षक प्रशांत वार्ष्णेय के सुपुत्र एवं प्रतिभाशाली छात्र कनिष्क वार्ष्णेय ने नीट (NEET) परीक्षा में 99.55

**604 अंक हासिल कर परिवार, समाज और क्षेत्र का बढ़ाया मान**

पर्सेंटाइल प्राप्त करते हुए 604 अंक अर्जित कर अपने माता-पिता, परिवार, समाज और पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कनिष्क की यह उल्लेखनीय सफलता उनकी अथक मेहनत, अनुशासित तैयारी,



दृढ़ संकल्प और निरंतर समर्पण का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि ने युवा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। पूर्ण विश्वास है कि वह भविष्य में एक कुशल, संवेदनशील और सेवाभावी चिकित्सक बनकर समाज के स्वास्थ्य एवं मानव सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सुदर्शन वेलफेयर सोसाइटी परिवार एवं समस्त परिवार की ओर से कनिष्क वार्ष्णेय को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि कनिष्क निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित करें तथा जीवन में सदैव यश, सम्मान और उन्नति प्राप्त करते हुए अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करते रहें।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य संगठन की कार्यकारिणी का गठन, इंजीनियर हिमांशु अध्यक्ष, दुर्गेश महामंत्री सुधीर बने प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासंगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, समाजहित के कार्यों को गति देने तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई।

नई कार्यकारिणी में इंजीनियर हिमांशु गुप्ता को अध्यक्ष, दुर्गेश वार्ष्णेय को महामंत्री पंकज लाला गुप्ता कोषाध्यक्ष तथा सुधीर कुमार वार्ष्णेय को प्रभारी,माधुर गुप्ता को संगठन मंत्री,अंशुल वार्ष्णेय को मीडिया प्रभारी डॉ गोपाल महेश्वरी,अलोक वार्ष्णेय नरेंद्र कुमार सर्राफ,योगेश अग्रवाल उमेश वार्ष्णेय प्रशांत गुप्ता गोलू, अरविन्द



अग्रवाल अंशु,निधीश गुप्ता आदि को संरक्षक जिला अध्यक्ष संदीप नक्षत्र जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का उपस्थित पदाधिकारियों ने फूल-मालाएं और संघटन का पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त अध्यक्ष इंजीनियर हिमांशु गुप्ता व महा मंत्री ने संयुक्त रूप ने कहा कि संगठन समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर शिक्षा,सामाजिक सेवा और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देगा।

उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। जल्द संगठन के अनपढ़ अधिकारियों की नियुक्ति कर यकारिणी को एक विस्तृत रूप दिया जाएगा इस मौके पर कमल अग्रवाल अमरदीप गुप्ता विवेक वार्ष्णेय संजीव गर्ग आलोक अग्रवाल सचिन अग्रवाल शेखर भाषण हर्ष गुप्ता गोपाल वार्ष्णेय वैभव वार्ष्णेय आदि थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करना आवश्यक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सीबीएसई बोर्ड के निदेशक (ट्रेनिंग) मनोज श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय के कुलसचिव कमांडर मनोज के. (सेवानिवृत्त), उप निदेशक प्रशासन गोपाल राजपूत, प्रो. दिनेश पांडेय तथा एनएसएस



कार्यक्रम अधिकारी डा. मनीषा उपाध्याय ने स्वयंसेवकों के साथ पौधरोपण किया। सीबीएसई बोर्ड के निदेशक (ट्रेनिंग) मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के रूप में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। कुलसचिव मनोज के. ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प भी है। आयोजन एनएसएस समन्वयक डा. पूनम रानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डा. दिवाकर राघव, योगेश कौशिक, मयंक जैन, ताराचंद उपाध्याय आदि ने भी पौधरोपण किया।

# बारिश से गभाना के कटरा मोड़ मेले में भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गभाना के कटरा मोड़ मेले पर लगातार बारिश का असर साफ दिखाई दिया। मंगलवार को मेले में सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ दर्ज की गई, जिससे



दुकानदारों के चेहरे पर मायूसी छाई रही। बारिश के कारण मेले में कई स्थानों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त, मेले में लगे झूले भी बारिश की वजह से बंद करने पड़े। मेले में लगे झूले, खान-पान और अन्य दुकानों पर ग्राहकों की संख्या में भारी कमी देखी गई। खराब मौसम के चलते परिवारों और बच्चों ने भी मेले का रुख कम किया। दुकानदारों ने बताया कि लगातार बारिश से उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है और बिक्री में गिरावट आई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि मौसम साफ होता है, तो आने वाले दिनों में मेले की रौनक फिर से लौट सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएनटी कर्मचारियों का बीएसएनएल कार्यालय पर प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलवार को पीएनटी कर्मियों ने नकवी पार्क स्थित बीएसएनएल कार्यालय पर बकाया वेतन भुगतान की मांगको लेकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की और मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन का आरोप है कि भारतनेट परियोजना में लंबे समय से काम कर रह पीएनटी कर्मियों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है साथ ही अनुभवी कर्मचारियों से फाइबर रखरखाव का काम लेकर दूसरे माध्यमों से कराया जा रहा है।



इससे बड़ी संख्या में कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने मांग की कि सभी लंबित भुगतान जल्द जारी किए जाएं। इसके अलावा भारतनेट परियोजना में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराई जाने की मांग की। यूनियन ने यह भी मांग की कि वर्षों से काम कर रह पीएनटी कर्मियों का रोजगार सुरक्षित रखा जाए और फाइबर रखरखाव का काम प्राथमिकता के आधार पर उन्हें ही दिया जाए। यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत से भारतनेट परियोजना को मजबूती मिली है, लेकिन अब वही कर्मचारी रोजगार संकट झेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, अध्यक्ष अतुल कुमार शर्मा, सलाहकार राकेश शर्मा, अतुल तिवारी, गजेंद्र पोरुष, विष्णु कांत, अमित चौधरी, अभिप्रताप सिंह, नीरज सिंह, अजय परमार सहित बड़ी संख्या में च्छज कर्मी मौजूद रहे।

### शेखर सर्राफ मेमोरियल हॉस्पिटल में ओआरएस दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** भारतीय शिशु अकादमी (आईएपी), अलीगढ़ शाखा द्वारा शेखर सर्राफ मेमोरियल हॉस्पिटल में ओआरएस दिवस के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अस्पताल की संस्थापिका श्रीमती लाजेश कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में श्रीमती लाजेश कुमारी ने कहा कि बच्चों में होने वाले दस्त से बचाव एवं मृत्यु दर को




कम करने में ओआरएस की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय शिशु अकादमी, अलीगढ़ शाखा के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बंसल ने ओआरएस के सही एवं समय पर उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार को ओआरएस के प्रयोग की सही जानकारी होना आवश्यक है। शाखा के सचिव डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ संजीव कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि जागरूकता ही बच्चों को दस्त से होने वाली गंभीर जटिलताओं से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि दस्त होने पर बिना देरी किए ओआरएस देना शुरू करें तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह अवश्य लें। इस अवसर पर आईएपी परिवार की ओर से डॉ योगेन्द्र द्विवेदी ने मुख्य अतिथि श्रीमती लाजेश कुमारी जी को स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किय। कार्यक्रम में शेखर सर्राफ मेमोरियल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ विजय कुमार, डॉ अनूप कुमार एवं डॉ यूसुफ सिद्दीकी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना लाखों के जेवर चुराये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गोधा कोतवाली क्षेत्र स्थित अहरौली गांव में एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। पीड़िता महिला अपने बच्चों के साथ दिल्ली में मजदूरी करती है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अहरौली निवासी गीता देवी, जो स्वर्गीय धीरज सिंह की पत्नी हैं, काफी समय से अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करती हैं। उन्होंने बताया कि वह 21 जुलाई, मंगलवार को गांव आई थीं और दो दिन रुकने के बाद दिल्ली लौट गईं। 27 जुलाई, सोमवार को जब वह दोबारा अपने घर लौटीं, तो मुख्य गेट का ताला खोलकर अंदर जाते ही उन्हें चोरी का पता चला। घर के अंदर कमरों के ताले और गेट टूटे हुए थे। कमरों में रखी अलमारियों और बक्सों के लॉकर भी टूटे पाए गए, और सारा सामान जमीन पर बिखरा हुआ था। चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। घटनास्थल पर छत पर बने जाल के पास कमरे की चौखट से एक रस्सी बंधी मिली, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि चोर छत के रास्ते घर में घुसे थे और जीवनभर की गाढ़ी कमाई चुरा ले गये।

# राजा महेंद्र सिंह विश्वविद्यालय में छात्रों का धरना मंगलवार को भी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में एलएलबी और बीए एलएलबी के छात्रों का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। छात्र बैक परीक्षा में फेल छात्रों को अगले सेमेस्टर में सशर्त प्रवेश देने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।



छात्रों का कहना है कि बैक पेपर की वजह से कई विद्यार्थी अगले सेमेस्टर में दाखिला नहीं ले पा रहे हैं। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और पूरा शैक्षणिक सत्र खराब होने का खतरा है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है। उनका कहना है कि यह केवल कुछ छात्रों का नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है।

धरना स्थल पर छात्रों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक फैसला नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की। छात्रों की मुख्य मांग है कि बैक परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को अगले सेमेस्टर में सशर्त प्रवेश दिया जाए, ताकि उनकी पढ़ाई बीच में न रुके। फिलहाल विश्वविद्यालय परिसर में स्थिति शांतिपूर्ण है, लेकिन छात्रों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अब सभी की नजर विश्वविद्यालय प्रशासन के अगले निर्णय पर टिकी है।

**निरीक्षण** | अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं पर जताई नाराजगी

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आश्रम का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षी गर्ग के नेतृत्व में आश्रय गृह निरीक्षण समिति ने वृद्धाश्रम, छर्रा का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों पर समिति ने कड़ा रुख अपनाते हुए उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका श्रीमती गिरजेश यादव ने बताया कि वृद्धाश्रम में कुल 82 वृद्धजन पंजीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में 71 वृद्धजन आवासित हैं। इनमें 27 महिलाएं एवं 44 पुरुष शामिल हैं। शेष 11 वृद्धजन अपने परिजनों के साथ अस्थायी रूप से घर गए हुए हैं। समिति ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं देखभाल की व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधीक्षिका ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छर्रा द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इस पर सचिव साक्षी गर्ग ने निर्देश दिए कि वृद्धजनों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रत्येक सप्ताह एक फिजिशियन की सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए और इसके लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को तत्काल पत्र प्रेषित किया जाए। समिति ने वृद्धाश्रम के आवासीय कक्षों एवं हॉल में सीलन व दुर्गंध पाए जाने पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही बाथरूम एवं शौचालयों की सफाई भी संतोषजनक नहीं मिली। इस पर अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि कमरों एवं हॉल की खिड़कियां नियमित रूप से खुलवाकर पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सीलन एवं दुर्गंध




समाप्त हो सके। साथ ही बाथरूम एवं शौचालयों की प्रतिदिन नियमित एवं प्रभावी सफाई कराकर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षी गर्ग ने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे प्रत्येक वृद्धजन को सम्मानजनक, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। आश्रय गृहों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और निरीक्षण के दौरान दिए गए निदेशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भविष्य में भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जाती रहेगी।

# रक्तदान कर युवाओं ने दिया मानवता का संदेश,19 यूनिट रक्त संग्रह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** मानव सेवा और सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जमीअत यूथ क्लब एवं जमीअत उलेमा तहसील धौलाना के संयुक्त तत्वावधान में शिवाजी नगर स्थित मरकज मस्जिद के निकट स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 19 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।






रक्त संग्रह का कार्य जीवन चैरिटेबल ब्लड बैंक की विशेषज्ञ टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सुरक्षित तरीके से संपन्न कराया। शिविर में जमीअत उलेमा तहसील धौलाना के अध्यक्ष मौलाना गारिस उल हक, मास्टर खालिद, मास्टर शाकिब, कारी नदीम अहमद, मुफ्ती अब्दुल समद तथा सलाहुद्दीन सहित कई पदाधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद मरीज को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और युवाओं की भागीदारी रही। आयोजकों ने रक्तदाताओं, ब्लड बैंक की मेडिकल टीम और सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# कांवड यात्रा तैयारी : डीएम,एसपी ने कांवड यात्रा सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को दिये दिशा निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** श्रावण मास की शिवरात्रि पर भगवान भोले शंकर को जलाभिषेक करने के लिए जत्थों में कांवडियां बोल बम बोल बम के जयकारों के साथ गौमुख गंगौत्री जल लाने के लिए रवाना हो रहे है। पापड़ नगरी में अब बोल बम,बम भोले बम के जयकारे गूंजने लगे है। कांवड यात्रा सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक ने गोष्ठी कर अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। परिवहन निगम द्वारा शिव भक्तों के लिए 60 रोडवेज बसें हरिद्वार के लिए चलाई जायेगी। जिले में मीट व अंडे की दुकानें बंद कराई गयी। इसके अलावा विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मरों की बेरिकेटिंग की गई है।

- पापड़ नगरी में गूंजने लगे बोल बम के जयकारे
- विद्युत विभाग बिजली खंभों पर पिन्नी व ट्रांसफार्मर की बेरिकेटिंग की
- आज से जिले में मीट व अंडे की दुकानें कराई बंद
- कांवडियों को हरिद्वार ले जाने को चलेगी 60 रोडवेज बसें:एआरएम
- आगामी 11 अगस्त को मनाया जायेगा शिवरात्रि पर्व






कल 30 जुलाई से श्रावण मास शुरू होने के साथ कांवड यात्रा भी शुरू हो जायेगी। और शिवरात्रि पर्व आगामी 11 अगस्त को मनाया जायेगा। जिसे ध्यानार्थ रखते हुए कांवडियां शिवरात्रि पर्व भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लेने बम भोले बम के जयकारों के साथ रोडवेज बस व अन्य वाहनों से गौमुख गंगौत्री रवाना हो रहे है। शिवरात्रि के निकट आते ही हरिद्वार जाने वाले शिव भक्तों की संख्या बढने लगेगी। गुजराज,राजस्थान व मध्य प्रदेश जाने वाले शिवभक्त कांवड लेकर अपने गंतव्य को रवाना हो रहे है।

**शिव भक्तों के लिए चलेगी रोडवेज बसें**

रोडवेज के क्षेत्रीय सहायक प्रबन्धक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शिवरात्रि पर हरिद्वार जाने वाले शिव भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए हरिद्वार के लिए 60 बसें चलाई जायेगी। रात्रि में हरिद्वार जाने के लिए रोडवेज बसे हापुड़ डिपो में तैयार खड़ी मिलेगी।

**ट्रांसफार्मर की बेरिकेटिंग कराई गयी**

विद्युत विभाग द्वारा कांवड मार्ग में स्थित विद्युत पालों पर पिन्नी लगाई गयी है। इसके अलावा विद्युत ट्रांसफार्मर के चारों को बेरिकेटिंग की है। और जर्जर विद्युत तारों को बदलने के साथ-साथ मार्गों पर लटके विद्युत तारों को ऊंचा कराया जा रहा है।

**मीट की दुकानों कराई बंद**

कांवड यात्रा के मद्देनजर शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित मीट व अंडे की दुकानों को बंद कराया गया है। जिनके खुलने से शिव भक्तों की भावनाएं आहत होती है। अब दुकानें आगामी 11 अगस्त शिवरात्रि तक बंद रहेगी।

**गोष्ठी कर दिये दिशा निर्देश**

कांवड यात्रा का शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित गोष्ठी में जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उन्होंने कहा कि कांवड यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियों पूर्ण कर ली जाये,यात्रा के दौरान शिव भक्तों को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# उत्तराखंड में लम्पी बीमारी ने दी दस्तक,हापुड़ में अलर्ट, जिले में लम्पी बीमारी से बचाव को 48000 गोवंशीय का टीकाकरण किया गया:सीवीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तराखण्ड राज्य में कुछ गोवंशीय पशुओं में लम्पी स्किन डिजीज के लक्षण पाये गये है। जिसके मद्देनजर जनपद अलर्ट हो गयी है। जिले में उक्त बीमारी से बचाव को 48000 गौवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया गया है। जनपद के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.ओपी मिश्रा ने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज एक विषाणुजनित रोग है जो अधिकांश गोवंशीय पशुओं में पाया जाता है। इस रोग से प्रभावित गोवंश में तेज बुखार,आंख व नाक से पानी गिरना, पैरो में सूजन,पूरे शरीर मे कठोर एवं चपटी गांठ आदि प्रकार के लक्षण पाये जाते हैं। कभी-कभी सम्पूर्ण शरीर की चमड़ी विशेष रूप से सिर, गर्दन, थूथन, थनों, गुदा व अण्डकोष या योनिमुख के बीच के भाग पर गांठो के उभार बन जाते है। गम्भीर रूप से प्रभावित गोवंश में नैक्रोटिक घाव,श्वसन पथ में घाव होने से सांस लेने में कठिनाई हाती है। पशु का वजन घट जाता है, शरीर कमजोर हो जाता है एवं अत्याधिक कमजोरी से पशु की मृत्यु भी हो सकती है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो सकता है,दुधारू गोवंश में दुग्ध उत्पादन काफी कम हो जाता है।

- लम्पी स्किन डिजीज गौवंशीय पशुओं में पायी जाती है
- उत्तराखंड व समीपवर्ती जनपदों से गौवंशीय पशु क्रय नहीं करने की अपील की





उन्होंने बताया कि जनपद को लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम हेतु प्राप्त वैक्सीन 48000 के सापेक्ष 48000 गोवंशीय पशुओं में टीकाकरण करा दिया गया है। सभी पशुपालको से अपील की जाती है कि गोवंशीय पशुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत उत्तराखण्ड राज्य एवं समीपवर्ती जनपदों से गोवंशीय पशु का क्रय ना करें ,तथा गोवंशीय पशुओं में उक्त बीमारी से सम्बन्धित लक्षण प्रकट होने पर निकटतम पशुचिकित्साधिकारी को सूचित जरूर करें।

# डीएम ने छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया पारदर्शी व त्रुटिपूर्ण संपन्न कराने के दिये निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** वर्ष 2026-27 की पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना को समय से लागू करने के लिए जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में छात्रवृत्ति की पूरी समय-सारिणी पर चर्चा करने के उपरांत

**25 अगस्त तक करा लें रिन्यूअल, 21 सितंबर फ्रेश आवेदन की आखिरी तिथि**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों और प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया पारदर्शी व त्रुटिपूर्ण संपन्न कराने के सख्त निर्देश दिए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि इस बार प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। इसके तहत सभी नोडल अधिकारियों और प्रधानाचार्यों को 5 अगस्त 2026 तक अपना मास्टर डाटा स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। कक्षा 10 और 12 के छात्रों को अपनी छात्रवृत्ति का रिन्यूअल 25 अगस्त 2026 तक कराना होगा। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के नए छात्रों के लिए फ्रेश आवेदन 21



सितंबर 2026 तक किए जा सकेंगे। बैठक में वन टाइम रजिस्ट्रेशन ओटीआर को अनिवार्य बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि छात्र पहले ओटीआर करेंगे, तभी पोर्टल पर आवेदन कर पाएंगे। सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए कि वे अपने स्कूल में बच्चों को ओटीआर की प्रक्रिया समझाएं और मदद करें।

इसके साथ ही छात्रों का बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण ई-केवाईसी भी समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिन छात्रों का ई-केवाईसी नहीं होगा उनका आवेदन आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए छात्रों से कहा गया कि वे आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर चालू रखें।

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदन के साथ लगने वाले आय प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अंकतालिका, आधार कार्ड और बैंक विवरण सही और अपडेट होने चाहिए। अगर कोई दस्तावेज पुराना है तो उसे तुरंत बनवाया जाए, वरना आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि शासन की समय-सारिणी का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। छात्रवृत्ति प्रक्रिया पारदर्शी हो और किसी पात्र छात्र को दिक्कत न आए। यह योजना गरीब छात्रों के लिए शिक्षा की रीढ़ है, इसलिए सभी विभाग समन्वय से काम करें। इस अवसर पर सीडीओ श्रुति शर्मा,डीआईओएस डा.श्वेता पूठिया व कालेजों के प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

# कमिश्नर,डीआईजी ने ब्रजघाट गंगा घाटों का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** कल 30 जुलाई से शुरू होने जा रहे श्रावण मास व कांवड यात्रा के मद्देनजर मंगलवार की शाम को कमिश्नर भानु चन्द्र गोस्वामी व डीआईजी कलानिधि नैथानी ने जिलाधिकारी कविता मीना के साथ ब्रजघाट का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही गंगा घाटों का निरीक्षण किया।



कमिश्नर ने भानु चन्द्र गोस्वामी को अधिकारियों ने कांवडियों व श्रद्धालुओं के लिए गई गयी सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा कि कांवडियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कांवड यात्रा से सम्बंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ले,लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर एसपी कुंवर ज्ञानेजय सिंह,एडीएम संदीप कुमार,कोतवाल देवेन्द्र बिष्टद्द,ईओ पवित्रा त्रिपाठी,एसडीएम श्रीराम यादव आदि मौजूद रहे।

# कांवड यात्रा मद्देनजर हापुड़ में एक अस्थायी थाना व 20 चौकियां खोली गयी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,मेरठ।** आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत मेरठ परिक्षेत्र में खोले गये 04 अस्थायी थाने एवं 58 अस्थायी चौकियां खोली गयी है। कांवड मार्गो व मेला क्षेत्रों में श्रद्धालुओं को त्वरित पुलिस सहायता मिलेगी।

**कांवड मार्गों व मेला क्षेत्रों में कांवडियों को मिलेगी त्वरित पुलिस मद्द**

पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी महोदय ने बताया कि श्रावण मास की कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल,सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मेरठ परिक्षेत्र के समस्त जनपदों में कांवड़ मार्गों एवं मेला क्षेत्रों पर श्रद्धालुओं को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने हेतु 04 अस्थायी थाना एवं 58 पुलिस चौकियां खोली गयी है।

उन्होंने बताया कि जनपद हापुड़ अस्थायी थाना थाना ब्रजघाट थानाक्षेत्र गढमुक्तेश्वर,अस्थायी चौकियां - 1.चौकी पुरानी चुंगी थाना हापुड़ नगर, 2.चौकी टियाला थाना हापुड़ देहात,3. दतेडी गेट थाना पिलखुवा, 4. चौकी जीएस पैट्रोल पम्प थाना पिलखुवा,5. चौकी सोना पम्प थाना हाफिजपुर,6. चौकी बडौदा सिहानी थाना हाफिजपुर,7. चौकी बक्सर रेगुलेटर थाना सिम्भावली, 8. चौकी स्याना बार्डर थाना सिम्भावली,9.चौकी बुकलाना नहरपुल थाना सिम्भावली,10. चौकी ग्राम डिबाई नहर पुल थाना सिंभावली,11.चौकी बनखंडा नहर पटरी थाना बाबूगढ़,12.चौकी बछलौता अण्डरपास थाना बाबूगढ़, 13.चौकी अल्लाबक्शपुर कट थाना गढ़मुक्तेश्वर, 14. चौकी पलवाडा मोढ बृजघाट थाना गढ़मुक्तेश्वर,15.चौकी दौताई थाना गढ़मुक्तेश्वर,16. चौकी गढचौपला थाना गढ़मुक्तेश्वर, 17.चौकी पलवाड़ा तिराहा 18. चौकी सेहल नहर चौराहा, 19.चौकी सदरपुर बैरियर, 20. चौकी छतरीवाला कुंआ थाना बहादुरगढ में खोली गयी है। जहां पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।

डीआईजी द्वारा अस्थायी थाना एवं चौकियों पर आवश्यक पुलिस बल की तैनाती के साथ संचार व्यवस्था,फर्नीचर,विद्युत,पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, जनसहायता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के आदेश दिए है। प्रत्येक अस्थायी पुलिस इकाई का जीपीएस कोऑर्डिनेट्स सहित चिन्हांकन किया गया है, जिससे कंट्रोल रूम एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है।



डीआईजी ने निर्देशित करते हुए कहा कि यूआरकोड चस्पा किये जाए,जिसे स्कैन कर श्रद्धालुओ को मार्ग/ निकटतम सुविधाओं को समझने में आसानी हो,सभी चौकियों पर सहायता केन्द्र बनाये और फस्टएड का सामान रखें,डयूटी पर तैनात पुलिस बल अनुशासन में रहे, किसी भी सूचना पर तुरन्त रैस्पोन्स करें,आसपास के माहौल पर पैनी नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति को तुरन्त पहचाने,वरिष्ठ अधिकारियों, एम्बुलेंस,अग्निशमन सेवा आदि के आपातकालीन सम्पर्क नंबर अपने पास रखें तथा अन्य ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों या टीमो के साथ समन्वय बनाकर रखे। यदि कोई शिवभक्त बीमार पड जाता है या घायल हो जाता है तो उसे तुरन्त प्राथमिक उपचार या चिकित्सा सहायता उपलब्ध करायें और आवश्यकता पडने पर अस्पताल पहुँचाए। श्रद्धालुओं को मार्ग में निकटतम शौचालय, पानी के स्त्रोत, भोजन के स्टोल और विश्राम स्थलो की जानकारी दें।

## सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम सोहम दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम सोहम वर्मा है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम सोहम वर्मा दर्ज किया जाये।

**प्रार्थी**
**श्री रामकुमार पुत्र कमल सिंह**
**नि.न्यू भीमनगर,गढ़ रोड**
**हापुड़,तहसील व जिला हापुड़**

## सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम चारू वर्मा दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम चारू वर्मा है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम चारू वर्मा दर्ज किया जाये।

**प्रार्थी**
**श्री राजकुमार पुत्र कमल सिंह**
**नि.न्यू भीम नगर,गढ़ रोड**
**हापुड़,तहसील व जिला हापुड़**

निरीक्षण

## धौलाना के भाजपाइयों द्वारा हुआ भव्य स्वागत, 25 करोड़ के प्रस्तावित खेल स्टेडियम की सराहना की गई

# धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत के निवास पहुंचे राज्य मंत्री के.पी. मलिक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री के.पी. मलिक ने धौलाना क्षेत्र का दौरा कर ग्राम करणपुर जट्ट स्थित निमार्णाधीन मॉडल कम्पोजिट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली तथा कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद राज्यमंत्री के.पी. मलिक धौलाना भाजपा के युवा कद्दावर नेता और धौलाना विधानसभा के भावी प्रत्याशी ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया के आवास पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकताओं ने उन्हें पटका पहनाकर तथा भगवान मधुसूदन का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूरे









क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। राज्यमंत्री भारी काफिले के साथ धौलाना पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की खुलकर सराहना की। विशेष रूप से ब्लाक प्रमुख निशांत द्वारा प्रस्तावित 25 करोड़ रुपये की लागत वाले खेल स्टेडियम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के युवाओं के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी। राज्यमंत्री के.पी. मलिक ने कहा, "जब युवा खेलेगा तभी देश आगे बढ़ेगा। धौलाना में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित खेल स्टेडियम एक सराहनीय पहल है। ब्लाक प्रमुख निशांत शिशोदिया ने युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अच्छा प्रस्ताव रखा है, जिसकी मैं प्रशंसा करता हूं। सरकार शिक्षा, खेल और विकास को समान प्राथमिकता दे रही है।प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया ने कहा, राज्यमंत्री के.पी. मलिक का धौलाना आगमन हम सभी कार्यकताओं के लिए गौरव की बात है। क्षेत्र के विकास, शिक्षा और खेल सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रस्तावित खेल स्टेडियम बनने से स्थानीय युवाओं को राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। हमारा उद्देश्य धौलाना को विकास के नए आयामों तक पहुंचाना है । इस अवसर पर सीडीओ मैडम श्रुति शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे, हापुड़ जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा, विकलेश कुमार, अरुण चौधरी, मेघनाथ सिंह डिग्री कालेज के विशाल शिशोदिया, पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल, सुरेन्द्र सिंह मुन्ना ढीकरी, भाजपा नेता मनोज गौतम, राजू त्यागी, राहुल राणा, एड अंकित शर्मा, मिंटू चौहान, मनोज गुर्जर, प्रदीप राणा, प्रधान इदरीश मलिक, डा तैयब सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# बहस से ज्यादा अपेक्षा टकराव



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

विचारधारा, नीति, कार्यक्रम, चुनाव घोषणापत्र आदि का आज क्या औचित्य रह गया है? अगर ये राजनीति के प्रेरक तत्व ना रहें, तो फिर पहलवानी के अखाड़े और संसद के बीच क्या फर्क रह जाएगा?

मानसून सत्र की शुरूआत के साथ संसद का नजारा कुछ बदला नजर आएगा। यह संभवतः पहला मौका है, जब बिना चुनाव हुए सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के संख्या बल में गुणात्मक बदलाव हुआ दिखेगा। बजट सत्र के बाद तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव) बड़ी टूट-फूट हो चुकी है, जबकि एनसीपी (शरद पवार गुट) के रुख में बदलाव के संकेत मिले हैं। इससे बिना नया जनादेश आए ही सत्ताधारी एनडीए मजबूत हो गया है। इस हद तक कि अभी दो महीने पहले लोकसभा सीटों के परिसीमन के मकसद से लाया गया जो विधेयक गिर गया था, सत्ता पक्ष उसे फिर से लाने की तैयारी में दिखा है। इसी तरह विवादास्पद विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 और गिरफ्तारी होने पर 30 दिन के अंदर मुख्यमंत्री/ मंत्री पद खत्म करने का प्रावधान करने वाले विधेयक को भी लाने की चर्चा थी (जिसका इरादा शायद टाल दिया है)। पिछले सत्र तक इन विधेयकों के पारित होने की संभावना बेहद कमजोर थी। अभी भी इनके लिए सरकार संख्या बल का पूरा इंतजाम नहीं कर पाई है, लेकिन कुछ और जोड़-तोड़ में कामयाब रही, तो इनके पारित होने की संभावना बन सकती है। मगर यही समस्या है। वह संभावना 2024 में आए जनादेश की भावना के विपरीत होगी। मुद्दा है कि दांव-पेच से जनादेश की भावना को इस तरह धता बताने का चलन आम हो जाता है, तो फिर विचारधारा, नीति, कार्यक्रम, चुनाव घोषणापत्र आदि का क्या औचित्य रह जाएगा? ये राजनीति के प्रेरक तत्व ना रहें, तो फिर पहलवानी के अखाड़े में होने वाली जोर-आजमाईश और संसदीय प्रक्रियाओं के बीच क्या फर्क रहेगा? क्या उसके बाद भी संसद को बहस के जरिए अधिकतम संभव सहमति निर्माण का मंच माना जा सकेगा? दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में इन प्रश्नों के उत्तर लगातार नकारात्मक होते गए हैं। संसद शोर, हंगामे, वॉकआउट, बहिष्कार, और कई बार तो शारीरिक बल के जरिए झड़पों का स्थल बनती चली गई है। नतीजतन, अधिवेशनों से पहले गंभीर बहस से ज्यादा अपेक्षा टकराव और तू तू-मैं- मैं की रहने लगी है। मानसून सत्र के पहले भी राजनीतिक क्षितिज पर यही माहौल हावी नजर आया है।




# श्री नरेंद्र भूषण स्कूल-गरीब के बच्चे का मुस्तकबिल बन रहा

**"बाप का ख्वाब, बेटों की मेहनतः आज कुन्दरकी का गरीब का बच्चा भी स्कूल की वर्दी में अफसर बनने का सपना देख रहा"**

एम.के. भारती सैफी

कुन्दरकी, कहा जाता है कि जब एक शख्स की नियत में कौम की भलाई होती है तो वो अपने पीछे सिर्फ इमारतें नहीं, नस्लें छोड़ जाता है। कुन्दरकी नगर के मौहल्ला कायस्तान, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पीछे स्थित श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में आज उसी सोच, उसी जज्बे और उसी खिदमत की मिसाल है।

सन 2011 में स्वर्गीय वरिष्ठ समाजसेवी श्री नरेंद्र भूषण ने इस स्कूल की बुनियाद रखी। उनका दर्द ये था कि कुन्दरकी के होनहार बच्चे अच्छी तालीम के लिए मुरादाबाद और बिलारी तक धक्के खाते हैं। गरीब का बच्चा फीस और किताबों के बोझ तले इल्म से महरूम रह जाता था। बस यहीं से उन्होंने तालीम पर काम शुरू किया। उनकी सोच थी "मेरे शहर का कोई बच्चा तालीम से वंचित नहीं रहेगा।" आज 14 साल बाद वो चिराग न सिर्फ जल रहा है, बल्कि सैकड़ों घरों को रौशन भी कर रहा है।

### मुफ्त तालीम का अनोखा मॉडल

श्री नरेंद्र भूषण स्कूल नर्सरी से कक्षा आठ तक का स्कूल है। स्कूल के मैनेजर देवेश भूषण बताते हैं "हमारा मकसद सिर्फ पढ़ाना नहीं है। हम किरदार बनाते हैं। यहां गरीब, यतीम और जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई 100% मुफ्त है। किताब, कॉपी, ड्रेस, जूते, बैग तक का इंतजाम स्कूल करता है। कंप्यूटर लैब, स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक प्रोग्राम और बेहतरीन पढ़ाई पर खास जोर है ताकि हमारा बच्चा आगे चलकर हर मुकाबले में खड़ा हो सके।"

स्कूल के अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट कहते हैं "इल्म बांटने से बढ़ता है। अगर एक बच्चा भी अफसर बन गया तो समझो हमारा मिशन कामयाब हो गया।"

### चार नस्लों की खिदमत का सिलसिला

भूषण खानदान को कुन्दरकी में "खिदमत का खानदान" कहा जाता है।

देवेश भूषण के परदादाः स्व. कल्याण दास खंडसारी - कुन्दरकी कस्बे के मौहल्ला सादात पूर्वी के निवासी थे। इंग्लैंड से खांड बनाने की मशीन मंगवाकर इलाके में रोजगार और तरक्की की राह खोली थी।

देवेश भूषण के दादाः स्व. गुलाब राय पहलवान ने - अपनी ताकत और अखलाक से दूर-दूर तक मशहूर थे। दादीः स्व. चंद्रावती देवी थी



देवेश भूषण

**रमन भूषण - श्री नरेंद्र भूषण स्कूल के मौजूदा अध्यक्ष है,और श्री शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष भी है, श्री रामलीला/मेला कमेटी उपाध्यक्ष है, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष भी रह चुके है।सन 2012 में कुन्दरकी निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ा भी लड़ा। सन 2022 में पत्नी शालिनी भूषण को भाजपा पार्टी से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया था। मगर सफलता नहीं मिल सकी**

-देवेश भूषण के पिताः स्व. श्री नरेंद्र भूषण - तालीम के सच्चे पैरोकार थे। जे.एल.एम. इंटर कॉलेज कुन्दरकी में प्रबंध समिति सदस्य रहे, और मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना में समिति के प्रबंधक रहें, हाजी झंडा खान इंटर कॉलेज काजीपुरा में प्रबंध समिति सदस्य रहे थे।

देवेश भूषण के ताऊः स्व. सुरेंद्र भूषण - श्री रामलीला/मेला कमेटी के चार दशक तक अध्यक्ष, व्यापार मंडल संरक्षक, हाजी झंडा खान इंटर कॉलेज काजीपुरा के प्रबंध समिति अध्यक्ष और मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना के अध्यक्ष रहे।

### आज का कारवां

-रमन भूषण - श्री नरेंद्र भूषण स्कूल के मौजूदा अध्यक्ष है,और श्री शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष भी है, श्री रामलीला/मेला कमेटी उपाध्यक्ष है, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष भी रह चुके है।सन 2012 में कुन्दरकी निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ा भी लड़ा। सन 2022 में पत्नी शालिनी भूषण को भाजपा पार्टी से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया था। मगर सफलता नहीं मिल सकी।

-देवेश भूषण-श्री नरेंद्र भूषण स्कूल के मैनेजर है, भाकियू भानू के राष्ट्रीय सचिव है, विकलांग सेवा समिति प्रदेश प्रवक्ता, कुंदरकी लाइव ग्रुप संयोजक, श्री रामलीला/मेला कमेटी प्रबंधक, व्यापारी सुरक्षा फोरम जिला सचिव, मानवाधिकार निगरानी समिति जिला सचिव है।

-प्रवीण भूषण- श्री रामलीला/मेला कमेटी अध्यक्ष है,और कुंदरकी लाइव ग्रुप के संरक्षक, व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष है।

-पदम भूषण - सामाजिक कार्यकर्ता, कारोबारी, किसान है।

परिवार खेती-किसानी से भी जुड़ा है। कुन्दरकी और डींगरपुर रोड पर पेट्रोल पंप और आम के बाग हैं। कारोबार की आमदनी का एक हिस्सा सीधे गरीबों की मदद में लगता है।

### पिता का ख्वाब, बेटे का संकल्प

देवेश भूषण की आंखें भर आती हैं "पिता का आखिरी ख्वाब था कि कुन्दरकी का हर बच्चा पढ़-लिखकर अफसर, डॉक्टर, इंजीनियर बने। हम दिन-रात उसी ख्वाब को सच करने में लगे हैं।"

### खानदान की विरासत - स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ाव

इस खानदान की जड़ें आजादी की लड़ाई से भी जुड़ी हैं। बाबा स्व. जीवाराम एडवोकेट स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे। उन्होंने "भूदान" नाम से साप्ताहिक अखबार भी चलाया। इंदिरा गांधी के आपातकाल में जेल गए। कहा जाता है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र तिवारी ने उनसे जेल में आकर माफी मांगने की बात कही थी, लेकिन बाबूजी ने साफ मना कर दिया और जेल की सजा पूरी की। उनका नाम ब्लॉक परिसर कुन्दरकी में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तंभ पर भी अंकित है।

### सम्मान और पैगाम

शिक्षा और समाज सेवा में योगदान के लिए देवेश भूषण को कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। लोग उन्हें "जनसेवक" के नाम से जानते हैं।

### पैगामः

श्री नरेंद्र भूषण स्कूल के मैनेजर देवेश भूषण का कहना है कि अगर आपके आसपास कोई गरीब, यतीम या जरूरतमंद बच्चा है जिसका एडमिशन नहीं हो पा रहा, तो उसे श्री नरेंद्र भूषण स्कूल, मौहल्ला कायस्तान ले आइए। तालीम की जिम्मेदारी हमारी है।

## गुरूदेव (दोहे)

उत्तम हो संसार में, बच्चों का व्यवहार।
गढ़ें गुरुदेव प्रेम से, शिक्षा शुभ संस्कार।।
वाणी में गुरुदेव की, होता प्रभु का वास।
हाथों से गुरुदेव के, बरसे निधियाँ खास।।

चलना पथ पर सीखते, गुरु से पाकर ज्ञान।
परम पूज्य गुरुदेव का, सदा करे सम्मान।।
सदा करो गुरु वंदना, कहते श्री भगवान।
गुरु विवेक जागृत करें, दे गीता का ज्ञान।।


बाधाओं को गुरु हरें, बरसाए वरदान।
सर्वोपरि हित शिष्य का, वेद रचित व्याख्यान।।
पदवी दी गुरूदेव को, विधाता ने विशेष।
ईश्वर की प्रतिमूर्ति गुरु, ब्रह्मा विष्णु महेश।।

गुरु राह दिखाए सही, हरे है अधंकार।
दिव्य प्रकाशित ज्योति से, नौका लगती पार।।
अपने अनुभव ज्ञान से, करें राह आसान।
समदृष्टि शिष्य पर रखे, दे उत्तुंग उड़ान।।

राही को मंजिल मिले, आशाओं के पंख।
गुरु के शुभ आशीष से, बजे जीत के शंख।।
करूण हृदय की मूर्ति गुरु, थामें रखता हाथ।
संरक्षक बनके सदा, जीवन में दे साथ।।

सांसारिक बंधन कटें, गुरु चरण तीर्थ धाम।
दयालु श्री गुरुदेव को, बारम्बार प्रणाम।।
कर्मों में शुचिता बसे, सच्चा श्रद्धावान।
श्रेष्ठ गुरु दक्षिणा यही, देना गुरु को मान।।

जीवन में "आनंद" हो,
गुरुकृपा और ओज।
नया ज्ञान गुरुदेव से, रहें
सीखते रोज।।



मोनिका डागा आनंद"

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

# मशीनों के युग में मनुष्य को मनुष्य बनाने वाली शक्ति : गुरु

जब संसार प्रकाश के साधनों से जगमगा रहा हो, फिर भी मनुष्य का अंतर्मन अज्ञान, भ्रम और बेचैनी के अंधकार से घिरा हो, तब गुरु का महत्व और बढ़ जाता है। आज सूचनाओं का महासागर है, पर सत्य की निर्मल धारा दुर्लभ होती जा रही है। तकनीक ने जीवन सरल बनाया है, किंतु आत्मिक शांति और सही दिशा की खोज गहरी हुई है। ऐसे समय में गुरु पूर्णिमा केवल पर्व नहीं, बल्कि चेतना जागरण का वह अवसर है, जो मनुष्य को भीतर छिपे प्रकाश से परिचित कराता है। पूर्ण चंद्रमा की शीतल आभा संदेश देती है कि अंधकार प्रकाश के सामने टिक नहीं सकता। गुरु वह दिव्य ज्योति है, जो भ्रम हटाकर सत्य का मार्ग दिखाती है और जीवन को उद्देश्य से जोड़ती है। सच्चा गुरु केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि भीतर सोई चेतना को जगाकर श्रेष्ठ स्वरूप पहचानने की प्रेरणा देता है।

### गुरु-शिष्यः अंतर्मन की ऊर्जा

युग बदले, साधन बदले, पर मनुष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता सही दिशा है। आज स्क्रीन की रोशनी में आंखें जाग रही हैं, पर भीतर का प्रकाश मंद पड़ रहा है। संबंध बढ़े हैं, संवाद घटा है; जानकारी बढ़ी है, पर समझ कम हुई है। ऐसे समय में गुरु-शिष्य संबंध केवल परंपरा नहीं, चेतना जागृत करने वाली शक्ति है। गुरु केवल शब्दों का ज्ञान नहीं देता, वह शिष्य के भीतर छिपे विश्वास, विवेक और सामर्थ्य को जगाता है। वह जीवन के कठिन मोड़ों पर दिशा देने वाला प्रकाशस्तंभ है, जो शिष्य को भीड़ में खोने नहीं देता, बल्कि स्वयं की पहचान तक पहुंचाता है। सच्चा गुरु मार्ग नहीं थोपता, बल्कि शिष्य को अपना मार्ग चुनने योग्य बनाता है। यही संबंध पीढ़ियों को आगे बढ़ाकर भीतर से श्रेष्ठ बनाता है।

### प्रकृतिः जीवन की पहली पाठशाला

मनुष्य ने किताबों में ज्ञान खोजा, पर जीवन के गहरे सत्य प्रकृति ने बिना शब्दों के सिखाए हैं। आज जब धरती अपने बदलते स्वरूप से मानव को चेतावनी दे रही है, तब समझने का समय है कि प्रकृति केवल जीवन का आधार नहीं, बल्कि हमारी सबसे बड़ी शिक्षक भी है। वृक्ष त्याग का अर्थ बताते हैं, नदियां रुकावटों के बीच आगे बढ़ना सिखाती हैं, पर्वत मौन रहकर संघर्ष की शक्ति दिखाते हैं और आकाश सीमाओं से परे सोचने की प्रेरणा देता है। सदियों से प्रकृति देती रही, पर हमने उसे केवल लेने की दृष्टि से देखा। गुरु पूर्णिमा का संदेश है कि प्रकृति को उपभोग की वस्तु नहीं, सम्मान की गुरु-दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। विकास की वास्तविक पहचान वही है, जहां मानव प्रगति और प्रकृति का अस्तित्व एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयात्री बनें।

# वन्यजीव खत्म तो जंगल खत्म और इंसान की सांसे भी खत्म

**(अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस विशेष - 29 जुलाई 2026)**

पृथ्वी पर मौजूद हर जीव अपनी अलग पहचान और भूमिका के साथ प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता हैं। खाद्य श्रृंखला की हर कड़ी आवश्यक है, क्योंकि किसी एक जीव का भी असंतुलन पूरे पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित कर सकता हैं। आज के समय में मनुष्य को छोड़कर सभी जीव प्रकृति की रक्षा में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। स्वच्छ हवा, साफ पानी और पर्याप्त भोजन सभी के जीवन के लिए जरूरी है, और ये तभी मिल सकते है जब पर्यावरण स्वस्थ और संतुलित हो। सूक्ष्म जीव मिट्टी को उपजाऊ बनाते है, जबकि पक्षी और वन्य प्राणी बीजों का प्रसार करके नए पौधों और वनों के विकास में सहायता करते हैं। जब जंगलों में जीव-जंतु सुरक्षित रहते है, तब वन हरे-भरे बने रहते है, मौसम का चक्र संतुलित रहता है, जलस्रोत सुरक्षित होते है और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता हैं। इससे प्रदूषण कम होता है, बीमारियों का खतरा घटता है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती हैं। वास्तव में वन्यजीव प्रकृति के सच्चे संरक्षक है, क्योंकि वे पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। मनुष्य के बिना प्रकृति स्वयं को तेजी से पुनर्जीवित कर सकती है, किंतु प्रकृति के अभाव में मानव जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है, इसलिए प्रकृति और वन्यजीवों का संरक्षण हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी हैं।

सभी जीवों को अपने प्राकृतिक अधिवास में जीने का अधिकार है, लेकिन पिछले कुछ दशकों से बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप के कारण वन्यजीवों और मानवों के बीच संघर्ष बहुत ज्यादा बढ़ गया हैं। इसमें हानि दोनों को होती है, मनुष्य भी जान गवांते है और वन्यजीव भी। आजादी के पहले राजा-महाराजाओं और अंग्रेजों ने शिकार करके जंगली जानवरों की संख्या बेहद कम कर दी। अधिकतम प्रजातियां तो हमेशा के लिए विलुप्त भी हो गयी। तेजी से घटती वन्यजीवों की संख्या को बचाने सरकार ने कानून बनाये हैं।

आयआयटी बॉम्बे और सस्त्रा विश्वविद्यालय के शोधकताओं की एक रिसर्च में पाया गया कि साल 2015 - 2019 के बीच, देश में हर 1 वर्ग किलोमीटर जंगल बढ़ने के बदले लगभग 18 वर्ग किलोमीटर जंगल खत्म हो गए। प्राकृतिक घने और पुराने जंगल तेजी से खत्म हो रहे है, अगर यही स्थिति रही तो, इसमें रहनेवाले वन्यजीव भी बुरे तरीके से प्रभावित होंगे ही, अर्थात उनका जीवन संकट में होगा। आज देश में बढ़ते शहरीकरण के कारण, पारंपरिक खेती कम हो रही है, शहरों के आसपास के गाँवो में कांक्रीट के जंगल बढ़ रहे है, जिसके कारण जंगल सिकुड़ रहे और मानवीय गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। जंगलों के पास, प्रकृति की गोद में लोगों को आबाद करने के लिए फार्महाउस बनाने का ट्रेंड चल पड़ा हैं। विकास के नाम पर जंगलों के बीच से महामार्ग बनाएं जा रहे और जंगलों को काटकर उत्खनन का काम चल रहा हैं। इससे सीधे तौर पर वन्यजीवों के प्राकृतिक अधिवास नष्ट हो रहे हैं। साल-दर साल प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ रही हैं।



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

जिन वनों में बाघ रहते है, वहां का पारिस्थितिक तंत्र अधिक समृद्ध और संतुलित होता हैं। बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि पूरे जंगल के संरक्षक हैं। जीवित रहने के लिए उन्हें विशाल, सुरक्षित और मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त आवास चाहिए। ऐसे क्षेत्रों की रक्षा से असंख्य वन्य प्राणी, वनस्पतियां, सूक्ष्म जीव और पूरी जैव-विविधता सुरक्षित रहती हैं। बाघ शाकाहारी जीवों की संख्या नियंत्रित करते हैं, जिससे वनस्पतियों का अत्यधिक दोहन रुकता है और प्राकृतिक संतुलन बना रहता हैं। सुरक्षित जंगल अधिक कार्बन सोखते है और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, ये घने वन वर्षा जल के प्रवाह को नियंत्रित कर बाढ़ की तीव्रता घटाते है और करोड़ों लोगों को मीठा पानी देते हैं। इसलिए बाघों और उनके आवासों की रक्षा पूरे पर्यावरण की रक्षा हैं। यह संरक्षण मानव जीवन, कृषि, जलस्त्रोतों और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं।

हर साल 29 जुलाई को "अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस" खतरे में पड़ी बड़ी बिल्लियों की प्रजातियों और उनके प्राकृतिक अधिवास को बचाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जाता हैं। बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, बाघ बचाओं, जंगल बचाओं, प्रकृति बचाओं यह नारा दिया जाता है, क्योंकि यह बचेंगें तो ही हम बचेंगें, यह समझना बहुत जरुरी हैं। ग्लोबल टाइगर फोरम के अनुसार, दुनिया भर के जंगल में सिर्फ.5,660 टाइगर बचे हैं। देश के नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी की रिपोर्ट "स्टेटस ऑफ टाइगर्स इन इंडिया : को-प्रिडेटर्स एंड प्रे 2022" के अनुसार, इनमें से 3,682 भारत में पाए जाते हैं। हर साल सड़क दुर्घटनाओं, खेतों में करंट से, खुले कुएं में गिरकर और शिकार द्वारा असंख्य वन्यजीवों की बेदर्दी से असमय मौत होती हैं। विदर्भ क्षेत्र (महाराष्ट्र) के समाचारपत्रों में अक्सर वन्यजीवों के मौत की खबर सुर्खियां बनी रहती है, विशेषकर बाघों के मौत की। आये दिन बाघों की मौत चिंता का विषय है, पिछले छह माह में महाराष्ट्र में कुल 24 बाघों की मौत हो चुकी हैं। साल 2025 के दौरान मध्यप्रदेश राज्य में कुल 54 बाघों की जान चले गयी और महाराष्ट्र राज्य के वनमंत्री गणेश नाईक ने बताया कि, महाराष्ट्र राज्य में 41 बाघों की मौत हुयी। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर अनुसार, हर बाघ की पहचान उसकी धारियों के अलग पैटर्न से होती है, ठीक वैसे ही जैसे हर इंसान के फिंगरप्रिंट अलग होते हैं। मादा बाघ अपने शावकों से संवाद करने के लिए कानों के पीछे बने सफेद निशानों का उपयोग करती है, जो उनके लिए संकेतों की तरह काम करते हैं। दुनिया के आधे से अधिक बाघ भारत में पाए जाते है, जो देश की समृद्ध जैव-विविधता का बड़ा प्रमाण हैं। बाघ अलग-अलग परिस्थितियों में गुर्राने, दहाड़ने, कराहने, फुफकारने और हांफने जैसी आवाजों से संवाद करते हैं। माना जाता है कि बाघ लगभग 20 लाख वर्षों से पृथ्वी पर मौजूद है, लेकिन पिछले सौ वर्षों में मानवीय हस्तक्षेप, जंगलों की कटाई और अवैध शिकार के कारण इनकी संख्या में लगभग 97 प्रतिशत की कमी आई हैं।

## बुधवार का राशिफल

**मेष:** धर्म कर्म में रुचि बढ़ेगी,मंदिर जाना शुरू कर सकते हैं, जीवन साथी की सलाह मानेंगे, सरकारी नौकरी के लिए फिर मन बनायेंगे, कुछ सीखना शुरू करेंगे। भाग्य प्रतिशत-60

**वृषभ:** बीमारी दोबारा परेशान करेगी, छूटी हुई शिक्षा शुरू करना चाहेंगे, पुराने विवाद जोर पकड़ सकते हैं, धन कमाने का नया जरिया मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन:** छूटी हुई कार्य पर ध्यान देंगे, सेहत पर भी कार्य करेंगे, घर का मसला जोर पकड़ सकता है, व्यवसाय उत्तम चलेगा। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क:** मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी,व्रत आदि शुरू कर सकते हैं,भटकाव कम होगा, शारीरिक ऊर्जा घट सकती है, नौकरी बदलने से पहले सोचे। भाग्य प्रतिशत-57

**सिंह:** इच्छायें पूरी होगी, आध्यात्मिक क्षेत्र या गुरु से जुड़ सकते हैं, जिस कार्य में घाटा हुआ था उसी काम को करने समय व्यर्थ करने से बचें। भाग्य प्रतिशत-60

**कन्या:** सुख की वृद्धि होगी, जीवन में अच्छी घटनाएं होंगी, शिक्षा करियर को दोबारा शुरू कर सकते हैं,जुए, सट्टे और अन्य गलत कार्यों से बचें। भाग्य प्रतिशत-63

**तुला:** भाग्य साथ देगा, पत्नी से संतान प्राप्ति की सूचना मिल सकती है,शौपिंग आदि भी कर सकती हैं, प्रेम समबन्ध में पवित्रता रखें। भाग्य प्रतिशत-61


**वृश्चिक:** परामर्श से लाभ होगा, सरकारी कार्य में व्यस्त रहेंगे, पैसे जोड़ने के लिए शुभ समय हैं, दूसरी संतान और शिक्षा के लिए प्रयास कर सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-68

**धनु:** व्यवसाय में उन्नति का संकेत है, घर प्रोपर्टी गाड़ी की इच्छा पूरी हो सकती हैं, वास्तुशास्त्र, इंजीनियरिंग, पर्फ्यूम, पूजा दुकान, बनाना, कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-78

**मकर:** अलौकिक शक्ति से सम्पन्न हो सकते हैं, मेहनत करने से पीछे नहीं हटेंगे, स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-70

**कुंभ:** परिवार में समस्या को सुलझाना चाहेंगे, मन से सच्चे प्रेम के लिए परेशान रहेगा, जिम्मेदारी बढ़ने वालीं है, नौकरी के लिए शुभ स्थिति है। भाग्य प्रतिशत-65

**मीन:** अपने फैसले पर दोबारा सोचे, मित्रता पड़ोसी से समबन्ध सामान्य हो सकते हैं, कानून, तकनीकी, पुलिस आर्मी जैसे क्षेत्रों मे है तो काम और तनाव बढ़ेगा।



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# एमजीएम कॉलेज केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी माध्यम है : डॉ योगेंद्र सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल।** एमजीएम कॉलेज में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के नवीन सत्र के उद्घाटन के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी के संबोधन को नव प्रवेशित छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं को दिखाया गया उक्त उद्बोधन का जीवंत प्रसारण एलसीडी स्क्रीन पर दिखाया गया कुलपति के संबोधन को विश्विद्यालय परिक्षेत्र संभल, रामपुर, अमरोहा, मुरादाबाद और बिजनौर के नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को दिखाया गया।

कुलपति ने विश्वविद्यालय के ध्येय वाक्य विद्ययाऽमृतमश्नुते की चर्चा करते हुए कहा कि विद्या अमरत्व प्रदान करती है। उन्होंने विश्विद्यालय के विजन की भी चर्चा की और कहा कि परिवर्तनकारी शिक्षा का अग्रदूत बनने की आकांक्षा, ज्ञान, नवाचार और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करते हुए विद्यार्थियों और संबद्ध संस्थानों को समग्र विकास और सतत विकास की दिशा में सशक्त बनाना ही प्रमुख उद्देश्य है।हमारा मिशन है ,ऐसा शैक्षिक वातावरण विकसित करना जो परंपरा और आधुनिक प्रगति को जोड़ता हो,अंतरविषयक अनुसंधान,नैतिक नेतृत्व और वैश्विक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता हो हमारा मिशन है कि समाज में उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करें,जो बुद्धिमत्ता,सतत विकास और सामाजिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध हों उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि विश्वविद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं है यह वह मंच है जहाँ आपकी प्रतिभा का विकास होता है, विचारों को उड़ान मिलती है, और जीवन के प्रति दृष्टिकोण निर्मित होता है। यहाँ आप अपने व्यक्तित्व को गढ़ेंगे,मित्रता और सहयोग के नए रिश्ते बनाएंगे, और अपने सपनों को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाएँगे।

# जर्जर बिजली लाइन और खंभों पर भाकियू किसान सभा का प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** नगर पंचायत निवाड़ी में जर्जर बिजली लाइनों, क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों, बार-बार होने वाली विद्युत कटौती तथा रात्रि में लाइनमैन की उपलब्धता नहीं होने जैसी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के पदाधिकारियों ने बिजलीघर पर धरना-प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रीय किसानों के साथ बड़ा आंदोलन और पंचायत आयोजित की जाएगी।




प्रदर्शन के दौरान संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने कहा कि वैभव पब्लिक स्कूल से शिव मंदिर तक विद्युत लाइन पूरी तरह जर्जर होकर नीचे लटक रही है। कई बार लिखित शिकायत देने के बावजूद विभाग ने अब तक मरम्मत नहीं कराई। संगठन का कहना है कि आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु इसी मार्ग से शिव मंदिर पहुंचेंगे। ऐसे में नीचे लटक रहे तार कांवड़ से स्पर्श होने पर गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि इसी मार्ग से कई विद्यालयों और दो इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इसके अलावा नगर पंचायत क्षेत्र में अनेक बिजली के खंभे जर्जर होकर मकानों की ओर झुक गए हैं। जिससे स्थानीय लोगों में लगातार भय का माहौल है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन्हें नहीं बदला गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

धरने में राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, युवा जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी, वाइस चेयरमैन कोऑपरेटिव सोसायटी आदित्य त्यागी, सभासद राजकुमार त्यागी, पूर्व सभासद अवनीश त्यागी, रविंद्र त्यागी, राजन त्यागी, कामिल सारा, सुनील त्यागी, बृजमोहन वर्मा, मुकेश त्यागी, सुबोध त्यागी, मदनलाल फौजी, जाकिर खान, समद खान सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# RWA फेडरेशन गाजियाबाद की अंतिम उम्मीदवार सूची जारी, सभी 15 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ।** आरडब्ल्यूए फेडरेशन, गाजियाबाद के चुनाव अधिकारी एवं जीएसटी अधिकारी राधामोहन द्विवेदी ने सोमवार को वर्ष 2026 के चुनाव की अंतिम उम्मीदवार सूची जारी कर दी। फेडरेशन के कुल 15 पदों के लिए 15 प्रत्याशियों ने ही नामांकन पत्र दाखिल किए थे। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया, जिसके बाद सभी 15 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित माने गए।


RWA FEDERATION, GHAZIABAD

जारी सूची के अनुसार राज कुमार गर्ग चेयरमैन, देवव्रत चौधरी को-चेयरमैन, राजीव अग्रवाल वाइस चेयरमैन (सिटी जोन), के.एल. मल्होत्रा वाइस चेयरमैन (वसुंधरा), विनय गुप्ता जनरल सेक्रेटरी (ऑर्गेनाइजेशन), प्रीतम लाल जनरल सेक्रेटरी-ई, मुकेश मनोहर अग्रवाल चीफ कोऑर्डिनेटर, धर्मेंद्र खंडेलवाल पीआरओ, महेश चंद्र गौतम सेक्रेटरी-एफ, राज कुमार त्यागी सेक्रेटरी (कवि नगर जोन), जितेंद्र कुमार सिंघल सेक्रेटरी (सिटी जोन) तथा बी.सी. जोशी, वीरेंद्र पाल सिंह, कृष्णकांत शर्मा और आर.के. शर्मा कार्यकारिणी सदस्य (एक्जीक्यूटिव मेंबर) चुने गए हैं।

चुनाव अधिकारी राधामोहन द्विवेदी द्वारा जारी अंतिम सूची के साथ फेडरेशन की नई कार्यकारिणी का गठन लगभग तय हो गया है। लंबे समय बाद फेडरेशन को नियमित रूप से निर्वाचित कार्यकारिणी मिलने जा रही है, जिससे शहर की विभिन्न आरडब्ल्यूए की समस्याओं और समन्वय को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित कर सौंदर्यकरण का किया उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** महान वैज्ञानिक मिसाइल मैन भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नगर पालिका परिषद हापुड़ के द्वारा डा.एपीजे कलाम साहब की स्टेचू के आसपास कराए गए भव्य सौंदर्यकरण व स्वच्छता ग्रीन बेल्ट का उद्घाटन नगर पालिका परिषद हापुड अध्यक्ष पुष्पा देवी,एससी एसटी आयोग उ प्र सरकार के सदस्य नरेंद्र खजूरी,उत्तर प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एस एम अकरम व सोसाइटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी ने संयुक्त रूप से करते हुए पूर्व राष्ट्रपति जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सोसाइटी के चेयरमैन दानिश कुरेशी ने उत्तर प्रदेश सरकार एससी एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी,भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस एम अकरम, उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य मनोज वाल्मीकि,रालोद के जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, यू ट्यूबर दा स्टार सलमुद्दीन एंव अन्य अतिथियों को पटका पहनाकर व फूलों का गुलदस्ता व पूर्व राष्ट्रपति की प्रतिमा तस्वीर भेटकर कर अभिनंदन स्वागत किया।





आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी ने कहा कि यह उनके लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है की डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने ऐसे महापुरुष की पुण्यतिथि पर उनको आमंत्रित कर सम्मान दिया।

वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि ने कहा कि आज जो भारत को विश्व गुरु की उपाधि मिली हुई है यह कलाम साहब की देन है उनके द्वारा जो मिसाइल बनाकर देश को मजबूती प्रदान की गई संपूर्ण भारतवर्ष उनका ऋणी रहेगा। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने कहा कि यह उनका परम सौभाग्य है कि उनके कार्यकाल में पूर्व राष्ट्रपति कलाम साहब की स्टेचू के आसपास सौंदर्य करण कराया गया।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एस एम अकरम, डॉ असलम फहीम सैफी बबलू मंसूरी,नरेंद्र खजूरी,पुष्पा देवी,मनोज वाल्मीकि,दानिश कुरेशी,जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी,हेमंत मिश्रा,सौराब ग्यास,जिला पंचायत सदस्य दीपक मेरठ,जितेंद्र,सुमित मलिक, सतीश राठी दीपक कुमार,अखिलेश कुमार,सागर,नितिन सभासद रिजवान कुरैशी,अफरोज अख्तर, डॉ मुशीर अहमद, खालिद जिलानी,मोनू चौधरी,अंकित सिरोही,आरिफ त्यागी अशरफ कुरैशी,राशिद अली मोहम्मद अहमद, डॉ दिलशाद अली आदि मौजूद रहे।

# एक सप्ताह में जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण करें: सीडीओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार जिला पर्यावरण समिति,जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग एक सप्ताह में जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण करें। जिले हापुड़ में वृक्षारोपण वर्ष 2026-27 हेतु आवंटित लक्ष्यों 1258433 के सापेक्ष 1350947 का पौधारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा सभी विभागों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिले में वर्तमान समय तक कुल 50 प्रतिशत जियोटैगिंग का कार्य किया गया है। समिति अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग जियोटैगिंग का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करें।



जिला पर्यावरण समिति की बैठक में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2026 के नए नियमों के लागू होने पर समिति अध्यक्ष द्वारा जनपद के समस्त संबंधित विभागों को क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में प्लास्टिक वेस्ट का प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप किया जाए। लोगों में जनजागरुकता अभियान चलाएं साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी करें। जिला गंगा समिति की बैठक में समिति अध्यक्ष द्वारा जिला पंचायती राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी गढ़मुक्तेश्वर को निर्देशित किया गया कि वे सावन माह में गंगा घाटों पर गंगा प्रहरियो और गंगा मित्रों की तैनाती करना सुनिश्चित करें। जिससे सावन माह में घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं/कावडियों में गंगा नदी की स्वच्छता से संबंधित जागरूकता (निर्धारित स्थानों पर ही विसर्जन करें, घाटों पर कूड़ा और गंदगी न करें) का संदेश देते हुए गंगा घाटों की स्वच्छता व्यवस्था बनाये रखने में सहायता कर सकें। इस अवसर पर गौतम सिंह प्रभागीय वनाधिकारी; विरेन्द्र कुमार अपर सांख्यिकी अधिकारी,शिव बिहारी शुक्ला जिला पंचायत राज अधिकारी;विपुल कुमार, प्रतिनिधि क्षेत्रीय अधिकारी,उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हापुड़; पर्यावरणविद् भारत भूषण, लोक भारती; तथा जनपद के समस्त संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति के साथ भरी सड़क पर की जमकर मारपीट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर ओमसन पब्लिक स्कूल के सामने मंगलवार पूर्वाहन ग्यारह बजे पति पत्नी और वो के बीच जमकर बवाल हुआ। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पहले कार से टक्कर मारकर पति को गिरा दिया और फिर जमकर धुनाई की। दोनों पक्षों ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवक का अपनी पत्नी से दो साल से विवाद चल रहा है। दोनों अलग अलग रहते है।

बताय जा रहा है कि युवक मंगलवार पूर्वाहन ग्यारह बजे किसी काम से बाइक से जा रहा था। जब वह दिल्ली मेरठ रोड पर पहुंचा तो उसे अपनी पत्नी कार में एक युवक से साथ जाती हुई दिखाई दी। इसके बाद युवक ने एक किलोमीटर तक उनका पीछा किया और दिल्ली मेरठ रोड पर ओमसन पब्लिक स्कूल के सामने उन्हें रोकने का प्रयास किया।

इसी बीच पत्नी के प्रेमी ने कार से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह नीचे गिर गया। आरोप है कि इसके बाद पत्नी व उसके प्रेमी ने युवक की लात घुसो से पीटाई करनी शुरू कर दी। यह नजारा देखकर भीड़ लग गई। मारपीट के बाद दोनों कार से फरार हो गए। बेरहमी से हुई पिटाई में युवक का हाथ टूट गया। युवक ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने पत्नी को भी थाने बुला लिया। थाने में भी दोनों के बीच जमकर नोकझोक हुई। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी का कहना है कि अभी तक इस मामले में जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ज्वार के पत्ते लेने गए युवक को ईख के खेत में खीचकर बेरहमी से पीटा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** पाइपलाइन मार्ग पर ज्वार के पत्ते लेने गए युवक को ईख के खेत में खींच कर बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर की ईदगाह कॉलोनी निवासी इकरामुद्दीन मंगलवार को पाइपलाइन रोड पर गुल्लू शाह पीर के पास ज्वार का पत्ते लेने के लिए गया था। इसी बीच चार युवकों ने उसे ईख के खेत में खीच लिया और बेरहमी से पिटाई करनी शुरू कर दी। इकरामुद्दीन को इतना पीटा गया कि वह बेहोश हो गया। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर घर पहुंचा और परिजनों को आपबीती सुनाई। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अनस, सुहेल, शुऐब निवासी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# इरशाद अहमद के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर, भीटी के खरगपुर कब्रिस्तान में दी गई अंतिम विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अयोध्या।** अम्बेडकर नगर विकास खंड मया (अयोध्या) के सराय सागर (जिगिनियाँ) निवासी युवा समाजसेवी मास्टर मुबारक अली इदरीशी के ससुर इरशाद अहमद का सोमवार सुबह अचानक इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और दिन भर संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा।

मंगलवार को बाद नमाज-ए-जोहर मौलाना अब्दुल सलाम साहब की इमामत में उनकी नमाज-ए-जनाजा अदा की गई। इसके बाद पूर्ण मुस्लिम रीति-रिवाजों के साथ उन्हें अम्बेडकर नगर जिले के भीटी ब्लॉक स्थित ग्राम सभा खरगपुर के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

फातिहा एवं अंतिम रस्मों में मास्टर मुबारक अली इदरीशी, मोहम्मद कैफ इदरीशी, चंद्रशेखर इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक रामतिलक शर्मा, मास्टर राहत अली सलमानी, हाफिज वासिद अली सीतापुरी, मौलाना फि दाहुसैन सुल्तानपुरी, मौलाना साजिद रजा जलालपुरी और मौलाना आबिद अली फूलपुरी सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। उपस्थित जनसमूह ने अल्लाह रब्बुल इज्जत से मरहूम की मगफिरत, उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम और शोकाकुल परिवार को सब्र-ए-जमील अता करने की दुआएं मांगी।

# डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को भेजा कारण बताओ नोटिस, समय से पहले कार्यालय छोड़ने और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद में तैनात जिला पूर्ति अधिकारी एक बार फिर से चचाओं का केन्द्र बन गयी है। जनसुनवाई और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में

## डीएसओ से मांगा तीन दिन में लिखित स्पष्टीकरण

लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी कविता मीना ने जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा बालियान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में समय से पहले कार्यालय छोडने और मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अनुपस्थित रहने का भी जिक्र है। जिलाधिकारी कविता मीना द्वारा कारण बताओ नोटिस में बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सीधी संवाद के दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और जिला रैंकिंग के संबंध में चर्चा के लिए डॉ. सीमा बालियान को एनआईसी बुलाया गया था।





आरोप है कि फोन पर संपर्क करने पर पता चला कि वह कार्यालय में मौजूद नहीं हैं और कार्यालय छोड़कर जा चुकी हैं। जबकि समय से पहले कार्यालय छोडने के लिए जिलाधिकारी से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी।

नोटिस में कहा गया है कि इससे पहले भी डीएम द्वारा समय पर कार्यालय आने और बैठने के निर्देश दिए जा चुके हैं, इसके बावजूद बार-बार समय से पहले कार्यालय छोड़ा जा रहा है। इससे जनता दर्शन में आने वाले लोगों की समस्याएं समय पर नहीं निपट पा रही हैं।

गत 21 जुलाई 2026 को जनसुनवाई में इंद्रगढ़ी थाना क्षेत्र की इसरत बेगम ने शिकायत की थी कि राशन डीलर पूरन मल आनंद पिछले कई महीनों से राशन नहीं दे रहा और उनके विकलांग पति से अभद्र व्यवहार करता है।

जिला पूर्ति अधिकारी डा.सीमा बालियान को निर्देश दिए गए थे कि तत्काल शिकायतकर्ता से बात कर राशन दिलवाया जाए और दोषी डीलर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट दी जाए। लेकिन आरोप है कि न तो डीलर पर कार्रवाई हुई और न ही पीड़ित की समस्या का समाधान किया गया।

डीएम ने नोटिस में कहा है कि इससे आम जनता में शासन-प्रशासन के प्रति गलत संदेश जा रहा है और अपने पदीय दायित्वों का ठीक से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। यह सरकारी कार्यों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण और कर्तव्यहीनता को दर्शाता है।

जिलाधिकारी ने डॉ. सीमा बालियान से 3 दिन के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है कि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। जवाब संतोषजनक न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

**आयोजन** — एन.आई.टी.टी.टी.आर. चंडीगढ़ के सहयोग एवं इंटेल के तकनीकी सहयोग से शिक्षकों को ए.आई. तकनीक से सशक्त बनाने की पहल

# आर.के.जी.आई.टी. में फ्यूचर वर्कफोर्स के लिए ए.आई. विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आर.के.जी.आई.टी.), गाजियाबाद के एम.सी.ए. विभाग द्वारा एन.आई.टी.टी.टी.आर., चंडीगढ़ के सहयोग एवं इंटेल के तकनीकी सहयोग से ए.आई. फॉर फ्यूचर वर्कफोर्स विषय पर पांच दिवसीय शॉर्ट-टर्म फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफ.डी.पी.) का आयोजन 20 से 24 जुलाई 2026 तक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) एवं मशीन लर्निंग (एम.एल.) की नवीनतम अवधारणाओं और व्यावहारिक अनुप्रयोगों से अवगत कराना तथा उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करना था। यह कार्यक्रम एम.सी.ए. विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिवा गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जबकि असिस्टेंट प्रोफेसर श्री शैलेंद्र सिंह चौहान ने प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थानों के फैकल्टी सदस्यों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।




प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं ने स्मार्ट फ्रेमवर्क के माध्यम से एक्शन प्लान तैयार करने, न्यूरल नेटवर्क मॉडल के विभिन्न प्रकार, ऑरेंज डेटा माइनिंग टूल पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण तथा कृषि क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रासंगिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।


इस अवसर पर डॉ. शिवा गर्ग ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को बदलती तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप अपने ज्ञान एवं कौशल को अद्यतन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) बी.सी. शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार आधारित शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) डी.के. चौहान ने एम.सी.ए. विभाग को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं रोजगार क्षमता को मजबूत करने में सहायक हैं।

समापन अवसर पर प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर शैलेंद्र सिंह चौहान ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञ वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास, विरोध करने पर महिला से की मारपीट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** (नासिर मंसूरी) थानाक्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने घर में घुसकर एक महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी युवक ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने थाने में तहरीर दी है।



पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक गांव निवासी महिला ने बताया कि सोमवार रात को वह घर में अकेली थी। इसी बीच गांव निवासी एक युवक दीवार फांदकर घर के अंदर आ गया। महिला का आरोप है कि युवक ने आते ही अश्लील हरकत करनी शुरू कर दी और खींचकर कमरे के अंदर ले गया। आरोपी युवक महिला केकपडे फाड़ दिए और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इतना ही नहीं महिला द्वारा विरोध करने पर युवक ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है।

# तीन बहनों द्वारा एक ही लड़के से विवाह का चर्चित मामला फर्जी निकला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा।** जनपद की तहसील हसन पुर में तीन बहनों द्वारा एक ही लड़के से विवाह का चर्चित मामला फर्जी निकला।

सोमवार को बाल कल्याण समिति के सामने पेश हुईं तीनों लड़कियों ने बताया कि यह विवाह असल में एक सोशल मीडिया प्रैंक था। लड़कियों ने बताया कि वे सोशल मीडिया पर वीडियो बनाती हैं। विवाह का जो वीडियो वायरल हुआ था, वह केवल एक मजाक था। सोशल मीडिया पर अत्यधिक ट्रोल किए जाने के बाद, उन्हें सफाई देते हुए यह कहना पड़ा कि उन्होंने वास्तव में एक ही लड़के से विवाह किया है । तीनों लड़कियों ने अब इस बात पर पछतावा व्यक्त किया है और माफी मांगी है कि उन्हें यह फ्रैंक इतना लंबा नहीं चलाना था और सच्चाई जल्द ही सामने लानी थी। दरअसल, तीन दिन पूर्व बाल कल्याण समिति अमरोहा के अध्यक्ष अतुलेश कुमार भारद्वाज ने मामले का संज्ञान लिया था। उन्होंने हसनपुर पुलिस को नोटिस जारी करते हुए बताया था कि इनमें से एक लड़की नाबालिग है।इसके बाद सोमवार को तीनों लड़कियां बाल कल्याण समिति के कार्यालय पहुंचीं।पूछताछ के दौरान, उन्होंने अपने विवाह को नकली बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने असलियत में विवाह नहीं किया ,बल्कि सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध होने के लिए यह प्रैंक किया था। तीनों बहनों ने यह वीडियो 17 जुलाई को बनाया था, जिसके बाद यह सोशल मीडिया पर तेजी से



वायरल हो गया।हालांकि पहले युवतियों ने दावा किया था कि उन्होंने वास्तविक विवाह किया है, लेकिन अब सच्चाई सामने आ गई है।बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अतुलेश कुमार भारद्वाज ने बताया कि नाबालिग युवती के बारे में जानकारी की जा रही है जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी उन्हों ने तीनों से लिखित ब्यान लिए हैं लेकिन मीडिया को कॉपी नहीं दी क्यूंकि उनके अनुसार यह गोपनीय दस्तावेज है। ज्ञात रहे कि इस संबंध में हसन पुर हिन्दू नेता मुकेश कुमार ने इस संबंध में कड़ी टप्पणी करते हुए इस को सनातन का अपमान बताया था। लोगों की कड़ी प्रतिक्रिया के बाद हसनपुर कोतवाली पुलिस ने 23 जुलाई को चारों को कोतवाली बुलाया था और पूछ ताछ की



थी जिस में सभी ने अपने आप को बालिग बताया था जबकि वास्तव एक युवती नाबालिग बताई जाती है। कोतवाली क्षेत्र के गांव धोरिया निवासी दो सगी बहनों देविका व छवि और उनकी मौसेरी बहन अलका (निवासी मेहरपुर, थाना रहरा) द्वारा एक ही युवक विकास उर्फ विक्कू (निवासी श्यामपुरी) से चामुंडा मंदिर में विवाह रचाने का मामला सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आया था । तीनों बहनें और विकास सोशल मीडिया पर रील बनाते हैं, जहाँ उनके लाखों फॉलोअर्स हैं। विकास उर्फ विक्कु पिछले छह महीने से उनकी रील्स में पति का किरदार निभाता था।मंदिर में विवाह का वीडियो वायरल होने पर हिंदूवादी संगठनों ने सनातन परंपरा और मयार्दा का उल्लंघन बताकर विरोध जताया। इस पर बहनों ने जवाब देते हुए कहा,"पहले राजा दशरथ की भी तीन रानियां थीं।हमने किसी धर्म का अपमान नहीं किया है।हम सब बालिग हैं और अपनी मर्जी से खुश हैं।"वहीं, मंदिर प्रबंधक डॉ.शिवचरण दास ने बताया कि घटना के समय मंदिर में मरम्मत कार्य चल रहा था और कोई पुजारी मौजूद नहीं था।कथित विवाह किस ने कराया इसकी भी जानकारी की जा रही है।धार्मिक संगठनों के विरोध और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हरकत में आ गई थी। 23 जुलाई को हसनपुर पुलिस ने चारों को कोतवाली बुलाया था । वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि चारों को बुलाकर उनके बालिग/नाबालिग होने संबंधी दस्तावेज और स्थिति स्पष्ट करने सम्बन्धी लिखित में प्रार्थना पत्र लिया गया है,परन्तु उस दिन से इस लोगों ने कोतवाली को भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।अब मामला जिला बाल कल्याण समिति में विचाराधीन हैं।

# प्रतिबिम्ब पोर्टल की मदद से एक साइबर ठग गिरफ्तार, दो पहले ही जा चुके हैं जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** प्रतिबिम्ब पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाले संदिग्ध मोबाइल नम्बरों के जांच के क्रम में साइबर क्राइम थाना अमरोहा पुलिस टीम द्वारा Shine.com व Noukri.com के अधिकारी बताकर ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना अमरोहा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-01/2026 धारा 318(4), 319(2), 317(2), 338,336 (3), 340 (2),61(2) भारतीय न्याय संहिता व 66(सी)/66(डी) आई0टी0 एक्ट से सम्बन्धित Shine.com व Noukri.com का डाटा प्राप्त कर लोगो को नौकरी दिलाने के नाम ठगी करने वाले वांछित अभियुक्त रोहन यादव पुत्र जय प्रकाश निवासी कुंदन नगर निकट रामलीला मैदान, लाइनपार,थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया ।पुलिस टीम के अनुसार प्रतिबिम्ब पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाले संदिग्ध मोबाइल नम्बरों के जांच के क्रम में प्रकाश में आया कि दिनांक 17 जून 2025 को अभियुक्तगण ने शाईन डाट कॉम व नौकरी डाट कॉम से डाटा प्राप्त कर पीडित आशुतोष सैन निवासी बाजार टोला, 983, ताल,अमरपाटन, जिला मईहार, मध्य प्रदेश के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की गयी।अभियुक्तों द्वारा सम्पुर्ण देश के अलग-अलग हिस्सो के लोगों के साथ पिछले एक वर्ष से नौकरी दिलाने के नाम पर साइबर फ्रॉड किया जा रहा था.उल्लेखनीय है कि प्रतिबिंब पोर्टल एक अत्याधुनिक साइबर अपराध निगरानी और विश्लेषण



प्रणाली है, जिसे भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र क4 सी द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।जब कोई साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 या National Cyber Crime Reporting Portal पर दर्ज की जाती है, तो सम्बंधित मोबाइल नंबर और बैंक खाता विवरण प्रतिबिंब में दर्ज होते हैं । यह पोर्टल इन नंबरों की भौगोलिक स्थिति करता है, जिससे अपराधियों की वास्तविक लोकेशन का पता चलता है । उक्त जानकारी के आधार पर संदिग्ध मोबाइल नंबर की जांच की जाती है।

पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आये कि अभियुक्त मुकुल सम्बन्धित कम्पनी से नौकरी की तलाश कर रहे लोगों का डाटा लेकर मोहम्मद फहीम व इसके साथी शाहबाज अहमद के द्वारा इनके पास कॉल करके इनको नौकरी दिलाने के लिए अलग-अलग फीस के रूप में ( उदारहण रजिस्ट्रेशन फीस 1980रू, डाकुमेंट वेरीफिकेश- 3500रू, ऑफर लेटर-6500रू आदि ) अलग-अलग फर्जी बैंक खातों में पैसा लेकर उनके फोन नम्बर को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाता था। इसके बाद विशाल व इसके भाई रोहन यादव द्वारा इस पैसे को भिन्न-भिन्न एटीएम से निकाला जाता था तथा इन्ही के द्वारा गरीब लोगो के नाम पर बैंक खाते व सिम कार्ड खुलवाकर उपलब्ध कराने का काम किया जाता था।

ज्ञात रहे कि इस रिपोर्ट के संदर्भ में मोहम्मद फहीम पुत्र जरीफ हुसैन निवासी ग्राम नूरियों सराय थाना कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल तथा विशाल पुत्र जय प्रकाश निवासी कुन्दन नगर निकट रामलीला ग्राउंड, लाइनपार,थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को पहले गिरफ्तार कर के जेल भेजा जा चुका है।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर की कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दानिश अली )।** मुख्यमंत्री के पोर्टल पर कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत युवक ने पत्र भेजकर की है। साथ ही शिकायती पत्र मे निर्माण सामग्री एकत्र करने की और धमकाने की बात भी कही।

नगर के मौहल्ला कोट गर्बी निवासी मोहसिन खान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए कहा कि महमूद खां सराय स्थित गाटा संख्या-142 मि0 मे कब्रिस्तान है जिसके वह सह-खातेदार है।

इसी भूमि मे ईदगाह के पूर्व इमाम मौलाना सुलेअमान अशरफ हामिदी की व उनके पूवजों की कब्र है। संक्रमणीय अधिकार वाली भूमि गाटा संख्या 142 (अ) पर अवैध कब्जा करने की नियम से आरोप लगाया कि नगर के मौहल्ला कोट पूर्वी निवासी फैजान अशरफ, बुरहान अशरफ तथा गाजी अशरफ ने निर्माण सामग्री आदि एकत्र कर ली और हमारी निजी भूमि को अपने कब्रिसतान मे मिलाने का प्रयास कर रहे हैं। अवैध निर्माण का विरोध किया तो अभद्रता करने लगे और कहने लगे कि हमारे पिरवार की पहुंच आला अधिकारियों तक है। फैजान अशरफ ने धमकी दी कि मुझे पहले भी फर्जी मामले मे बन्द करा चुका हू अगर यहां से नहीं गया तो इसी जमीन मे मारकर दबा दूंगा।

# रामपुर में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की जुबेर खान से मुलाकात, 2027 चुनाव पर हुई चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली** ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की रामपुर के एक होटल में कांग्रेस नेता जुबेर खान से मुलाकात हुई। जुबेर खान ने बताया कि अजय राय रामपुर में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार से मिलने जा रहे थे। इस दौरान खाने के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर उनकी अजय राय से काफी देर तक बातचीत हुई। सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं के




बीच संगठन और चुनावी रणनीति को लेकर भी चर्चा हुई।

# उद्योग व्यापार बंधु की बैठक से लौट रहे भाजपा नेता समेत पांच घायल, पिकअप की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चन्दौसी।** बहजोई स्थित जिला कलेक्ट्रेट में प्रस्तावित उद्योग व्यापार बंधु की बैठक से लौट रहे नगर के व्यापारी एवं भाजपा नेताओं की कार मंगलवार को सड़क हादसे का शिकार हो गई। ग्राम आटा स्थित सैनिक चौराहे के पास पिकअप वाहन की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन समेत पांच लोग घायल हो गए। अंकित जैन को गंभीर चोटें आने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया।

जानकारी के अनुसार, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता (एमडीएच), हरिगोपाल वार्ष्णेय, देवेंद्र गुप्ता (मोनू) और शीनू गुप्ता के साथ निजी कार से बहजोई गए थे। बताया गया कि उद्योग व्यापार बंधु की बैठक निरस्त होने के बाद सभी लोग चन्दौसी लौट रहे थे। इसी दौरान मंझावली मार्ग पर ग्राम आटा के सैनिक चौराहे के निकट पीछे से आ रहे एक पिकअप वाहन ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों वाहनों में टक्कर हो गई, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। अंकित जैन को अधिक चोटें आने पर मल्होत्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। अन्य घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

दुर्घटना के बाद व्यापारियों और भाजपा कार्यकताओं में चिंता का माहौल है। चिकित्सकों के अनुसार अंकित जैन की हालत में सुधार है और सभी घायलों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# गंगा तटीय क्षेत्रों का प्रशासन लगातार कर रहा है निरीक्षण, वर्तमान में स्थिति सामान्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ के निर्देश पर गंगा तटीय क्षेत्रों में जलस्तर की निरंतर निगरानी की जा रही है।इसी क्रम में उपजिलाधिकारी धनौरा शैलेश कुमार दुबे ने तिगरी,पपसरा खादर, दरानगर एवं सिसौवाली सहित गंगा तटीय गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से संवाद कर वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान सिसौवाली गांव में ग्रामीणों के अधिक आवागमन को देखते हुए दो अतिरिक्त नावों की व्यवस्था कराई गई। वहीं चकनवाला क्षेत्र में पूर्व से ही दो नावें संचालित हैं, जिससे लोगों के आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।निरीक्षण में





पाया गया कि वर्तमान समय में गांवों की ओर जाने वाले मार्गों पर कहीं भी पानी नहीं पहुंचा है। केवल गंगा नदी की ओर स्थित खादर क्षेत्र के उन खेतों में पानी आया है, जहां प्रतिवर्ष सामान्य रूप से जलभराव की स्थिति बनती है।तिगरी क्षेत्र में गंगा के जलस्तर में हल्की वृद्धि दर्ज होने पर एहतियात के तौर पर नदी किनारे अस्थायी झोपड़ियां हटाने के निर्देश संबंधित लोगों को दिए गए हैं, ताकि किसी भी संभावित स्थिति से पूर्व ही सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों को अवगत कराया कि वर्तमान में क्षेत्र की स्थिति पूरी तरह सामान्य है तथा प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ लगातार निगरानी कर रहा है। पशुओं के चारे की उपलब्धता एवं आवश्यक आवागमन के लिए नावों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गंगा तटीय क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाए रखें तथा किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी, भोजीपुरा थाने में मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शहाबुद्दीन )।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम डड़िया निवासी शाहिद खां पुत्र मोहम्मद रजा खां की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाने, वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



पीड़ित पिता के अनुसार उनकी 13 वर्षीय पुत्री को गांव के जुनैद ने प्रेमजाल में फंसाकर 15 जुलाई 2026 को गांव की बगिया में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने घटना का वीडियो भी बना लिया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को लगातार डराता रहा।

तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि 26 जुलाई की सुबह आरोपी जुनैद अपने साथियों मिजाज, अहमद, रियासत, शहामत, हम्माद, लियाकत और शराफत सहित करीब 10-15 लोगों के साथ पीड़ित के घर पहुंच गया। आरोपियों ने गाली-गलौज की, परिवार के साथ मारपीट की, मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया और विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को थाने ले गई।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पक्ष ने वीडियो वायरल करने और परिवार को गांव छोड़ने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए भोजीपुरा पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोजीपुरा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# रोजगार मेले में मिलेगा नौकरी का मौका, 29 जुलाई को चंदौसी आईटीआई में होगा आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, लखनऊ के निर्देशन में जिला सेवायोजन कार्यालय संभल की ओर से 29 जुलाई (बुधवार) को राजकीय आईटीआई, बदायूं रोड, चंदौसी परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा। रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयर और धनवर्षा बायो प्लांटिक, रुड़की सहित अन्य कंपनियां फील्ड ऑफिसर पद के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेंगी। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक उत्तीर्ण 18 से 25 वर्ष आयु के अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कराने के बाद अपने शैक्षिक प्रमाणपत्र, पासपोर्ट आकार के फोटो और बायोडाटा के साथ रोजगार मेले में शामिल हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

# जनपद स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, मंडल के लिए तीन टीमें चयनित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में मंगलवार को जनपद स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का

**नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन, छह अगस्त को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे जनपद का प्रतिनिधित्व**

शुभारंभ प्रधानाचार्या सुषमा उपाध्याय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने फ्लोर एक्सरसाइज, पॉमेल हॉर्स, वॉल्ट और पैरेलल बीम समेत विभिन्न स्पधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। क्रीड़ा प्रभारी धनंजय आर्य और विवेक





कुमार उपाध्याय के निर्देशन में प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं।

चयनकर्ता संजीव कुमार और सचिन शर्मा ने प्रदर्शन के आधार पर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तीन टीमों का चयन किया। अंडर-19 वर्ग में श्याम और नमन, अंडर-17 वर्ग में आदर्श, कपिल, निखिल, अनंत, दिव्यांशु, मृदुल, नवजीत और नक्ष, जबकि अंडर-14 वर्ग में देव, आदित्य, शिवम, हिमांशु, शिवा, प्रशांत, अमित और वंश का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी छह अगस्त को मंडल स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर मनोज कुमार, मुकेश कुमार, संजय शर्मा, हरिशंकर, राजवीर सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**हादसा** | **घटना के समय पूरा परिवार घर में बैठकर,खा रहा था खाना**

# छत गिरने से छ वर्षीय किशोरी सहित महिला की मौत, 6 गंभीर घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** थाना कैलादेवी क्षेत्र के गांव चंदनकटी मौजा में मंगलवार सुबह बरामदे की छत गिरने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें 6 वर्षी मासूम बच्ची सहित एक महिला की दबकर मौत हो गई कच्ची छत भरभराकर गिर गई। , जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़े घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी मस्कत के साथ मलवा हटाकर घायलों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला,घटना की सूचना पर कैला देवी पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

थाना कैला देवी क्षेत्र के गांव चंदनकटी मौजा मंगलवार की सुबह धर्मवती घर के बरामदे में





खाना बना रही थी तभी परिवार के लोग बरामदे में बैठकर खाना खा रहे अभी अचानक बरामदे की छत मलवा भर-भराकर नीचे गिर गया जिसमें परिवार के आठ सदस्य बुरी तरह घायल हो गए घायलों को बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने 6 वर्षी दिव्यांशी को मृतक घोषित कर दिया अन्य सभी घायलों की हालत नाजुक देखते हुए संभल के जिला अस्पताल रेफर कर दिया उपचार के दौरान सूरजमुखी पत्नी रामचंद्र उम्र 35 वर्ष की मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया रामचंद्र पुत्र नेम सिंह धर्मवती पुत्री नेम सिंह अंशुल पुत्र रामचंद्र अमीषा पुत्री रामचंद्र श्याम पुत्र विजय सिंह इन सभी घायलों का इलाज संभल के जिला अस्पताल में चल रहा है दिव्यांशी सूरजमुखी शव पोस्टमार्टम बहापुर पटटी के लिए भेज दिया गया इस हादसे से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और पूरे गांव में मातम सा छा गया लोगों के घरों में चूल्हे भी नहीं जले। ग्रामीणों ने बताया परिवार दिल्ली में मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहा है और पिन्नी की छत के नीचे जीवन यापन कर रहा था 6 भाइयों पर चार वीघा जमीन है दिल्ली में मजदूरी कर रहा था।

# ई-रिक्शों की मनमानी से शहर में बढ़ा जाम, कोतवाली के बाहर फंसे वाहन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या से आमजन परेशान हैं। मंगलवार को कोतवाली के बाहर मुख्य मार्ग पर भीषण जाम लग गया, जिससे दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई वाहन लंबे

**अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात बना परेशानी का कारण, लोगों ने प्रशासन से की कार्रवाई की मांग**

समय तक जाम में फंसे रहे और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।




स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य बाजार और कोतवाली के आसपास बड़ी संख्या में ई-रिक्शों का अव्यवस्थित संचालन जाम की प्रमुख वजह बन रहा है। सवारियां बैठाने और उतारने के लिए सड़क पर ही ई-रिक्शा खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है। इसके अलावा सड़क किनारे अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग भी समस्या को और गंभीर बना रही है। नगरवासियों ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए ई-रिक्शों के संचालन पर नियंत्रण, अवैध पार्किंग हटाने तथा नियमित यातायात व्यवस्था लागू कराने की मांग की है, ताकि शहर को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# कांवड़ यात्रा-2026 को लेकर एसपी-एएसपी ने कैराना में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** आगामी कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह एवं एएसपी सुमित शुक्ला ने सोमवार को कस्बा कैराना में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा मार्ग, मुख्य बाजार, प्रमुख चौराहों तथा संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने पुलिस कर्मियों को संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखने, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा कांवड़ यात्रियों और आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण एवं विनम्र व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने सभी से आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्व की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।



# 120 बच्चों ने उठाया निःशुल्क दंत एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** संकल्प शिक्षा सेवा उत्थान समिति ट्रस्ट, शामली द्वारा एस.बी.वी.एम. पब्लिक स्कूल, मोहल्ला नंदूप्रसाद एवं ब्राइट करियर स्कूल में निःशुल्क दंत एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. अजय वर्मा एवं नेत्र विशेषज्ञ डॉ. शिवानी गुप्ता ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस शिविर में लगभग 120 बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए कविता प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं सुनील अरोरा ने बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति अध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी ने किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक नितिन वर्मा, संस्थापक सुनील अरोरा, सचिव रुचिर गोयल, कोषाध्यक्ष नितिन एडवोकेट, राकेश शर्मा, राकेश कुच्छल, श्याम लाल एडवोकेट, अरुण बंसल, मनोज धीमान एवं सुषमा धीमान सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।





# डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय में आईआईटी रोपड़ के सहयोग से सीपीएस लैब का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ के सहयोग से अत्याधुनिक साइबर फिजिकल सिस्टम्स लैब का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (एनएम-आईसीपीएस) के तहत शिक्षा मंत्रालय एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से स्थापित इस प्रयोगशाला का उद्घाटन आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो राजीव आहूजा ने किया। समारोह में एडब्ल्यूएडीएच (टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब) आईआईटी रोपड़ की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ राधिका त्रिखा तथा आईआईटी रोपड़ टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन के मुख्य नवाचार अधिकारी डॉ मुकेश केस्टवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि प्रो राजीव आहूजा ने कहा कि देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों के बीच इस प्रकार का सहयोग विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह प्रयोगशाला विद्यार्थियों और शोधकताओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, एम्बेडेड सिस्टम्स, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 जैसी आधुनिक तकनीकों पर शोध एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करेगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को आईआईटी रोपड़ में सवेतन इंटर्नशिप, एआई माइनर प्रोग्राम, छात्र एवं संकाय विनिमय, स्टार्टअप इन्क्यूबेशन, वित्तीय सहयोग, विशेषज्ञ मार्गदर्शन तथा क्रेडिट ट्रांसफर जैसी सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप कौशल आधारित शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह सहयोग विद्यार्थियों को उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान देने के लिए भी सशक्त करेगा। विश्वविद्यालय की ओर से कुलाधिपति प्रो (डॉ) डीके मोदी, कुलपति प्रो (डॉ) पीएन हृषीकेशा, डॉ एसके नायर, डॉ संजय गुप्ता, यूएन मिश्रा, डॉ दीपांकर शर्मा, व तरुण कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






# सुभारती विश्वविद्यालय में 'योग एवं व्यक्तित्व विकास' विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा "योग एवं व्यक्तित्व विकास" विषय पर एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन एफओई भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम में योग के माध्यम से समग्र व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिकारी ने अतिथियों, संसाधन व्यक्ति एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ किया। इसके उपरांत शिक्षा संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा ने मुख्य संसाधन व्यक्ति प्रो. (डॉ.) ओमनारायण तिवारी, डीन, स्कूल ऑफ योगिक साइंस एंड नेचुरोपैथी, श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय, देहरादून को पटका, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) ओमनारायण तिवारी ने अपने प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान में कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ट्रान्सेंडेंटल मेडिटेशन (टीएम) जैसी ध्यान पद्धतियाँ व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित, भावनात्मक रूप से मजबूत तथा नैतिक रूप से सुदृढ़ बनाती हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच बढ़ते तनाव, चिंता और जीवनशैली से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी समाधान भारतीय योग एवं आयुर्वेद की प्राचीन ज्ञान परंपरा में निहित है। योग व्यक्ति की एकाग्रता, निर्णय क्षमता, नेतृत्व कौशल, आत्मविश्वास एवं पारस्परिक व्यवहार को सुदृढ़ बनाता है, जिससे शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव होता है।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की अंतर-मंत्रालयी समिति (अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस) के सदस्य के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए प्रो. तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था में योग को प्रभावी रूप से समाहित किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के समग्र विकास को नई दिशा मिल रही है।

कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता तथा संस्थागत सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान एसडीजी-3 (अच्छा स्वास्थ्य एवं कल्याण), एसडीजी-4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा), एसडीजी-5 (लैंगिक समानता) तथा एसडीजी-17 (लक्ष्यों हेतु भागीदारी) की भावना को साकार करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही सुभारती विश्वविद्यालय एवं श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय, देहरादून के मध्य शैक्षणिक सहयोग को भी रेखांकित किया गया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. मंजू अधिकारी, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. दीपक राघव, डॉ. निशांत कुमार, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. अंकित सिंह जादौन, श्री शरद पंवार एवं सुश्री दीपांशु चौधरी सहित शिक्षा विभाग के समस्त संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। व्याख्यान के पश्चात आयोजित संवादात्मक सत्र में प्रतिभागियों ने योग, मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ से विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री संजीत टीके ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) ओमनारायण तिवारी, शिक्षा संकाय के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा, विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिकारी तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व एवं पेशेवर दक्षता को भी नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम ज्ञान, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास के समन्वय का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





# घर-घर पहुंचे दिग्विजय, लोगों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता दिग्विजय शिशोदिया ने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से संवाद

### जनता का मिल रहा भरपूर समर्थनः दिग्विजय सिंह

किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों और मोहल्लों में घर-घर जाकर नागरिकों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना।

दिग्विजय शिशोदिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी आमजन के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने का माध्यम बनता है। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने युवाओं, किसानों, व्यापारियों और महिलाओं से बातचीत कर क्षेत्र के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

अभियान में पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। जगह-जगह लोगों ने उनका स्वागत किया और स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी रणनीति तैयार की।





# संचालक शिविरों में स्वच्छता पर दें खास ध्यानः रोहित शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सह जिला संयोजक रोहित शर्मा ने श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को पर्यावरण के अनुकूल बनाने की अपील करते हुए सभी कांवड़ शिविर संचालकों और शिवभक्तों से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से हरित कांवड़ यात्रा"श अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने का आह्वान किया।

रोहित शर्मा ने कहा कि कांवड़ शिविरों में स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा डिस्पोजेबल सामग्री का न्यूनतम उपयोग किया जाए। उन्होंने जल का आवश्यकता के अनुसार ही उपयोग करने और शिविरों में कचरे के उचित निस्तारण की व्यवस्था करने पर भी विशेष बल दिया,। ताकि यात्रा के दौरान पर्यावरण पर अनावश्यक बोझ न पड़े। उन्होंने शिवभक्तों से भी आग्रह किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान प्लास्टिक एवं अन्य प्रदूषणकारी सामग्री के उपयोग से बचें तथा स्वच्छता बनाए रखते हुए पर्यावरण संरक्षण को अपनी धार्मिक आस्था का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उनका कहना था कि सामूहिक प्रयासों से ही कांवड़ यात्रा को वास्तव में "हरित कांवड़ यात्रा" का स्वरूप दिया जा सकता है।

रोहित शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश जोड़ना समय की आवश्यकता है और प्रत्येक श्रद्धालु की सहयोग से स्वच्छ एवं हरित वातावरण का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।



रोहित शर्मा

# प्रकृति संरक्षण ही मानवता की सच्ची सेवा : अजय कुमार शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** तिरंगा मार्केट में केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा प्रकृति संरक्षण दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रकृति को सुरक्षित, सुंदर और संपन्न बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहम्मद शाहनवाज आलम ने कहा कि हमें अपने मेडिकल स्टोर से निकलने वाली एक्सपायर दवाइयों को नदी-नालों में नहीं फेंकना चाहिए। उन्होंने पॉलिथीन के उपयोग को प्रकृति के विरुद्ध आचरण बताया और इसके बहिष्कार पर जोर दिया। केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने प्रकृति संरक्षण को मानवता की सच्ची सेवा बताया।

मोहम्मद नसीम ने वृक्षारोपण को प्रकृति संरक्षण की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर के बड़ों की स्मृति में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने जल को प्रदूषित होने से बचाने और पर्यावरण की सुरक्षा प्रदान करने का सामूहिक संकल्प लिया। मोहम्मद हसनैन, बॉबी चौधरी, नवनीत, आदित्य शर्मा, गौरव कुमार, रोहित कुमार, गौतम, लोकेश कुमार, विशाल कुमार, नोमान प्रधान आदि सदस्यों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रीय ध्वज के नाम पर शपथ ली। शपथ में जल प्रदूषण,वायु प्रदूषण और मृदा प्रदूषण न करने, वृक्षारोपण करने तथा पॉलिथीन का उपयोग न करने का संकल्प शामिल था कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव देव ने की तथा *संचालन दुर्वेश सैनी ने किया।



# वार्ड-17 के सलेक चंद विहार बाईपास पर चला सफाई अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को देखते हुए नगर पालिका परिषद शामली द्वारा वार्ड संख्या 17 के सलेक चंद विहार बाईपास क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे उगी झाड़ियां, घास-फूस एवं कूड़े-कचरे को हटाकर मार्ग को स्वच्छ बनाया गया, ताकि कांवड़ियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

नगर पालिका परिषद के सुपरवाइजर परवीन कुमार के निर्देशन में सफाई कर्मचारियों ने अभियान चलाकर पूरे मार्ग की साफ-सफाई की। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान स्वच्छ और सुरक्षित मार्ग श्रद्धालुओं के लिए बेहद आवश्यक है।



**जागरूकता** कार्यक्रम का उद्देश्य विधि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग, व्यावसायिक नैतिकता तथा भारतीय बार परिषद (Bar Council of India) के दिशा-निर्देशों के प्रति जागरूक करना था


# सुभारती लॉ कॉलेज में 'विधिक पेशेवर नैतिकता एवं सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग' पर जागरूकता सत्र आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में "सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विधिक पेशेवर नैतिकता बनाए रखने" विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विधि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग, व्यावसायिक नैतिकता तथा भारतीय बार परिषद (Bar Council of India) के दिशा-निर्देशों के प्रति जागरूक करना था। यह जागरूकता सत्र सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक माननीय राजेश चन्द्र (पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) के निर्देशन एवं संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

अपने प्रेरक संबोधन में माननीय राजेश चन्द्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता का आचरण सदैव उसकी गरिमा, प्रतिष्ठा और न्यायपालिका की मयार्दा के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने भारतीय बार परिषद (Bar Council of India) नियमों के भाग-6, अध्याय-2 की प्रस्तावना "व्यावसायिक आचरण एवं शिष्टाचार के मानक (Standards of Professional Conduct and Etiquette)" का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक अधिवक्ता को न्यायालय के अधिकारी, समाज के सम्मानित सदस्य और एक सज्जन व्यक्ति के रूप में अपनी गरिमा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया पर भी इसी मयार्दा और जिम्मेदारी का पालन करने का आह्वान किया। प्रो. (डॉ.) रीना बिश्नोई ने कहा कि भारत में विधिक व्यवसाय केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि एक गरिमामय, विद्वतापूर्ण और उत्तरदायित्वपूर्ण पेशा है। अधिवक्ता न्यायालय का अधिकारी होने के साथ-साथ न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ होता है। ऐसे में डिजिटल मंचों पर भी उसका आचरण उसकी पेशेवर पहचान और विश्वसनीयता का परिचायक होता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का जिम्मेदार, संयमित एवं विधिसम्मत उपयोग करने के लिए प्रेरित करना तथा विधिक पेशे की गरिमा बनाए रखने के प्रति जागरूक करना था।इस दौरान श्री हर्षित एवं श्री आशुतोष देशवाल ने विद्यार्थियों को न्यायालय परिसर, न्यायिक कार्यवाही, अधिवक्ताओं के चैंबर तथा इंटर्नशिप से संबंधित कार्यों की रील, वीडियो अथवा सनसनीखेज सामग्री सोशल मीडिया पर साझा करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने इंटर्नशिप के दौरान गोपनीयता बनाए रखने, डिजिटल आचरण में जिम्मेदारी निभाने तथा पेशेवर नैतिक मूल्यों का पालन करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। सत्र के अंत में विद्यार्थियों ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार निर्धारित अंडरटेकिंग भी भरी। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) प्रेम चंद्र, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. आफरीन अल्मास, शालिनी, डॉ. अंजुम जहां, सोनल जैन, अरशद आलम, शिवानी, पार्थ एवं अनुराग सहित लॉ कॉलेज के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विधि विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जागरूकता सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि एक सफल अधिवक्ता की पहचान केवल उसके विधिक ज्ञान से नहीं, बल्कि उसके नैतिक आचरण, सामाजिक उत्तरदायित्व और डिजिटल माध्यमों पर जिम्मेदार व्यवहार से भी होती है।





# जनगणना 2027: 16 अगस्त से होगी "संसाधनों की गणना"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनगणना 2027 के दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।16 अगस्त से संसाधनों की गणना शुरू होनी है जिस से पहले डिस्ट्रिक सेंसेस हैंडबुक (जिला जनगणना हस्तपुस्तिका-डीसीएचबी) तैयार की जा रही है। जिला जनगणना हस्तपुस्तिका-डीसीएचबी में जिले भर के सांख्यकी, प्रशासनिक, सामाजिक एवं आर्थिक दस्तावेज सूचीबद्ध होंगे। जिले की जनसंख्या, लिंगानुपात, साक्षरता दर से लेकर शिक्षा, पेयजल, कृषि, पशुपालन, और भूमि उपयोग सभी के आंकड़े होंगे। जिला जनगणना अधिकारी एवं एडीएम वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बताया कि जिला जनगणना हस्त पुस्तिका जिले का महत्वपूर्ण सांख्यिकीय, प्रशासनिक, सामाजिक एवं आर्थिक दस्तावेज होगा। जिसका उपयोग विभिन्न विभागों की योजनाओं के निर्माण, नीति निर्धारण तथा विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने में किया जाता है। इसलिए सभी सूचनाएं सत्यापित एवं त्रुटिरहित होनी चाहिए। आठ हजार कर्मचारी इस कार्य में जुटेंगे। 16 अगस्त से पोर्टल पर फीडिंग शुरू हो जाएगी। इस कार्य में लगे राजस्व निरीक्षकों एवं तकनीकी सहायकों को डीसीएचबी माड्यूल एवं पोर्टल पर आंकड़ों की प्रविष्टि का प्रशिक्षण सभी तहसीलों में दिया जा चुका है।




# हाजी लियाकत हुसैन 90 वर्ष की उम्र में अलविदा"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** मोहम्मद इब्राहिमपुर गांव की गलियों में आज सन्नाटा था। 90 वर्षीय हाजी लियाकत हुसैन के निधन की खबर ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। मंगलवार को बीमारी के चलते हाजी लियाकत हुसैन का निधन हुआ। लेकिन उनके जाने से जो खालीपन हुआ है, उसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है।

**"मिलनसार " के नाम से मशहूर थे**

हाजी लियाकत हुसैन सिर्फ एक नाम नहीं, पूरे इलाके का भरोसा थे। सहकारी गन्ना विकास समिति के निर्विरोध डेलीगेट थे। मदरसा अजीम-उल-उलूम अहले सुन्नत के कमेटी सदर थे। और सबसे बढ़कर 20 गांवों के "बाबा"। रोजाना दर्जनों लोग उनसे सलाह-मशवरा करने आते थे। हिंदू-मुस्लिम, गरीब-अमीर - सबके लिए उनके दरवाजे खुले थे। मूल रूप से किसान रहे हाजी लियाकत हुसैन ने खेत की मेहनत के साथ-साथ इंसानियत की फसल भी बोई।

**एक घर से निकले कई जनसेवक**

उनके परिवार ने भी उनके संस्कारों को आगे बढ़ाया। बेटे आफाक हुसैन - बिलारी तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता, 6 बार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। पौत्र आतिफ कमल - भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, स्योंडारा सहकारी संघ के उपसभापति। पौत्र हाजी फहीम इरफान - बिलारी से वर्तमान सपा विधायक है। भतीजे हाजी इरफान - बिलारी के पहले विधायक बने थे। भतीजे हाजी उस्मान- सात बार प्रधान और प्रधान संगठन के राष्ट्रीय नेता रहे।



**तहसील से गांव तक शोक**

जैसे ही निधन की खबर फैली, तहसील बार एसोसिएशन ने श्रद्धांजलि स्वरूप सभी अदालतों में काम बंद कर दिया। तहसील में शोक सभा हुई। अधिवक्ताओं ने कहा "एक युग का अंत हो गया।" व्यापार मंडल, किसान संगठन, जाट महासभा, प्रेस क्लब, भाजपा और कांग्रेस के नेता - सभी दल के लोग अंतिम दर्शन को पहुंचे। संजय जैन, सुनील आर्य, डॉ. गीता शर्मा, सुरेश सैनी, शाकिर मलिक, कल्लू प्रधान समेत सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। सीएचसी के डॉक्टर और स्टाफ भी पहुंचे।

उनका जनाजा गांव के कब्रिस्तान में भारी भीड़ के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

# अगस्त में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अगस्त में विभिन्न राज्यों मे 14 दिन बंद रहेंगे बैंक। अगस्त में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक'2 अगस्त (रविवार)8 अगस्त दूसरा शनिवार,9 अगस्त (रविवार),पैट्रियटस डे (कुछ राज्यों में)13 अगस्त (गुरुवार),स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त (शनिवार),16 अगस्त (रविवार),श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (कई राज्यों में) 20 अगस्त (गुरुवार),22 अगस्त (शनिवार),23 अगस्त (रविवार),गणेश चतुर्थी (कुछ राज्यों में)26 अगस्त (बुधवार),गणेश उत्सव (कुछ राज्यों में)28 अगस्त (शुक्रवार),27 अगस्त (गुरुवार)नुआखाई (ओडिशा), 30 अगस्त (रविवार),31 अगस्त (सोमवार)क्षेत्रीय अवकाश (कुछ राज्यों में), सभी छुट्टियाँ पूरे भारत में लागू नहीं हैं। हैं। कई अवकाश केवल संबंधित राज्यों/क्षेत्रों में ही लागू होंगे।




# मंडलायुक्त के आदेश का सपा सांसद एवं कार्यकर्ताओं ने किया "स्वागत"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को गिराने के लिए जिलाधिकारी रामपुर द्वारा जारी नोटिस पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाए जाने के फैसले का सपा नेताओं ने स्वागत किया है। सांसद रुचिवीरा ने बयान जारी कर कहा कि वह कमिश्नर को धन्यवाद और छात्रों को बधाई देती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही जौहर विवि को न्याय मिलेगा। इसी तरह सपा के प्रदेश सचिव फिरासत हुसैन गामा ने भी फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने छात्र हित और जनभावनाओं के अनुरूप बताते हुए फैसले पर कमिश्नर का आभार व्यक्त किया।



# संकुल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के छात्रों का रहता" दबदबा " तीनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज पाठंगी में मंगलवार को संकुल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया' प्रतियोगिता में महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज कांठ, डी एस एम इण्टर कॉलेज कांठ,श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज पाठंगी व पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी के छात्रों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य रईस अहमद ने छात्रों का परिचय प्राप्त करके किया। प्रतियोगिता के सभी वर्गों में महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज के छात्रों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए जीत दर्ज कर तीनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया सब जूनियर वर्ग सिंगल में अवि यादव व डबल्स में अवि यादव, यशराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जूनियर वर्ग के सिंगल में रोबिन कुमार व डबल्स में प्रांजल शर्मा व रोबिन कुमार की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सीनियर वर्ग सिंगल में गर्व अग्रवाल और डबल्स में गर्व अग्रवाल और दिव्यांशु की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ी 31 जुलाई 2026 को जी. जी. हिन्दू इण्टर कॉलेज मुरादाबाद में आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर खेल शिक्षक पदम सिंह, कुलदीप कुमार, हरिनाथ यादव राजेश सिंह सुधीर कुमार का विशेष योगदान रहा।



# जौहर यूनिवर्सिटी प्रकरण: विवि के समर्थन में आए एलएलबी के छात्र, डीएम को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले के विभिन्न कॉलेजों के एलएलबी के विद्यार्थी जौहर विश्वविद्यालय के समर्थन में उतर आए हैं। सोमवार को रामपुर पहुंचकर आरडीए द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में जिलाधिकारी रामपुर को ज्ञापन दिया।विद्यार्थियों ने रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जौहर विश्वविद्यालय की 38 इमारतों को गिराने के हालिया आदेश पर चिंता व्यक्त की। छात्र गगन सिंह ने कहा कि इस प्रस्तावित कार्रवाई से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक जाएगा। यह संस्थान शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र है। इमारतों को तोड़ने से न केवल शैक्षणिक नुकसान होगा बल्कि अमूल्य संपत्ति भी नष्ट होगी।उन्होंने मांग की कि विश्वविद्यालय की तकनीकी या प्रशासनिक कमियों को बातचीत के माध्यम से सुलझाया जाए, ताकि संस्थान का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। इस दौरान छात्रों के हाथों में 'शिक्षा की ज्योत जगाने निकले हैं हम' जौहर विश्वविद्यालय को बचाने निकले हैं, हमारी मांग पूरी हो जौहर यूनिवर्सिटी की रक्षा जरूरी हो जैसे स्लोगन लिखे कार्ड थे।



# एसएसपी दफ्तर में "महिला ने खुद पर उड़ेल लिया "तेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** एसएसपी दफ्तर में सोमवार की सुबह साढ़े 11 बजे एक महिला ने अपने ऊपर तेल डाल लिया और आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। महिला ने अपने हाथ में पकड़े कागजात भी फेंक दिए। महिला पुलिस कर्मियों ने महिला को शांत कराया। सूचना मिलने पर महिला थाने और सिविल लाइंस थाने से भी पुलिस पुलिस पहुंच गई। इसके बाद महिला को थाने भेज दिया गया। जहां सोमवार की शाम दोनों पक्षों में समझौता हो गया।एसएसपी कार्यालय में खुद पर तेल डालकर हंगामा करने वाली महिला ने बताया कि कुछ लोगों के खिलाफ उसने थाने और चौकी में शिकायत की थी लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद से आरोपी पक्ष लगातार उस पर समझौते का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने और जेल भिजवाने की धमकियां दी जा रही हैं। उसके फोटो और वीडियो का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनल पर भ्रामक और आपत्तिजनक बातें भी शेयर की गई हैं। जिसके जरिये उससे रुपये की मांग की।रुपये नहीं देने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि महिला और दूसरे पक्ष में समझौता हो गया है। उसने लिखित में दिया है कि वह कोई कार्रवाई नहीं चाहती है। इससे पहले महिला ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी से भी भागने की कोशिश की थी।

# 4 अगस्त को निकलेगा चेहल्लुम का मुख्य मातमी जुलूस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके 71 जानिसारों के चेहल्लुम के सिलसिले में मजलिसो और शहादत नामों की महफिले तेज हो गई है तथा ताजियादारो ने जुलूस की तैयारियों को पूर्ण करना तेज कर दिया है । आजादारी कमेटी के अध्यक्ष मेंहदी नकवी ने बताया कि नगर में शिया व अहले सुन्नत का सयुंक्त रूप से कर्बला के शहीद नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके जानिसारों के चेहल्लुम का मुख्य मातमी जुलूस 4 अगस्त को निकाला जाएगा तथा 3 अगस्त को नगर में शिया व अहले सुन्नत का मेंहदी का जुलूस निकाला जाएगा तथा 5 अगस्त को अंजुमन शाने हैदरी की जानिब से आलम मुबारक का जुलूस निकला जाएगा जिसमे देश के विभिन्न इलाकों से अंजुमने आकर नौहा ख्वानी करेगी तथा 7 अगस्त को 72 शबीहे ताबूत का जुलूस निकलेगा ।

**5 अगस्त को अंजुमन शाने हैदरी की जानिब से निकलेगा मातमी जुलूस**



आजादारी कमेटी के अध्यक्ष मेंहदी नकवी

# कांठ तहसील वार्षिक बार चुनाव : नामांकन 31 जुलाई एवं पहली अगस्त, 12 अगस्त को मतदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** कांठ तहसील बार चुनाव समिति ने मंगलवार को चुनाव तिथियों की घोषणा कर दी है' तहसील बार कांठ के वार्षिक चुनाव का कार्यक्रम जारी हो गया है मतदाता सूची का प्रकाशन 29 जुलाई को होगा नामांकन शनिवार 31 जुलाई व पहली अगस्त को प्रातः 11:00 से 2:00 बजे तक होगा। नामांकन पत्रों की जांच व आपत्ति और नाम वापसी सोमवार 3 अगस्त प्रातः 11:00 से 12:00 तक जांच, आपत्ति 12:00 बजे से 2:00 बजे तक और नाम वापसी भी उसी दिन होगी। यदि आवश्यकता होगी तो बुधवार 12 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा और मतगणना 12 अगस्त को ही 3:00 बजे से परिणाम घोषित होने तक की जाएगी। इस मौके पर महावीर सिंह, चंद्रपाल सिंह,कोमल सिंह, संजीव कुमार, मरगूब, सुगम पवार,अजब सिंह सैनी, दीप सिंह बिश्नोई और शहाबुद्दीन एडवोकेट मौजूद रहे।

# अदालत के आदेश पर महिला सहित 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** पुलिस ने अदालत के आदेश पर महिला सहित 6 के खिलाफ मामला दर्ज किया है।थाना छजलैट के गांव दयनाथपुर निवासी नितिन कुमार पुत्र जयवीर सिंह का आरोप था कि उसके पिता अजय वीर पुत्र रामगोपाल सिंह मानसिक रूप से बीमार है जिन्हें भूलने की बीमारी है और इनका इलाज मनोरोग चिकित्सक के यहां चल रहा है आरोप है कि उसके पिताजी के नाम गोविंदपुर ध्यान सिंह में दो बीघा भूमि थी उसके पिता को सेरुवा निवासी देशराज नरेंद्र सिंह कुलविंदर सिंह मुन्नी व खुशीराम निवासी मोहम्मदपुर ध्यान सिंह व ज्ञानी पुत्र ओमप्रकाश निवासी दयनाथपुर ने बहला फुसलाकर उक्त जमीन का धोखाधड़ी से बैनामा मुन्नी के नाम करा लिया 18 सितंबर को सुबह करीब 10:00 बजे उक्त लोग खेत पर कब्जा करने के लिए आए उसने विरोध किया तो उन्होंने फर्जी बेनामे की कॉपी दिखाकर जमीन खरीदने जाने की बात कही। उस वक्त तो यह लोग ट्रैक्टर लेकर वापस आ गए लेकिन 26 मई को दोपहर वह कांठ तहसील से अपने घर जा रहा था जैसे ही तहसील गेट से निकला उक्त सभी लोग गाली देने लगे विरोध किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और खेत पर जाने पर जान से मारने की धमकी देने लगे शोर मचाया तो उक्त लोग चले गए थाने पर प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई आखिर में पीड़ित ने अदालत का सहारा लिया अदालत के आदेश से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

**आखिर में पीड़ित ने अदालत का सहारा लिया अदालत के आदेश से पुलिस ने मामला दर्ज किया है**

# कांठ सहित "हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा आदर्श पशु चिकित्साल्य" 3 करोड़ की आएगी लागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश के हर विधानसभा में नया आदर्श पशु चिकित्सालय खोला जाएगा। इसमें डायलिसिस, एक्सरे, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आंखों की सर्जरी, हड्डी टूटने पर ऑर्थोपेडिक सर्जरी सहित सभी सुविधाएं होंगी। चिकित्सालय पर तीन करोड़ खर्च किया जाएगा। पशुधन और दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के अनुसार प्रदेश में पहली बार इस स्तर की व्यापक योजना तैयार की गई है। इलाज के दौरान पशुओं के लिए संतुलित भोजन, साफ-सफाई और चौबीसों घंटे चिकित्सकीय निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। अस्पतालों में पूरे उपचार की प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना का विस्तार जिला स्तर से लेकर विधानसभा क्षेत्र के स्तर तक किया जाएगा।

# इमाम हुसैन की बेटी की शहादत का गम मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** 12 सफर को हजरत इमाम हुसैन की चार साल की बेटी जनाबे सकीना की शहादत का गम मनाया गया। शिया समुदाए के महिलाओं और पुरुषों के आजाखानो में मजलिसे हुई ।

बीती रात मरहूम शाहजंहा हुसैन काजमी के आजाखाने पर मजलिस हुई जिसमें गुलाम अब्बास रिजवी ने मरसिया पढ़ा तथा सिरसी से आए मौलाना सय्यद असगर जाफरी ने कहा कि कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बाद उनके परिवार को यजीदी फौज ने कैद कर लिया । इमाम हुसैन की चार साल की बेटी जनाबे सकीना अपने बाबा को याद करके रोती थी तो शाम के बच्चे कैद खाने पर आकर जनाबे सकीना से पूछते थे कि क्यो रही हो तो जनाबे सकीना उन्हे बताती थी कि मेरे बाबा को जालिमों ने कत्ल कर दिया में कई रोज की भूखी और प्यासी हो तब शाम शहर के बच्चे अपने घर जाकर अपने परिजनों को जनाबे सकीना की मुसीबत बताते थे जिससे शहर ए शाम का महौल तब्दील होने लगा और इंकेलाब आने के डर से यजीदी फौज ने कैद खाने के तहखाने में डाल दिया । जनाबे सकीना अपने बाबा को याद करके रोती रही और भूखी प्यासी कैद खाने में ही शहीद हो गई। नम आँखो के बीच अलम मुबारक शबीहे ताबूत व जुल्जिन्हा के साथ मातमी जुलूस निकला जिसमें अंजुमन अकबरी, अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अल मूर्तजा ने नौहा ख्वानी की जुलूस काजी सय्यद जैगम अली नकवी के आजाखाने पर पहुंच कर समाप्त हुआ ।





# लड़की को लाने के प्रयास में आरोपी ने की मारपीट रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई ) ।** कांठ थाना क्षेत्र के गांव कि महिला का आरोप है कि गाँव का युवक उसकी लड़की को बहला फुसला कर ले गया था परिजनों को लड़की गांव में होने की जानकारी मिली तो वह आरोपी के घर पहुंच गए और अपनी लड़की को लाने का प्रयास किया बताया गया कि वहां पर मौजूद महिला और पुरुष ने उन्हें लड़की नहीं लाने दी और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे पीड़िता थाने आई और दोनों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। दूसरी और एक गांव में रात को मां के पास सोई लड़की लापता हो गई ले जाने वाले युवक से लड़की लौटाने को कहा तो उसने धमकी देनी शुरू कर दी पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव का मामला है 20 जुलाई को मां बेटी घर पर सोई हुई थी लेकिन सुबह 3:00 बजे आंख खुली तो देखा बेटी गायब थी जानकारी की तो पता चला कि गांव का ही युवक उसे ले गया है युवक से बात हुई तो उसने लड़की वापस करने से इनकार कर दिया और पीछा करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित महिला थाने पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

**मां के पास सोई लड़की को ले गया युवक, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट**

**सावन माह में शांति और आपसी सहयोग बनाए रखने का लिया संकल्प**

# टांडा कोतवाली परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा, रामपुर (आनन्द शर्मा )।** टांडा कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक हुई जिसमें नगर के जिम्मेदार लोग उपस्थित हुए ! बैठक में समिति सदस्यों ने अपने संबोधन में लोगों से किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह करते हुए सावन माह और अन्य धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा भाईचारा और अमन चैन कायम रखने की अपील की ! बैठक में उपस्थित सभी जिम्मेदार लोगों ने सावन माह के दौरान शांति और आपसी सहयोग बनाए रखने का संकल्प लिया !

बैठक में मुख्यतः टांडा कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह, नगरपालिका अध्यक्षपति हाजी सरफराज, केशव मुनि महाराज, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद शकील, अकील उर रहमान,हाजी अब्दुल समद, सभासद साकिब,रईस,भूरा, शिवप्रसाद व हाजी अली प्रिंस सहित नगर के कई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद रहे !



**पुलिस बल तैनात** दिल्ली और अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से कुछ लोगों के पहुंचने की आशंका जिले में धारा 163 लागू

# छात्रों का धरना- प्रदर्शन खत्म होने के बाबजूद यूनिवर्सिटी गेट पर बडी संख्या में पुलिस बल तैनात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा)।** हालांकि जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर के मुख्य द्वार पर छात्रों का पिछले कई दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन डीएम के यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को तोडे जाने के आदेश पर मुरादाबाद कमिश्नर द्वारा रोक लगा दिए जाने के बाद सोमवार को देर रात समाप्त हो गया लेकिन फिर भी पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के मुताबिक जिले में धारा 163 लागू होने के मध्य नजर प्रशासन सुरक्षा को लेकर चौकन्ना है और इसी लिए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है !

**शांति व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस बल तैनात : एसपी**






प्रशासनिक सूत्रों के हवाले से मिली अपुष्ट जानकारी के अनुसार दिल्ली और अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी सहित अन्य स्थानों से कुछ लोगों के धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की आशंका के चलते शांति बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है ! बरसात का मौसम होने के बाबजूद यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर बडी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं !बताते चलें कि जौहर यूनिवर्सिटी से जुडे सभी मार्गों तिराहों और चौराहों पर पुलिस की विशेष निगरानी है !

# परख रिपोर्ट से बनेगी शिक्षा सुधार की नई रणनीति: दो दिवसीय कार्यशाला लखनऊ में शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार के लिए "परख राष्ट्रीय -सर्वेक्षण-2024 "की रिपोर्ट के आधार पर जनपदवार कार्ययोजना तैयार की जाएगी। रिपोर्ट में सामने आई कमियों और चुनौतियों के समाधान के लिए 28 और 29 जुलाई को एससीईआरटी, निशातगंज के सभागार में मंडलवार कार्यशालाएं आयोजित होंगी।कार्यशालाओं में परख-2024 के निष्कर्षों का विषयवार और कक्षावार विश्लेषण कर विद्यार्थियों के अधिगम स्तर की चुनौतियों की पहचान की जाएगी। इसके आधार पर विद्यालय स्तर पर आवश्यक शैक्षणिक हस्तक्षेप और सुधार की रणनीति तय होगी।संयुक्त निदेशक (एसएसए) डॉ. पवन सचान ने कहा कि परख-2024 केवल मूल्यांकन रिपोर्ट नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का आधार है। डेटा आधारित योजना के माध्यम से विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार और शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया जाएगा।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# टीवी सबसे बड़ा स्कूल है, लोग इसे कम क्यों समझते हैं? निहारिका चौकसे ने इंडस्ट्री की सोच पर उठाए सवाल

टेलीविजन अभिनेत्री निहारिका चौकसे इन दिनों अपने शो तुम से तुम तक को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने टेलीविजन इंडस्ट्री को लेकर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने उन लोगों पर सवाल उठाया है जो आज के समय में टीवी को फिल्मों और ओटीटी से कमतर मानते हैं। उनका कहना है कि टीवी कलाकारों के लिए सबसे बड़ा स्कूल है, जहां हर दिन कुछ नया सीखने का मौका मिलता है।

निहारिका चौकसे ने कहा, मुझे टीवी पर काम करना हमेशा पसंद आता है। अगर कोई मुझसे कहे कि मुझे रोज 14 घंटे काम करना होगा, तब भी मुझे कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुझे बिजी रहना अच्छा लगता है। मुझे समझ नहीं आता कि कुछ लोग टेलीविजन को कम क्यों आंकने लगते हैं। मेरे लिए टीवी सबसे बड़ा स्कूल है। यहां कैमरे के सामने अभिनय करना, लंबी-लंबी लाइन्स याद करना और हर परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन करना सीखने को मिलता है। उन्होंने आगे कहा, टेलीविजन में काम करना आसान नहीं होता, क्योंकि यहां कलाकारों को बहुत कम समय में अपना बेस्ट देना पड़ता है। टीवी में अगले दिन का एपिसोड प्रसारित होना होता है, इसलिए नई स्क्रिप्ट मिलते ही कलाकारों को तुरंत तैयारी करनी पड़ती है और शूटिंग भी करनी होती है। वेब सीरीज में कलाकारों को वर्कशॉप और तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिलता है, लेकिन टीवी में काम की रफ्तार कहीं ज्यादा तेज होती है। यही वजह है कि टीवी कलाकारों को हर दिन नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और लगातार मेहनत करनी पड़ती है।निहारिका चौकसे ने कहा, मनोरंजन जगत अब पहले से बेहतर दिशा में आगे बढ़ रहा है। बदलाव जीवन का सबसे बड़ा सच है और इंडस्ट्री भी समय के साथ बदल रही है। पहले टेलीविजन में महिलाओं पर आधारित कहानियां ज्यादा देखने को मिलती थीं, लेकिन अब फिल्मों में भी महिला कलाकारों को मजबूत और अहम किरदार मिलने लगे हैं। महिला प्रधान फिल्मों का अच्छा प्रदर्शन इस बात का सबूत है कि दर्शकों की सोच बदल रही है और इंडस्ट्री महिलाओं को पहले से ज्यादा अवसर दे रही है। रियलिटी शोज में आने को लेकर भी निहारिका ने कहा, अभी मैं सिर्फ काम करना चाहती हूं। रियलिटी शोज बाद में भी किए जा सकते हैं। सबसे पहले मैं अपना फैन बेस मजबूत करना चाहती हूं, ताकि जब भी किसी रियलिटी शो में हिस्सा लूं, तो जीतने के इरादे से जाऊं। उन्होंने कहा, मुझे डांस करना बेहद पसंद है, इसलिए झलक दिखला जा मेरे पसंदीदा रियलिटी शोज की लिस्ट में शामिल है। वहीं, खतरों के खिलाड़ी में हिस्सा लेने की इच्छा भी है, लेकिन उससे पहले मैं अपने डर पर काबू पाना चाहती हूं।

# किरण अब्बावरम की चेन्नई लव स्टोरी ने दो दिनों में 25.2 करोड़ रुपये कमाए

किरण अब्बावरम और साई गौरी प्रिया की फिल्म चेन्नई लव स्टोरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे अच्छे रिव्यूज मिले। रवि नंबूरी के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म को एसकेएन और साई राजेश ने प्रोड्यूस किया है। इसमें थ्रिगन और सिरी हनुमंथु भी अहम सपोर्टिंग रोल में हैं।

फिल्म ने सिर्फ दो दिनों में दुनिया भर में 25.2 करोड़ की कमाई की। शनिवार को पहले दिन की कमाई के मुकाबले अच्छी बढ़त देखी गई। रविवार को और कमाई होने की उम्मीद है, ऐसे में ट्रेड अनुमान बताते हैं कि फिल्म अपने ओपनिंग वीकेंड में 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर लेगी, जो एक शानदार शुरूआत है। मणि शर्मा के गाने और बैकग्राउंड स्कोर फिल्म की बड़ी खासियत बन गए हैं, जिससे दर्शक इसे बार-बार देखने आ रहे हैं। चेन्नई की



पृष्ठभूमि पर बनी यह युवा प्रेम कहानी तेलुगु राज्यों और विदेशों में कॉलेज के युवाओं और परिवारों को पसंद आ रही है। शुरूआती रुझानों से पता चलता है कि चेन्नई लव स्टोरी किरण की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म बन सकती है। लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया और मणि शर्मा का संगीत इसकी सफलता को बढ़ावा दे रहे हैं। अगर यही रफ्तार बनी रही, तो फिल्म का पहला हफ्ता मुनाफे वाला होगा और यह एक सरप्राइज हिट साबित हो सकती है।

# प्रभास की स्पिरिट में कैटरीना कैफ की एंट्री? 2 साल बाद एक्ट्रेस की बड़े पर्दे पर होगी वापसी?

साउथ सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म स्पिरिट इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं. कुछ महीने पहले ही दीपिका पादुकोण इस फिल्म से बाहर हो चुकी हैं, जिसके बाद फिल्म में तृप्ति डिमरी और प्रभास की जोड़ी देखने को मिलेगी. इसी बीच फिल्म से जुड़ी एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है कि एक्ट्रेस कैटरीना कैफ भी फिल्म का हिस्सा बनने वाली हैं, जो फैंस के बीच चर्चा में है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के मेकर्स कैटरीना कैफ से कैमियो के लिए बात कर रहे हैं. फिल्म में उनका स्क्रीन टाइम कम हो सकता है, लेकिन वो एक मजबूत किरदार



में दिखाई देंगी. अगर कैटरीना फिल्म में नजर आती हैं, तो ये उनके फैंस के लिए बहुत खास होने वाला है. शादी के बाद बड़े पर्दे पर वो बहुत कम दिखाई दी है और कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं पाई. इसीलिए स्पिरिट उनकी बड़ी फिल्मों में से एक हो सकती हैं. हालांकि कैटरीना या मेकर्स ने इसे लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया हैं। बता दें कि संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में नजर आने वाली थी. लेकिन न्यूज 18 शोशा के अनुसार, उन्होंने मेकर्स से 8 घंटे की शिफ्ट, 25 करोड़ फीस के अलावा फिल्म के प्रॉफिट का 10त्न की मांग की थी. इसी वजह से मेकर्स और उनके बीच बात नहीं बनी और उन्होंने फिल्म से किनारा कर लिया. इसके बाद तृप्ति डिमरी को फिल्म के लिए चुना गया और वो दीपिका से कम फीस ले रही हैं। वहीं बात करें कैटरीना की, तो उन्होंने करीब 20 साल पहले मल्लीस्वरी में वेंकटेश और अल्लारी पिडुगु में नंदामुरी बालकृष्ण के साथ तेलुगु फिल्म में काम किया था. बाद में वो बॉलीवुड फिल्मों में सक्रिय रही और आखिरी बार उन्हें 2024 में मेरी क्रिसमस फिल्म में विजय सेतुपति के साथ देखा गया।

# बॉक्स ऑफिस पर गट्टा कुश्ती 2 बनीं ऐश्वर्या लक्ष्मी की तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसर, एक और बनाया रिकॉर्ड

बॉक्स ऑफिस पर अक्सर छोटे बजट की फिल्में धाकड़ कलेक्शन करती हैं. बॉलीवुड से ज्यादा साउथ की फिल्मों का बोलबाला देखने के लिए मिल रहा है. ऐसे में तमिल की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म गट्टा कुश्ती 2 ने शानदार बिजनेस कर लिया है. फिल्म रिलीज होते ही छा गई थी. इसमें कोई बड़ी स्टारकास्ट नहीं है. अब फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया है. चलिए बताते हैं इसके बारे में.

फिल्म गट्टा कुश्ती 2 का बॉक्स ऑफिस पर जलवा देखने के लिए मिला. ऐश्वर्या लक्ष्मी की इस फिल्म ने हाईएस्ट ग्रॉसिंग की लिस्ट में एंट्री कर चुकी है. फिल्म चौथे हफ्ते भी अच्छी खासी कमाई कर रही है और रिपोर्ट के अनुसार, इसका नेट कलेक्शन 40 करोड़ के पार हो गया है और फिल्म मामन को इसे पछाड़ दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, गट्टा कुश्ती 2 ने 16 दिनों के बाद फिल्म का नेट कलेक्शन 40.69 करोड़ हो चुका है. इसने ऐश्वर्या लक्ष्मी की 2025 में आई फिल्म मामन



के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया, जिसका लाइफटाइम नेट कलेक्शन 40.20 करोड़ था. गौरतलब है कि गट्टा कुश्ती 2 की कमाई में थलापति विजय की फिल्म जन नायकन की रिलीज के बाद ब्रेक लग गया है. जन नायकन रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर गर्दा ही उड़ा दिया है. इसने तमिल ही नहीं बल्कि बॉलीवुड फिल्मों की भी छुट्टी कर दिया है.

बहरहाल, अगर फिल्म के प्रॉफिट की बात की जाए तो गट्टा कुश्ती 2 का नेट कलेक्शन 40.69 करोड़ हो चुका है और कोईमोई की रिपोर्ट के अनुसार, इसकी बजट 27 करोड़ है. इस लिहाज से फिल्म ने अच्छा खासा प्रॉफिट कमा लिया है. फिल्म ने 50.70त्न प्रॉफिट कमा लिया है।

इसके अलावा अगर फिल्म गट्टा कुश्ती 2 के बारे में बात की जाए तो ये एक स्पोर्ट्स ड्रामा तमिल फिल्म है. इसका निर्देशन निर्देशन चेल्ला अय्यावु ने किया है. फिल्म में ऐश्वर्या लक्ष्मी के साथ ही एक्टर विष्णु विशाल ने लीड रोल प्ले किया है।

# 40 वर्षों की दीवानगी: बिलासपुर के 'संजू बाबा' चुट्टू अवस्थी ने संजय दत्त की प्रशंसकता को बना दिया इतिहास

**बिलासपुर।** चार दशक... एक अभिनेता... एक वादा... और ऐसा समर्पण, जिसने एक प्रशंसक को पूरे छत्तीसगढ़ में पहचान दिला दी। अभिनेता संजय दत्त का जन्मदिन इस बार भी बिलासपुर के मध्यनगरी चौक में उनके प्रख्यात प्रशंसक चुट्टू अवस्थी ने पूरे उत्साह, भव्यता और जनसहभागिता के साथ मनाया। यह सिर्फ जन्मदिन का आयोजन नहीं, बल्कि 40 वर्षों से निभाई जा रही अटूट निष्ठा, प्रेम और समर्पण की जीवंत तस्वीर बनकर सामने आया।

लड्डू बांटे और शहर में रैली निकाली, जबकि वर्ष 2013 में अभिनेता के अस्वस्थ होने पर महामृत्युंजय जाप भी कराया। कोरोना काल में भी उनका संकल्प नहीं डिगा। उन्होंने सफाई कर्मियों और जरूरतमंद परिवारों को राशन, फल और सैनिटाइजर वितरित कर जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया। फिल्म 'संजू' के प्रदर्शन पर पूरे थिएटर की बुकिंग कर शहरवासियों को फिल्म दिखाई। वर्ष 2025 में जन्मदिन आयोजन को लेकर एफआईआर दर्ज होने के बावजूद उनका उत्साह और समर्पण नहीं




चुट्टू अवस्थी की यह अनोखी यात्रा वर्ष 1986 में फिल्म 'नाम' से शुरू हुई। इसके बाद 'फतेह' और 'खलनायक' जैसी फिल्मों ने उनके लगाव को ऐसा जुनून बनाया कि महज 15 वर्ष की उम्र में उन्होंने हर वर्ष 29 जुलाई को संजय दत्त का जन्मदिन मनाने का संकल्प लिया। तब से यह सिलसिला बिना किसी रुकावट के लगातार जारी है। समय के साथ यह आयोजन समाजसेवा का अभियान बन गया। हर नवरात्रि में मरीमाई मंदिर में संजय दत्त के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए अखंड ज्योत प्रज्वलित कराई जाती है। जन्मदिन पर अनाथालय, वृद्धाश्रम, नेत्रहीन विद्यालय और जरूरतमंदों के बीच फल, मिठाई और राशन वितरण उनकी पहचान बन चुका है। संजय दत्त की जेल से रिहाई पर उन्होंने 100 किलो डगमगाया।

आज चुट्टू अवस्थी पूरे छत्तीसगढ़ में 'संजू बाबा' के नाम से पहचाने जाते हैं। जन्मदिन समारोह में कंपनी गार्डन टाइगर ग्रुप, मध्यनगरी ग्रुप, ब्राह्मण समाज, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शहर के वरिष्ठ नागरिक और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। सभी ने उनके 40 वर्षों के समर्पण की सराहना करते हुए संजय दत्त के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

बहरहाल, चुट्टू अवस्थी ने यह साबित कर दिया कि जब किसी जुनून में सेवा, आस्था और समाज के प्रति समर्पण जुड़ जाए, तो वह केवल प्रशंसक नहीं, बल्कि अपने शहर की पहचान बन जाता है।

# बच्चों को छोटी उम्र में ही तैराकी सिखाने के मिल सकते हैं ये 5 फायदे

बच्चों को छोटी उम्र में तैराकी सिखाना एक बेहतरीन विचार हो सकता है। इससे न केवल उनका शारीरिक विकास होता है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना भी मिलती है। तैराकी सीखने से बच्चे पानी के प्रति डर को भी दूर कर सकते हैं और आपातकालीन स्थितियों में खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। इस लेख में हम 5 प्रमुख फायदों पर चर्चा करेंगे, जो बच्चों को तैराकी सिखाने से मिल सकते हैं।

**शारीरिक विकास में मददगार**

तैराकी एक ऐसी गतिविधि है, जो पूरे शरीर को सक्रिय रखती है। छोटे बच्चे जब तैराकी सीखते हैं तो उनकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं और उनका शारीरिक विकास बेहतर होता है।

इसके अलावा तैराकी से बच्चों का संतुलन और तालमेल भी सुधरता है, जिससे वे शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय और स्वस्थ रहते हैं।

नियमित तैराकी से बच्चों की शारीरिक क्षमता बढ़ती है और उनका शरीर लचीला भी बनता है।

**बढ़ता है आत्मविश्वास**

तैराकी सीखने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। जब बच्चे पानी में तैरना सीखते हैं और इसमें माहिर होते हैं तो उनका आत्मसम्मान भी बढ़ता है।



वे खुद पर विश्वास करना सीखते हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। इसके अलावा पानी में समय बिताने से बच्चे अधिक आत्मनिर्भर बनते हैं और उनकी समस्या समाधान की क्षमता भी बेहतर होती है।

इससे उनका मानसिक विकास भी होता है।

**आपातकालीन स्थितियों में खुद को रख सकते हैं सुरक्षित**

तैराकी सीखने से बच्चे आपातकालीन स्थितियों में खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। अगर कभी भी किसी तरह की दुर्घटना हो जाए या किसी को मदद की जरूरत पड़े तो बच्चे तुरंत प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

इसके अलावा तैराकी सिखाने से बच्चे पानी के प्रति जागरूक रहते हैं और उसमें सुरक्षित तरीके से समय बिताते हैं।

इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है और वे अधिक जिम्मेदारी से व्यवहार करते हैं।

**सामाजिक संबंध बनाने का मिलता है मौका**

तैराकी क्लासेस या स्विमिंग पूल पर जाकर बच्चे नए दोस्तों से मिलते हैं और सामाजिक संबंध बनाने का मौका मिलता है।

वे टीम वर्क सीखते हैं और दूसरों के साथ मिलकर काम करना जानते हैं।

इसके अलावा तैराकी सिखाने से बच्चों में सहयोग की भावना भी विकसित होती है।

इससे वे दूसरों की मदद करना और साथ मिलकर काम करना सीखते हैं।

तैराकी क्लासेस बच्चों के सामाजिक जीवन को समृद्ध बनाती हैं और उन्हें एकजुटता का अनुभव कराती हैं।

**मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी है लाभदायक**

तैराकी केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होती है। पानी में समय बिताने से मन शांत रहता है और तनाव कम होता है।

बच्चों को छोटी उम्र से ही तैराकी सिखाने से उनका मानसिक विकास भी बेहतर होता है। इससे वे अधिक संतुलित और खुश रहते हैं।

इस प्रकार बच्चों को छोटी उम्र में तैराकी सिखाना कई प्रकार से उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

## युवक मंगल दल की भूमि पर अवैध कब्जा करने की एसडीएम से शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास )।** भूमि पर दूसरे लोगों का अवैध कब्जा कराये जाने जैसे गम्भीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी से शिकायत की गई है। शिकायती पत्र मे लेखपाल की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते हुए गम्भीर आरोप लगाये हैं। रितिक पुत्र मुकेश कुमार निवासी निवासी चकिया थाना एचौड़ा कम्बोह जिला सम्भल ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र मे कहा कि मौजा चकिया मे गाटा सव0 75 रकबा 0-119 है0 अभिलेखों मे युवक मंगल दर्ज के रूप मे दर्ज है। इसी भूमि मे ग्राम के सभी लोगों की इच्छानुसार गत 50-60 साल पूर्व देची देवताओं की मूर्तियां बनी हुई है। परन्तु अवैध कब्जेदार राजवीर, रवि निरंजन के लिए लेखपाल रोहित कुमार अपनी जाति का हित करने हेतु अपनी दबंगी के बल पर उकत गाटा सं0 75 मे अपनी तरफ से रास्ता नापकर दे दिया है। विरोध किया तो लेखपाल ने धमकियां दी कि हम अनु0 जाति से जाटव है तुम्हे एस0सी0एक्ट मे अपने ही कागज फाड़कर फंसा दूंगा जबकि उक्त गाटा मेब नी देवी देवताओं की मूर्तियों को उक्त लेखपाल स्वं उखड़ने एवं उखड़वाने की धमकियां दे रहा है। शिकायत कर्ता ने पत्र मे यह भी आरोप लगाया कि रिकॉर्डिंग भी उसके पास सुरक्षित है।

# दो दिनों तक चलेगा नाला सफाई अभियान, नागरिक करें सहयोग: शैलेश तेवतिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** नगर पालिका परिषद गुलावठी के अध्यक्ष शैलेश तेवतिया ने नगरवासियों से अपील करते हुए बताया कि शहर में बरसात के मौसम को देखते हुए अगले दो दिनों तक

### चेयरमैन ने बरसात में बच्चों को नालों और बिजली के खंभों से दूर रखने की अपील

विशेष नाला सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जलभराव की समस्या को कम करना तथा शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना है।

नगर पालिका अध्यक्ष ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सफाई कार्य के दौरान नालों के आसपास अतिक्रमण या



कूड़ा-करकट न डालें, जिससे सफाई कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त शहर बनाने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

शैलेश तेवतिया ने बरसात के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को खुले नालों और जलभराव वाले स्थानों से दूर रखने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान बिजली के खंभों, टूटे हुए तारों तथा अन्य विद्युत उपकरणों से भी दूरी बनाए रखें, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे सफाई अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखते हुए सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# योगी सरकार में जल संरक्षण बना जन आंदोलन, यूपी ने हासिल किया संयुक्त राष्ट्र का छठवां सतत विकास लक्ष्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**लखनऊ।** कभी जल संकट और गिरते भूजल स्तर की चुनौती से जूझने वाला उत्तर प्रदेश आज जल संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया गया। इसी क्रम में यूपी, संयुक्त

### रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग जल संरक्षण का मजबूत आधार, 35 हजार से अधिक भवनों पर प्रणाली स्थापित

राष्ट्र के छठवें सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी-6) को हासिल कर चुका है। यूपी में जल दोहन की दर 2017 के 71.26 प्रतिशत से घटकर 70 प्रतिशत हो गई है, जो कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य का मानक है। यह उपलब्धि जल संरक्षण के लिए सम्मलित प्रयासों से मिली है।

भूजल गर्भ विभाग निदेशक डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि भूजल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन, आधुनिक तकनीक के सम्मलित प्रयासों ने प्रदेश को जल सरंक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धियां दिलाई हैं। प्रदेश सरकार और विभाग के प्रयासों का सबसे बड़ा परिणाम भूजल पुनर्भरण में वृद्धि के रूप में सामने आया है। वर्ष 2017 में प्रदेश का वार्षिक भूजल रिचार्ज 69.91 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) था, जो वर्ष 2025 तक बढ़कर 73.39 बीसीएम हो गया। वहीं भूजल दोहन की दर 71.26 प्रतिशत से घटकर 70 प्रतिशत पर पहुंच गई, जिससे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी-6) को प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश सफल रहा।

**प्रदेश में अतिदोहित विकासखंडों की संख्या हुई कम**



उन्होंने बताया कि प्रदेश में जल संरक्षण अभियानों का असर अतिदोहित क्षेत्रों में भी दिखाई पड़ा। वर्ष 2017 में प्रदेश में 82 अतिदोहित विकासखड थे, जिनकी संख्या घटकर 44 रह गई। वहीं सुरक्षित श्रेणी के विकासखंडों की संख्या 540 से बढ़कर 563 हो गई। यह परिवर्तन वैज्ञानिक भूजल प्रबंधन व योजनाबद्ध कार्यों की वजह से संभव हो पाया।

**अभियान बना भूजल रिचार्ज की ताकत**

'कैच द रेन' अभियान के तहत वर्ष 2021 से 2025 के बीच 3.39 लाख वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गईं, 1.34 लाख पारंपरिक जल निकायों का पुनर्जीवन किया गया, 14.38 लाख जलग्रहण क्षेत्र विकास कार्य हुए। साथ ही 1.33 लाख भूजल पुनर्भरण एवं पुनः उपयोग से जुड़ी संरचनाएं विकसित की गईं। इन प्रयासों ने वर्षा जल संचयन व भूजल रिचार्ज को नई गति दी।

**2 मीटर तक बढ़ा भूजल स्तर**

डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अटल भूजल योजना ने भी सकारात्मक बदलाव में अहम भूमिका निभाई। 26 विकासखंडों में ग्राम पंचायत आधारित वाटर सिक्योरिटी प्लान लागू किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कई क्षेत्र अतिदोहित या सेमी-क्रिटिकल श्रेणी से सुरक्षित श्रेणी की ओर बढ़े। एक स्वतंत्र अध्ययन में 550 ग्राम पंचायतों में से 303 पंचायतों में भूजल स्तर में 0.5 से 2 मीटर तक सुधार दर्ज किया गया।

**रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग से लाभ**

योगी सरकार ने रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग को सरकारी एवं अर्धसरकारी भवनों पर भी व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया। प्रदेश में 1,05,593 उपयुक्त भवनों की पहचान की गई, जिनमें से 35,206 भवनों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की जा चुकी है। भूगर्भ जल विभाग द्वारा 227 भवनों पर प्रणाली स्थापना से प्रतिवर्ष लगभग 4252.80 लाख लीटर संभावित भूजल पुनर्भरण क्षमता भी विकसित की गई है।

**करोड़ों लीटर भूजल रिचार्ज क्षमता बढ़ी**

योगी सरकार में लगभग सभी विभागों ने जल संरक्षण अभियान को प्राथमिकता में शामिल किया। इसके तहत पिछले कुछ वर्षों में लघु सिंचाई विभाग ने 6,627 चेकडैम का निर्माण किया, जिनकी भंडारण क्षमता 14 हजार करोड़ लीटर व भूजल रिचार्ज क्षमता 10 हजार करोड़ लीटर प्रतिवर्ष है। इसके साथ ही 1,417 तालाबों का जीर्णोद्धार किया, जिसकी भूजल रिचार्ज क्षमता 1,400 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष है।

# जाति व धर्म आधारित कार्रवाई के खिलाफ जारी रहेगा आदर्श लोग दल का संघर्ष : शाकिर अली उस्मानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** उत्तर प्रदेश का आदर्श लोकदल समाजवादी पार्टी की सरकार में कद्दाबर पूर्व मंत्री रहे आजम खान के मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्व विद्यालय के साथ ही दिल्ली दंगे के आरोपित 6 साल से जेल में बंद शरजिल इमाम व उमर खालिद के पक्ष में मैदान में आ गया है। आदर्श लोकल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष समाज सेवी शाकिर अली अली उस्मानी ने इसके लिए यहां के जिलाधिकारी के माध्यम सेराष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा है।

राष्ट्रपति को भेजे गए इस ज्ञापन में हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में चुनाव जीतने की हद तक मजबूत पकड़ रखने के साथ ही हर किसी के सुख-दुख में सदैव खड़े होने वाले, जन समस्याओं के खिलाफ शुरू से ही अग्रणी जुझारू तेवरों वाले

तेजतर्रार और व्यवहार कुशल आदर्श लोक दल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शाकिर अली उस्मानी ने जौहर विश्वविद्यालय के 38 कमरों को डिमोलिस



नहीं किये जाने के साथ ही जेल में बंद दिल्ली दंगे के आरोपी शरजिल इमाम व उमर खालिद को तत्काल रिहा किये जाने, दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा को दिल्ली दंगे का साजिशकर्ता और मुख्य आरोपी बताते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने, पूरे देश में गौहत्या पर और बीफ के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने ,मस्जिद, मजार, मदरसे व मकबरों को सरकारी जमीन बताकर उस पर चलाए जा रहे बुलडोजर को रोकने, चारागाहों व तालाबों को अवैध कब्ज से मुक्त कराकर पशुओं के चरने व पीने के लिए पानी की व्यवस्था किए जाने ,जाति व धर्म के आधार पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई पर तत्काल अंकुश लगाने आदि की भी मांग की है।

आदर्श लोक दल के यूपी अध्यक्ष शाकिर अली उस्मानी ने राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में आगे यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश के सभी इण्टर व डिग्री कालेज व विश्वविद्यालय नक्शे के अनुरूप नहीं बने हैं। ऐसे में उ०प्र० सरकार के

अधिकारियों द्वारा रामपुर के जिलाधिकारी, रामपुर विकास प्राधिकरण, बरेली मण्डल के मण्डलायुक्त द्वारा जानबूझ कर जो डिमोलिश का फरमान जारी किया हे, उसे तत्काल छात्रों के भविष्य को देखते हुए वापस ले लेना चाहिए। उन्होंने अभी चेतावनी दी कि अगर उनकी यह सभी मांगे नहीं मानी गई तो उनका संगठन आदर्श लोकदल अपना आंदोलन तब तक जारी रखेगा जबतक उसकी सभी न्यायोचित मांगे पूरी नहीं हो जाएंगी।

### प्रणेता साहित्य न्यास के वार्षिकोत्सव में 'प्रेम के रंग हजार' का लोकार्पण, साहित्य साधकों का हुआ सम्मान

# प्रेम, विश्वास और संवाद ही समाज की वास्तविक शक्ति : डॉ. शंभु पंवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रणेता साहित्य न्यास के अष्टम वार्षिकोत्सव, 'श्रीमती एवं श्री खुशहाल सिंह पयाल स्मृति सम्मान समारोह' तथा साझा काव्य संकलन 'प्रेम के रंग हजार' के लोकार्पण का भव्य आयोजन गुरुग्राम स्थित प्रतिष्ठित द एस्टर्स विद्यालय में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। साहित्य, सम्मान और सृजन के इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए साहित्यकारों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

प्रणेता साहित्य न्यास के संस्थापक अध्यक्ष एस. जी. एस. सिसोदिया के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन न्यास की महासचिव शकुंतला मित्तल का रहा।

लोकार्पण के उपरांत विश्व रिकॉर्डधारी, प्रख्यात पत्रकार एवं साहित्यकार डॉ. शंभु पंवार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि साझा काव्य संग्रह 'प्रेम के रंग हजार' का शीर्षक ही मानवता का सबसे बड़ा संदेश देता है। प्रेम वह शक्ति है जो बिखरते परिवारों को जोड़ने



और समाज को सशक्त बनाने का सामर्थ्य रखती है। उन्होंने कहा कि आज संसाधनों की नहीं, बल्कि संवेदनाओं की कमी दिखाई देती है। रिश्ते रक्त से नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, सम्मान, संवाद और समर्पण से जीवंत रहते हैं। यदि परिवारों में संवाद और संस्कार जीवित रहें तो समाज स्वतः ही सशक्त, समृद्ध और संस्कारित बन जाएगा। उन्होंने सभी से प्रेम, विश्वास और संवेदनशीलता की इस अमूल्य विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि के रूप में सी.सी.ए. स्कूल की निदेशक एवं प्राचार्या श्रीमती निर्मल यादव, विशिष्ट अतिथियों में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा, डॉ. सैयद अली अख्तर नकवी, डॉ. वनिता शर्मा तथा पुष्पा शर्मा 'कुसुम' ने भी समारोह को संबोधित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं प्रणेता साहित्य न्यास के कोषाध्यक्ष अशोक पाहुजा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। अपने स्वागत उद्बोधन में एस. जी. एस. सिसोदिया ने प्रणेता साहित्य न्यास की साहित्यिक यात्रा, उपलब्धियों तथा समाज में साहित्य की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर देशभर के 52 रचनाकारों की रचनाओं से सुसज्जित साझा काव्य संकलन 'प्रेम के रंग हजार' का मंचासीन अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया गया। संकलन की संपादक शकुंतला मित्तल ने संपादकीय वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए साहित्य को सामाजिक संवेदनाओं का सशक्त माध्यम बताया। काव्य कुमुद प्रकाशन के प्रकाशक राजीव त्रिपाठी ने उन्हें 'साहित्य विभूषण सम्मान' से सम्मानित किया। वहीं प्रणेता साहित्य न्यास का सर्वोच्च 'काव्य रत्न सम्मान' भी साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें प्रदान किया गया।

# 20 वाहन बन्द 27 के काटे गए चालान लगाया गया ढाई लाख का जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** मानकों की अनदेखी कर रोड पर दौड़ने वाले स्कूली आदि वाहनो के खिलाफ एआरओओ अमिताभ चतुवेर्दी के नेतृत्व मे अभियान चलाया गया। मंगलवार को परिवहन विभाग के सहायक संभगीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं यात्री का अधिकारी योगेंद्र के द्वारा चलाए गए दिनभर अभियान में पूरे जनपद में अलग-अलग स्थान में जो कि थाना बनिया ढेर, चौकी नरौली, चौकी मोहम्मदपुर टांडा, परियावली चौकी थाना रायसत्ती, मंडी चौकी थाना संभल में कुल 20 वाहन बंद किए गए और 27 वाहनों के चालान किए गए और इन वाहनों पर ढाई लाख का जुमार्ना आरोपित किया गया। इन वाहनों में ओवरलोड ट्रक, ईंट ढोने वाले ट्रैक्टर, सरिया ढोने वाले ट्रैक्टर, ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा, छोटे ट्रक यह सभी शामिल हैं, ऐसे भी वाहन शामिल है। जिसमें प्रपत्र पूरे नहीं पाए गए किसी की फिटनेस समाप्त है किसी का परमिट समाप्त है किसी का इंश्योरेंस नहीं है किसी पर लाइसेंस नहीं है इस तरह के वाहनों का विभिन्न स्थानों में अभियान चला कर चालान एवं सीजर की कार्रवाई की गई।

# श्रावण मास में सुएज इंडिया का विशेष सफाई अभियान, कांवड़ यात्रा मार्गों पर सीवर मैनहोल की हो रही नियमित सफाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा, सावन मेला एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए सुएज इंडिया ने शहर में विशेष सफाई अभियान शुरू किया है। अभियान का उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की गंदगी या जलभराव का सामना न करना पड़े।

मानसून के दौरान शहर के कई क्षेत्रों में नालियां सीवर मैनहोल से जुड़ी होने के कारण अपशिष्ट पदार्थ सीवर नेटवर्क में पहुंच जाते है, जिससे सीवर जाम होने और जलभराव की



स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस चुनौती से निपटने के लिए सुएज इंडिया की टीम लगातार सीवर मैनहोल की सफाई कर उनमें जमा अपशिष्ट पदार्थों को निकालने का कार्य कर रही है।

महाप्रबंधक, जलकल विभाग के निदेर्शानुसार जलकल विभाग एवं सुएज इंडिया की संयुक्त टीमें पूरे श्रावण मास के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाकर कांवड़ यात्रा मार्गों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुविधा और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रायबरेली के बगहा ग्राम सभा में 'दलित चौपाल' एवं 'सदस्यता अभियान' का सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/रायबरेली।** जनपद की ग्राम सभा बगहा में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा 'दलित चौपाल' एवं 'सदस्यता अभियान' का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्री अभय सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री अरविन्द पासवान जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व जिलाध्यक्ष श्री अभय सिंह, विधानसभा अध्यक्ष श्री अमित पासी, जिला महासचिव श्री सच्चेलाल पासी तथा प्रदेश महासचिव श्री सुनील सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास्तव जी,प्रदेश महासचिव माननीय श्री शारदा श्रीवास्तव जी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दलित, शोषित, पिछड़े एवं वंचित समाज की समस्याओं को सुनना, उन्हें संगठन से जोड़ना



तथा सदस्यता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना था। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविन्द पासवान जी ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा तथा अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं कार्यकताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा अनेक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दलित चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान हेतु पार्टी नेतृत्व ने हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### तिरंगा यात्रा

### 12 अगस्त को सदर बाजार में निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा, हर दुकान पर लहराएगा राष्ट्रध्वज

# "हर घर तिरंगा, हर दुकान तिरंगा" अभियान को सफल बनाएंगे सदर बाजार के व्यापारी : परमजीत सिंह पम्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के "हर घर तिरंगा" अभियान से प्रेरित होकर सदर बाजार में 12 अगस्त को एक भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित करने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस अभियान के अंतर्गत पूरे सदर बाजार की विभिन्न माकेटों को तिरंगे की रंगत से सजाया जाएगा और व्यापारियों के साथ मिलकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया जाएगा।

सदर बाजार के वरिष्ठ व्यापारी नेता एवं नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए जल्द ही सदर बाजार की सभी माकेटों और व्यापारी संगठनों की एक बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें यात्रा की रूपरेखा, मार्ग और कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में अधिक से अधिक व्यापारियों और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। परमजीत सिंह



पम्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया "हर घर तिरंगा" अभियान देशवासियों में राष्ट्रप्रेम, एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक मजबूत करने का माध्यम बना है। सदर बाजार के व्यापारी भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी-अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएंगे तथा पूरे बाजार को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग देंगे।

पम्मा ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन-बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

पम्मा ने सभी व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपील की कि वे 12 अगस्त की तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होकर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रगौरव का संदेश दें तथा "हर घर तिरंगा, हर दुकान तिरंगा" अभियान को सफल बनाएं।

# मौ0 आरिफ उर्फ सोनू सैफी को सैफी संघर्ष समिति का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सैफी संघर्ष समिति (पंजीकृत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन सैफी ने दिल्ली के मुस्तफाबाद निवासी मो. आरिफ उर्फ सोनू सैफी को संगठन का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए संगठन की ओर से नई जिम्मेदारी दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन सैफी ने कहा कि संगठन समाज के हितों की रक्षा, शिक्षा, सामाजिक एकता एवं जनकल्याण के कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मो. आरिफ उर्फ सोनू सैफी अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संगठन को दिल्ली में और अधिक मजबूत करेंगे तथा समाज के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मो. आरिफ उर्फ सोनू सैफी ने संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचार धारा के अनुरूप समाज सेवा एवं संगठन विस्तार के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन महासचिव सलीम सैफी, डॉ. इमरान, सलाहकार अखलाक प्रधान, हाजी नदीम, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रियाज सैफी, उस्मान सैफी, फरीद सैफी सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267